वर्ष 69 ▸ अंक 244 ▸ पृष्ठ 12
भोपाल, मंगलवार 02 जून, 2026
ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 02, विक्रम संवत् 2083
महानगर ▸ मूल्य 5 रुपए

# दैनिक जागरण

www.dainikjagranmpcg.com

व्यक्तिगत स्वार्थ से ऊपर उठकर समाज की बेहतरी के लिए कार्य करना ही राजनीतिक का मुख्य उद्देश्य है।

–अरस्तु

## त्विषा केसः रीक्रिएशन में पति ने उठाया शव, सास ने खोला फंदा

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** रिटायर्ड जज गिरिबाला सिंह के बाग मुगालिया एक्सटेंशन क्षेत्र के कटारा हिल्स स्थित घर में सोमवार को एक बार फिर वही माहौल था, जिसमें उनकी बहू एक्ट्रेस त्विषा शर्मा की 12 मई को संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। पति समर्थ ने पैर पकड़कर 76 किलो वजनी त्विषा की बॉडी को ऊपर उठाया तो सास गिरिबाला ने स्टूल पर चढ़कर फंदा खोला।

असल में यह सब सीबीआई की जांच का हिस्सा था। सीबीआई ने राजधानी के चर्चित त्विषा प्रकरण की वैज्ञानिक पड़ताल का दायरा बढ़ा दिया है। सोमवार को जांच टीम त्विषा की सास और पूर्व जज गिरिबाला व पति समर्थ को लेकर उनके बंगले पर पहुंची। इसके बाद सीबीआई ने




त्विषा की मौत की गुत्थी सुलझाने के लिए सीबीआई ने घटनास्थल पर सीन रीक्रिएट किया था। सीबीआई टीम के मेंबर मां-बेटे के हर एक्शन-रीएक्शन की मॉनीटरिंग करते रहे।

सीन रीक्रिएशन किया, जो इस मामले में अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई मानी जा रही है। जांच पुख्ता करने के लिए सीबीआई टीम अपने साथ एक डमी लेकर पहुंची थी, जिसमें रेत भरकर और पांव में डंबल बांधकर त्विषा के वजन के बराबर 76 किलो का किया गया। सीबीआई ने डमी को फंदे पर लटकाया और समर्थ और गिरिबाला सिंह को वही प्रक्रिया दोहराने के लिए कहा, जो उन्होंने घटना वाली रात अपनाई थी। समर्थ ने डमी को पैरों से ऊपर उठाया, गिरिबाला ने स्टूल पर चढ़कर फंदा ढीला किया। टीम ने इस पूरी प्रक्रिया की बारीकी से वीडियोग्राफी की है, ताकि बयानों और मौके के हालात का मिलान किया जा सके।

सीबीआई को दोबारा किए पोस्टमार्टम की रिपोर्ट मिल गई है। फिलहाल एजेंसी इस रिपोर्ट पर चुप्पी साधे है। माना जा रहा है कि इसमें मौत के कारणों को लेकर बड़े खुलासे हो सकते हैं। सीबीआई ने उस डॉक्टर को भी तलब किया है, जिसने त्विषा को गर्भपात की सलाह दी थी, साथ ही एजेंसी समर्थ की फरारी में मदद करने वालों के पते जुटा रही है।

**आज खत्म होगी रिमांडः** समर्थ और गिरिबाला की रिमांड मंगलवार को खत्म हो रही है और उन्हें दोपहर दो बजे से पहले भोपाल कोर्ट में पेश किया जाएगा। सूत्रों के अनुसार समर्थ और गिरिबाला की ओर से सहयोग न मिलने के कारण कोर्ट में रिमांड अवधि बढ़ाने की मांग की जाएगी। पूछताछ के दौरान गिरिबाला ने घबराहट की शिकायत की, लेकिन सोमवार को मेडिकल चेकअप में उनका बीपी सामान्य पाया गया। सीबीआई ने रविवार देर रात गिरिबाला और समर्थ से त्विषा के साथ मारपीट को लेकर सवाल किए। इस दौरान गिरिबाला ने कहा कि वह बयान पुलिस को दे चुकी हैं और केस डायरी में इसका विवरण है। समर्थ ने कहा कि वह त्विषा से किसी तरह की मारपीट नहीं करता था।




आरसीबी ने लगातार आईपीएल ट्रॉफियाँ जीतीं!

### ऑफ बीट

### लाखों रुपए का मिलता है तरबूज का एक पीस



*भारत में गर्मियों के दौरान तरबूज आमतौर पर 20 से 40 रुपए प्रति किलो तक मिल जाता है। इसे गरीबों के खास फल के रूप में जाना जाता है, लेकिन जापान में एक ऐसा तरबूज भी है जिसकी कीमत लाखों रुपये तक पहुंच जाती है। इसका नाम डेंसुके तरबूज है। यह खास तरबूज जापान के होकाईडो द्वीप के तोहमा क्षेत्र में उगाया जाता है। प्रीमियम गुणवत्ता वाले डेंसुके तरबूज की कीमत नीलामी में लगभग 6,100 अमेरिकी डॉलर (करीब 5 से 6 लाख रुपये) तक पहुंच चुकी है। हालांकि सामान्य डेंसुके तरबूज भी हजारों रुपये में बिकते हैं और इन्हें अक्सर विशेष उपहार या प्रतिष्ठा के प्रतीक के रूप में खरीदा जाता है। इस तरबूज में विटामिन ए और सी, एंटीऑक्सीडेंट, मिनरल्स, भरपूर पानी पाया जाता है, जिससे यह स्वाद के साथ-साथ स्वास्थ्य के लिए भी लाभकारी माना जाता है। इसकी सबसे बड़ी पहचान इसका चमकदार काला छिलका है।*

**प. एशिया संकटः तेहरान बोला- इजराइल ने किया युद्धविराम का उल्लंघन**

## लेबनान पर हमलों के विरोध में ईरान ने अमेरिका से वार्ता रोकी

**तेहरान/ वॉशिंगटन/ तेल अवीव, जेएनएन।** पश्चिम एशिया में तनाव फिर खतरनाक मोड़ पर पहुंचता दिख रहा है। ईरान ने लेबनान में इजराइल की सैन्य कार्रवाई के विरोध में अमेरिका से चल रही वार्ताओं को निलंबित करने का ऐलान किया है। ईरानी सरकारी मीडिया के अनुसार तेहरान का कहना है कि लेबनान पर इजराइली हमले युद्धविराम का स्पष्ट उल्लंघन हैं और ऐसे माहौल में अमेरिका के साथ बातचीत जारी रखना संभव नहीं है।

ईरान के इस कदम से अमेरिका और ईरान के बीच संभावित समझौते की उम्मीदों को बड़ा झटका लगा है। दोनों देशों के बीच हाल के सप्ताहों में परमाणु कार्यक्रम, होर्मुज जलडमरूमध्य और क्षेत्रीय सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर बातचीत चल रही थी। तनाव की ताजा वजह लेबनान की राजधानी बेरूत के दक्षिणी उपनगर दहियेह पर इजराइल का हमला बना। यह इलाका ईरान समर्थित संगठन हिज्बुल्लाह का प्रमुख गढ़ माना जाता है।

इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने सेना को दहियेह क्षेत्र पर कार्रवाई के निर्देश दिए थे। इसके बाद इजराइली सेना ने इलाके को खाली करने की चेतावनी जारी की और कई ठिकानों पर हमले किए। इजराइल का दावा है कि हिज्बुल्लाह लगातार उसके उत्तरी क्षेत्रों और सैन्य ठिकानों पर रॉकेट हमले कर रहा है। इसलिए यह कार्रवाई सुरक्षा कारणों से की गई। वहीं ईरान और हिज्बुल्लाह इसे युद्धविराम का उल्लंघन बता रहे हैं। गौरतलब है कि ईरान और अमेरिका के बीच पिछले कुछ समय से बातचीत चल रही थी।



**युद्धविराम के बावजूद जारी रहे हमले**

*17 अप्रैल को इजराइल-लेबनान में युद्धविराम लागू हुआ था। हालांकि इसके बाद भी दोनों पक्षों के बीच हमले रुक नहीं पाए।*

- 31 मई तक इजराइली सेना ने लेबनान में 514 हवाई हमले किए। यह पिछले सप्ताह की तुलना में 57 प्रतिशत अधिक है।
- हिज्बुल्लाह ने भी उसी अवधि में इजराइल और उसकी सेना के खिलाफ 227 हमलों की जिम्मेदारी ली, जो पिछले सप्ताह की तुलना में 41 प्रतिशत अधिक है।
- लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार 2 मार्च से अब तक इजराइली हमलों में कम से कम 3,433 लोगों की मौत हो चुकी है और 10,395 लोग घायल हुए हैं।

### बाब-अल-मंदेब स्ट्रेट पर भी मंडराया खतरा

ईरानी मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि तेहरान और उसके सहयोगी अब बाब-अल-मंदेब जलडमरूमध्य सहित अन्य मोर्चों को सक्रिय करने पर विचार कर रहे हैं। लाल सागर के दक्षिणी छोर पर स्थित यह समुद्री मार्ग यूरोप और एशिया को जोड़ने वाले सबसे व्यस्त व्यापारिक रास्तों में से एक है। दुनिया के लगभग 15 प्रतिशत समुद्री व्यापार का आवागमन इसी मार्ग से होता है। यदि यह मार्ग प्रभावित होता है तो वैश्विक व्यापार, तेल आपूर्ति और शिपिंग उद्योग को भारी नुकसान हो सकता है।

### ईरान के रडार, ड्रोन ठिकानों पर अमेरिकी हमला

इधर, अमेरिकी सेना ने दावा किया कि उसने ईरान के गोरुक और केश्म द्वीप पर स्थित रडार तथा ड्रोन कंट्रोल केंद्रों को निशाना बनाकर सैन्य कार्रवाई की है। यह हमला ईरान की हालिया 'आक्रामक गतिविधियों' के जवाब में किया गया। दूसरी ओर, ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने दावा किया है कि उसने उस एयरबेस को निशाना बनाया जिसका उपयोग अमेरिकी सेना ने सीरिक द्वीप के पास अपने सैन्य अभियानों में किया था। दोनों देशों के बीच सीधे सैन्य टकराव की ये घटनाएं ऐसे समय में सामने आई हैं जब आधिकारिक रूप से युद्धविराम लागू है। इसी बीच मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि राष्ट्रपति मसूद पजशकियान ने इस्तीफा दे दिया है। हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

**महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा बैठक**

## नक्सलवाद की तरह कुपोषण का भी करें खात्माः मुख्यमंत्री

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने प्रदेश में कुपोषण के खिलाफ व्यापक और समन्वित अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि जिस तरह केंद्र और राज्य सरकारों ने संयुक्त रणनीति बनाकर नक्सलवाद को खत्म करने की दिशा में प्रभावी कार्रवाई की है, उसी तरह कुपोषण को समाप्त करने के लिए भी सभी संबंधित विभागों को मिलकर काम करना होगा।

महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने हाल ही में जगदलपुर में आयोजित मध्य क्षेत्रीय परिषद की बैठक में देशभर में कुपोषण उन्मूलन अभियान चलाने की आवश्यकता पर जोर दिया था। इसी के अनुरूप मध्यप्रदेश में महिला एवं बाल विकास, स्वास्थ्य और आयुष विभाग को समन्वय बनाकर कार्य करना चाहिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि महिलाओं और बच्चों के कल्याण से जुड़ी योजनाओं के क्रियान्वयन में अधिक से अधिक जनभागीदारी सुनिश्चित की जाए। साथ ही इन योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार भी किया जाए ताकि जरूरतमंद लोगों तक उनका लाभ पहुंच सके। उन्होंने निर्देश दिए कि बच्चों और महिलाओं के पोषण स्तर में सुधार के लिए चलाए जा रहे कार्यक्रमों में स्वास्थ्य विभाग, स्कूल शिक्षा विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के अलावा निजी अस्पतालों और सामाजिक संस्थाओं को भी जोड़ा जाए। अन्य राज्यों और जिलों में चल रहे सफल नवाचारों का अध्ययन कर उन्हें प्रदेश में लागू करने की कार्ययोजना तैयार करने के भी निर्देश दिए गए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जमीनी स्तर पर बेहतर कार्य करने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रोत्साहित किया जाए, जबकि लापरवाही बरतने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। बैठक में जानकारी दी गई कि प्रदेश में 5 से 6 वर्ष आयु वर्ग के 9 लाख 28 हजार बच्चों के लिए विद्यारंभ कार्यक्रम आयोजित किया गया। सभी बच्चों को विद्यारंभ प्रमाण-पत्र प्रदान कर स्कूलों में उनका सहज प्रवेश सुनिश्चित किया गया। इस नवाचार को राष्ट्रीय स्तर पर भी सराहना मिली है।



### कामकाजी महिलाओं के लिए बनेंगे हॉस्टल

बैठक में मुख्यमंत्री ने औद्योगिक क्षेत्रों में कार्यरत महिलाओं की सुविधाओं पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि जिन औद्योगिक इकाइयों में महिला कर्मचारियों की संख्या अधिक है, वहां पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) मॉडल पर वर्किंग वुमेन हॉस्टल बनाने की योजना तैयार की जाए। बैठक में बताया गया कि देवास, नर्मदापुरम, झाबुआ और सिंगरौली में कामकाजी महिलाओं के लिए हॉस्टल निर्माण का कार्य शुरू हो चुका है।

### वन स्टॉप सेंटर से हजारों को मदद

महिला उत्पीड़न की शिकार महिलाओं को सहायता उपलब्ध कराने के लिए पांढुर्णा, मऊगंज, मैहर, पेटलावद, इंदौर, सांवेर, मनावर और पीथमपुर सहित कई स्थानों पर नए वन स्टॉप सेंटर स्वीकृत किए गए हैं। चाइल्ड हेल्पलाइन के माध्यम से प्रदेश में 51 जिला स्तरीय और एक राज्य स्तरीय केंद्र संचालित किए जा रहे हैं। इनके जरिए अब तक 66 हजार से अधिक बच्चों को सहायता प्रदान की जा चुकी है। वहीं जोखिमग्रस्त बच्चों की पहचान और मैपिंग का कार्य 13 जिलों में जारी है।

### संक्षिप्त खबरें

### सुप्रीम कोर्ट को मिले पांच नए न्यायाधीश

**नई दिल्ली, जेएनएन।** देश की सर्वोच्च अदालत में पांच नए न्यायाधीशों की नियुक्ति का रास्ता साफ हो गया है। राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु ने सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम की सिफारिशों को मंजूरी देते हुए नियुक्तियों पर मुहर लगा दी है। केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्रालय ने सोमवार को इसकी अधिसूचना जारी कर दी। नवनियुक्त न्यायाधीशों में जस्टिस चंद्रशेखर (बॉम्बे हाईकोर्ट), जस्टिस शील नागू (पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट), जस्टिस संजीव सचदेवा (मध्य प्रदेश हाईकोर्ट) और जस्टिस अरुण पल्ली (जम्मू-कश्मीर एवं लद्दाख हाईकोर्ट) शामिल हैं। इसके अलावा वरिष्ठ अधिवक्ता वी सुब्रह्मणि मोहाना को भी सुप्रीम कोर्ट का न्यायाधीश नियुक्त किया गया है। मोहाना उन चुनिंदा लोगों में शामिल हैं जिन्होंने वकालत से सीधे सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश बनने तक का सफर तय किया है। केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने एक्स पर सभी को शुभकामनाएं दीं।

### राज्यसभा की 27 सीटों के लिए 18 को मतदान

**नई दिल्ली, जेएनएन।** पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव संपन्न होने के बाद चुनाव आयोग ने राज्यसभा की 27 सीटों और तीन राज्यों की विधान परिषदों के चुनाव कार्यक्रम की घोषणा कर दी है। आयोग ने सोमवार से नामांकन प्रक्रिया शुरू करने के लिए अधिसूचना जारी कर दी है। राज्यसभा की कुल 27 सीटों पर चुनाव होंगे, जिनमें तीन सीटों पर उपचुनाव और शेष सीटों पर सदस्यों का कार्यकाल पूरा होने के कारण मतदान कराया जाएगा। इसके साथ ही बिहार और कर्नाटक समेत तीन राज्यों की विधान परिषदों के लिए भी चुनाव कराए जाएंगे। चुनाव आयोग के अनुसार, बिहार विधान परिषद की नौ सीटों पर नियमित चुनाव और एक सीट पर उपचुनाव होगा। वहीं कर्नाटक विधान परिषद की सात सीटों के लिए मतदान कराया जाएगा। चुनाव प्रक्रिया के संचालन के लिए रिटर्निंग ऑफिसर और सहायक रिटर्निंग ऑफिसरों की नियुक्ति भी कर दी गई है।

**ऑनलाइन सट्टेबाजीः अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई**

## 17 ठिकानों पर ईडी की छापेमारी कर्नाटक में 8,750 लिंक ब्लॉक

**जयपुर/मुंबई, जेएनएन।** देशभर में ऑनलाइन सट्टेबाजी और अवैध जुए के नेटवर्क के खिलाफ एजेंसियों ने बड़ी कार्रवाई शुरू की है। एक ओर कर्नाटक साइबर कमांड ने ऑनलाइन सट्टेबाजी से जुड़े 8,750 लिंक और वेबसाइटों को ब्लॉक कर अब तक की सबसे बड़ी डिजिटल कार्रवाई की है, वहीं दूसरी ओर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने साइप्रस स्थित अवैध ऑनलाइन सट्टेबाजी प्लेटफॉर्म 'परिमैच' से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में राजस्थान समेत छह राज्यों में 17 ठिकानों पर छापेमारी की है।




ईडी के मुंबई क्षेत्रीय कार्यालय ने 26 मई को महाराष्ट्र, राजस्थान, दिल्ली, गुजरात, दमन और उत्तर प्रदेश में एक साथ तलाशी अभियान चलाया। यह कार्रवाई धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के तहत की गई। जांच के दौरान एजेंसी ने लगभग 1.56 करोड़ रुपये की चल संपत्ति जब्त की, जिसमें करीब 1.2 करोड़ रुपये नकद शामिल हैं। इसके अलावा विभिन्न बैंक खातों में जमा लगभग 3.8 करोड़ रुपये की राशि फ्रीज कर दी गई है। कई डिजिटल उपकरण, मोबाइल फोन, हार्ड डिस्क और आपत्तिजनक दस्तावेज भी जब्त किए गए हैं। जांच की शुरुआत मुंबई साइबर पुलिस द्वारा दर्ज एफआईआर के आधार पर की गई थी।

**राइट टू बी फॉरगॉटन**

### गूगल, इंडियन कानून से हटेंगे नाम आधारित सर्च

**नई दिल्ली, जेएनएन।** डिजिटल युग में निजता के अधिकार को लेकर दिल्ली हाईकोर्ट ने एक महत्वपूर्ण फैसला सुनाते हुए गूगल और कानूनी डेटाबेस प्लेटफॉर्म इंडियन कानून को नाम आधारित सर्च रिजल्ट डी-इंडेक्स करने का निर्देश दिया है। अदालत ने कहा कि किसी व्यक्ति के नाम के आधार पर न्यायिक रिकॉर्ड को अनिश्चितकाल तक इंटरनेट पर आसानी से उपलब्ध रखना निजता के अधिकार का उल्लंघन हो सकता है। न्यायमूर्ति सचिन दत्ता ने 2016 से लंबित 38 याचिकाओं का निपटारा करते हुए यह आदेश दिया। इन याचिकाओं में लोगों ने राहत मांगी थी जो आपराधिक मामलों में बरी हो चुके थे, निजी वैवाहिक या दीवानी विवादों में पक्षकार रहे थे, या जिनके नाम न्यायिक रिकॉर्ड में केवल संदर्भवश दर्ज थे।

**जेईई एडवांस 2026 का रिजल्ट जारीः टॉपर्स में कोटा और सीकर का दबदबा**

## बिहार के शुभम बने ऑल इंडिया टॉपर

**नई दिल्ली, जेएनएन।** देश की सबसे प्रतिष्ठित इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा जेईई एडवांस 2026 का परिणाम रविवार देर रात घोषित कर दिया गया। इस वर्ष बिहार के शुभम कुमार ने ऑल इंडिया रैंक-1 हासिल कर देशभर में पहला स्थान प्राप्त किया है। दिल्ली के कबीर छिल्लर दूसरे और राजस्थान के झुंझुनूं जिले के जतिन कुमार चाहर तीसरे स्थान पर रहे। परिणाम घोषित होते ही देशभर में सफल विद्यार्थियों के घरों और कोचिंग संस्थानों में जश्न का माहौल बन गया।

इस बार के परिणामों में एक बार फिर राजस्थान, विशेष रूप से कोटा और सीकर, आईआईटी प्रवेश परीक्षा की तैयारी के प्रमुख केंद्र के रूप में उभरकर सामने आए हैं। टॉप-10 रैंक हासिल



शुभम कुमार | कबीर छिल्लर | जतिन चाहर

करने वाले 10 विद्यार्थियों में से 6 ने राजस्थान के विभिन्न कोचिंग संस्थानों में तैयारी की है। जेईई एडवांस 2026 के परिणाम की सबसे दिलचस्प बात यह रही कि पहले और दूसरे स्थान के बीच बेहद कम अंतर रहा। बिहार के शुभम कुमार ने शीर्ष स्थान हासिल किया, जबकि दिल्ली के कबीर छिल्लर उनसे केवल एक अंक पीछे रहे। दोनों विद्यार्थियों के प्रदर्शन ने यह साबित किया कि देशभर में प्रतिभाओं के बीच प्रतिस्पर्धा लगातार बढ़ रही है।

### 31.65 प्रतिशत छात्र हुए सफल

शिक्षा विशेषज्ञों के अनुसार इस वर्ष जेईई एडवांस परीक्षा में कुल 1 लाख 79 हजार 694 अभ्यर्थी शामिल हुए थे। इनमें से 56 हजार 880 विद्यार्थियों ने परीक्षा में सफलता प्राप्त की। इस प्रकार कुल सफलता प्रतिशत 31.65 रहा।

### कटऑफ में उल्लेखनीय वृद्धि

विशेषज्ञों का मानना है कि इस वर्ष परीक्षा का स्तर अपेक्षाकृत संतुलित रहा, लेकिन कटऑफ में उल्लेखनीय वृद्धि देखने को मिली। सामान्य वर्ग के लिए कुल कटऑफ बढ़कर 92 अंक हो गया है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 18 अंक अधिक है। वहीं विषयवार कटऑफ में भी सामान्य वर्ग के लिए लगभग 8 अंकों की बढ़ोतरी दर्ज की गई है।

**सोशल मीडिया — वर्चुअल स्पेस में लड़कियों का दबदबा, एआई ऐप्स का इस्तेमाल दोगुने से अधिक बढ़ा**

## लड़कों से 47 फीसदी ज्यादा एक्टिव हैं लड़कियां

**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारत में डिजिटल दुनिया तेजी से बदल रही है और इसके साथ ही इंटरनेट उपयोगकर्ताओं की आदतों में भी बड़े बदलाव देखने को मिल रहे हैं। वीटीऑन और इंटरनेट एंड मोबाइल एसोसिएशन ऑफ इंडिया (आईएएमएआई) की ताजा रिपोर्ट में सामने आया है कि 18 से 24 वर्ष आयु वर्ग के युवा सोशल मीडिया पर सबसे अधिक समय बिता रहे हैं। खास बात यह है कि इसी आयु वर्ग की लड़कियां लड़कों की तुलना में 47 प्रतिशत अधिक सक्रिय हैं।

रिपोर्ट के अनुसार, भारत के बड़े शहरों में रहने वाले 18-24 वर्ष के युवा प्रतिदिन औसतन 120 मिनट से अधिक समय सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर बिताते हैं। यह समय देश के आम इंटरनेट उपयोगकर्ताओं के औसत 97.9 मिनट प्रतिदिन से काफी अधिक है। विशेषज्ञों का मानना है कि सोशल मीडिया अब केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं रह गया है, बल्कि यह संवाद, जानकारी, शिक्षा, खरीदारी और पहचान निर्माण का महत्वपूर्ण मंच बन चुका है।

**35** वर्ष से अधिक आयु के लोग मनोरंजन आधारित प्लेटफॉर्म्स पर अधिक समय बिताते हैं

**77.2** मिनट डिजिटल मनोरंजन सामग्री देखने में खर्च करते हैं औसतन प्रतिदिन

**35.2** मिनट ऑनलाइन खरीदारी और क्विक डिलीवरी ऐप्स पर खर्च करती हैं 25-34 वर्ष की महिलाएं प्रतिदिन

**24.2** मिनट ही बिताते हैं पुरुष इन प्लेटफॉर्म्स पर औसतन

**57** प्रतिशत उपयोगकर्ता महिलाएं हैं क्विक कॉमर्स प्लेटफॉर्म ब्लिंकिट पर

**61** प्रतिशत है मीशू पर महिला उपयोगकर्ताओं की हिस्सेदारी

**54** प्रतिशत महिला यूजर्स हैं मिंत्रा पर



रिपोर्ट बताती है कि सबसे कम उम्र के इंटरनेट उपयोगकर्ता सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर सबसे ज्यादा सक्रिय हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, इंस्टाग्राम, स्नैपचैट, यूट्यूब शॉर्ट्स और अन्य वीडियो आधारित प्लेटफॉर्म युवा पीढ़ी की पहली पसंद बने हुए हैं। 18 से 24 वर्ष आयु वर्ग की युवतियां विशेष रूप से सोशल मीडिया पर ज्यादा समय बिताती हैं।

### ई-कॉमर्स और क्विक कॉमर्स में महिलाओं का दबदबा

रिपोर्ट में केवल सोशल मीडिया ही नहीं, बल्कि ऑनलाइन खरीदारी के क्षेत्र में भी महिलाओं की मजबूत भागीदारी सामने आई है। विशेष रूप से महानगरों और बड़े शहरों में रहने वाली 25 से 34 वर्ष आयु वर्ग की महिलाएं ई-कॉमर्स और क्विक कॉमर्स प्लेटफॉर्म्स पर पुरुषों की तुलना में काफी अधिक समय बिताती हैं। महिलाएं इस क्षेत्र में पुरुषों से लगभग 42 प्रतिशत अधिक सक्रिय हैं। ऑनलाइन शॉपिंग प्लेटफॉर्म्स के उपयोगकर्ता आधार में भी महिलाओं की हिस्सेदारी लगातार बढ़ रही है।

### मैसेजिंग ऐप्स का भी बढ़ा उपयोग

भारतीय इंटरनेट उपयोगकर्ता केवल सोशल मीडिया ही नहीं, बल्कि मैसेजिंग प्लेटफॉर्म्स पर भी काफी समय बिता रहे हैं। लोग प्रतिदिन औसतन 58.6 मिनट मैसेजिंग ऐप्स पर खर्च करते हैं। इनमें व्हाट्सएप और टेलिग्राम पर सबसे अधिक समय बिताते हैं।

### दोगुने हुए एआई के उपयोगकर्ता

रिपोर्ट का सबसे चौंकाने वाला आंकड़ा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) आधारित ऐप्स से जुड़ा है। पिछले एक वर्ष में एआई ऐप्स के उपयोग में 100 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि दर्ज की गई है। यानी इन प्लेटफॉर्म्स के उपयोगकर्ता दोगुने से भी ज्यादा हो गए हैं।

**लैंसेट रिपोर्ट की चेतावनी**

### हर साल बढ़ जाएंगे 3.5 करोड़ नए कैंसर मरीज

**नई दिल्ली, जेएनएन।** दुनिया आने वाले सालों में कैंसर और स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े एक बड़े संकट का सामना कर सकती है। प्रतिष्ठित मेडिकल जर्नल लैंसेट ऑन्कोलॉजी में प्रकाशित एक नई रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2050 तक दुनिया में कैंसर के मामलों में 75 प्रतिशत की वृद्धि होने की आशंका है। साथ ही कैंसर रोगियों की देखभाल के लिए आवश्यक स्वास्थ्यकर्मियों की भारी कमी भी सामने आएगी। रिपोर्ट में चेतावनी दी गई है कि 2050 तक वैश्विक स्तर पर कैंसर उपचार से जुड़े करीब 10 करोड़ कर्मचारियों की कमी हो सकती है। विशेषज्ञों की टीम द्वारा तैयार की गई इस रिपोर्ट के अनुसार अगले 25 वर्षों में हर साल लगभग 3.5 करोड़ नए कैंसर मरीज सामने आएंगे और इनमें से करीब 1.9 करोड़ लोगों की मृत्यु हो सकती है। तेज बढ़ोतरी होने के बावजूद स्वास्थ्य सेवाओं की क्षमता उसी अनुपात में नहीं बढ़ रही है।

# कौन जाएगा दिल्ली, सरकार-संगठन में किस को मिलेगी कुर्सी, भोपाल से दिल्ली तक मंथन

## राज्यसभा चुनाव, भाजपा की नई राष्ट्रीय टीम और मंत्रिपरिषद के फेरबदल को लेकर इसी माह होना है निर्णय

**विशेष संवाददाता भोपाल।** सत्ता पर बैठी भारतीय जनता पार्टी में राजनीतिक दृष्टि से जून माह महत्वपूर्ण होने वाला है। राज्यसभा की तीन सीटों के चुनाव से लेकर भाजपा की नई राष्ट्रीय टीम और संभावित मंत्रिपरिषद के फेरबदल को लेकर इसी माह निर्णय होने है। ऐसे में कौन सा चेहरा दिल्ली जाएगा और किस नेता को सरकार -संगठन में बड़ी कुर्सी मिलेगी, इस पर सभी नजर लगी हुई है। गौरतलब है कि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने सोमवार को मौजूदा राष्ट्रीय टीम के साथ संभवतः अंतिम बैठक की। इस बैठक के बाद ऐसी संभावना बढ़ गई है कि जल्द ही भाजपा की राष्ट्रीय टीम का गठन हो जाएगा। इसमें मध्यप्रदेश से भी कई बड़े चेहरे शामिल हो सकते हैं।

सूत्रों की मानें तो इन चेहरों में कुछ प्रदेश सरकार के मंत्री भी दिखाई दे सकते हैं, यानि प्रदेश मंत्रिपरिषद की कई कुर्सियां खाली हो सकती हैं, जिससे मंत्रिमंडल के विस्तार और फेरबदल का




रास्ता भी साफ हो जाएगा। भाजपा से जुड़े सूत्रों का कहना है कि मध्यप्रदेश मंत्रिपरिषद में फेरबदल और विस्तार होना लगभग तय है, लेकिन यह भाजपा की राष्ट्रीय टीम के गठन के उपरांत ही होगा। क्योंकि विपक्षी दल जनता के बीच फेरबदल को मुद्दा नहीं बना पाएगा और न ही किसी भी तरह का गलत संदेश जनता और पार्टी के कार्यकर्ताओं के बीच जाएगा। सोमवार को इस मामले में भोपाल से लेकर दिल्ली तक राजनीतिक सरगर्मियां रही। कुछ नेताओं ने सोमवार को दिल्ली पहुंचकर राज्यसभा और राष्ट्रीय टीम में अपनी संभावनाओं को टटोला, तो कुछ नेता भोपाल में संघ पदाधिकारियों से मिले और उन्हें अपनी मंशा से अवगत कराया।

**राज्यसभा के लिए नामांकन शुरूः** राज्यसभा की तीन सीटों के लिए नाम निर्देशन पत्र जमा करने की प्रक्रिया 1 जून से प्रारम्भ हो चुकी है। इसकी अंतिम तारीख 8 जून है। यदि आवश्यक हुआ, तो 18 जून को मतदान होगा। इस प्रक्रिया के लिए विधानसभा परिसर स्थित समिति कक्ष 2 तय किया गया है। हालांकि पहले दिन कोई भी नामांकन पत्र दाखिल नहीं हुआ है। ऐसा माना जा रहा है कि 3 जून के बाद भाजपा और कांग्रेस अपने-अपने प्रत्याशियों के बारे में निर्णय लेने की शुरूआत करेगी और अंतिम दिन यानि कि 8 जून तक नामांकन पत्र दाखिल किए जा सकते हैं।

### प्रदेशाध्यक्ष दिल्ली में, नेताओं ने की सीएम से चर्चा

इधर भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष सोमवार को नई दिल्ली प्रवास पर रहे, जहां उन्होंने राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन द्वारा बुलाई गई बैठक में हिस्सा लिया। बताया गया है कि यह बैठक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यकाल के 12 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों के संदर्भ में बुलाई गई थी। बैठक के उपरांत खंडेलवाल की जहां राज्यसभा की 2 सीटों की रणनीति को लेकर राष्ट्रीय अध्यक्ष नवीन से चर्चा हुई है। खबर यह भी है कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से पार्टी के कई वरिष्ठ नेताओं ने भी राज्यसभा चुनावों को लेकर बातचीत हुई है। राज्यसभा के मामले को लेकर मुख्यमंत्री और भाजपा के वरिष्ठ और निर्णयकर्ता नेताओं के बीच 4 या 5 तारीख को भोपाल में बैठक हो सकती है।

### आगे बढ़ सकता है पीएम का दौरा

प्रधानमंत्री का गोटेगांव का प्रस्तावित दौरा आगे बढ़ सकता है। अब यह दौरा 9 या 10 जून के आसपास हो सकता है। मंगलवार शाम को अंतिम निर्णय लिया जा सकता है। सीएम ने सोमवार को लोकभवन पहुंचकर राज्यपाल मंगूभाई पटेल को जन्मदिन की शुभकामनाएं दी,तो दोनों के बीच प्रधानमंत्री मोदी के संभावित दौरे को लेकर भी चर्चा होने की जानकारी मिल रही है।

## संक्षिप्त खबरें

### 27 हजार रिश्वत लेते निरीक्षक गिरफ्तार

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** भिंड जिले में नापतौल विभाग के अधिकारी को घूस लेते हुए लोकायुक्त की ग्वालियर टीम ने रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। नापतौल निरीक्षक सौरभ शर्मा सोमवार को एक पेट्रोल पंप की स्टंपिंग के एवज में 27,500 रुपये की रिश्वत दफ्तर में ले रहा था।



तेजनारायण पेट्रोल पंप संचालक हैं और नापतौल निरीक्षक सौरभ शर्मा उनसे स्टंपिंग के नाम पर 50,000 रुपये की मांग कर रहे थे। सौरभ 26 मई को रिश्वत की पहली किस्त के रूप में 22,500 रुपये ले चुके थे और शेष रकम सोमवार को देना तय हुआ। तय कार्यक्रम के अनुसार जैसे ही आवेदक तेजनारायण सिंह ने नापतौल निरीक्षक के चैंबर में जाकर उन्हें घूस की बची हुई रकम दी, वैसे ही पहले से तैनात लोकायुक्त की टीम ने दबिश देकर सौरभ को रंगे हाथ दबोचकर नोट बरामद कर लिए। सौरभ के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली गई है।

### मंत्रि-परिषद की उच्च स्तरीय समिति गठित

**जागरण, भोपाल।** देश में पेट्रोलियम पदार्थों की आपूर्ति प्रभावित होने को दृष्टिगत रखते हुए राज्य शासन द्वारा खरीफ सीजन के दौरान उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने और प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के बेहतर क्रियान्वयन के लिए मंत्रि-परिषद के सदस्यों की एक उच्च स्तरीय समिति का गठन किया है। राज्य के किसानों को इस कारण से होने वाली समस्याओं के निराकरण के लिये यह समिति उर्वरकों की उपलब्धता, उनके मूल्य नियंत्रण और प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के संचालन के संबंध में विचार-विमर्श कर राज्य सरकार को सुझाव देगी। उच्च स्तरीय समिति में लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह, राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा, स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह, किसान कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री एदल सिंह कंषाना और सहकारिता मंत्री विश्वास कैलाश सारंग शामिल हैं। कृषि उत्पादन आयुक्त को समिति का संयोजक नियुक्त किया गया है।

### स्वदेशी जागरण मंच ने मंदिर में बांटे स्वदेशी पत्रक

**भोपाल।** स्वदेशी जागरण मंच की महिला प्रांत की प्रमुख सीमा भारद्वाज ने सोमवार को हैदराबाद प्राचीन जगन्नाथ स्वामी मंदिर में श्रद्धालुओं से स्वदेशी चिंतन किया और उन्हें स्वदेशी पत्रक प्रदान किए। उन्होंने उपस्थित जनों से आग्रह किया कि वे भी इस संदेश को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाएं।

### चीता और 3 शावकों को जंगल में छोड़ा



**विसं, भोपाल।** कूनो नेशनल पार्क में सोमवार को चीता निरवा और उसके 13 माह के तीन शावकों (दो नर एवं एक मादा) को सफलतापूर्वक नेशनल पार्क के जंगल में मुक्त कर दिया गया है। इन चीतों को पालपुर ईस्ट रेंज के अहेरा पर्यटन क्षेत्र में मुक्त किया गया। अधिकारियों के मुताबिक चीता निरवा और उसके तीनों शावकों के जंगल में छोड़े जाने से कूनो के इस क्षेत्र में पुनर्स्थापित चीतों का पारिस्थितिकी तंत्र सशक्त होगा। वन विभाग के अनुसार चीतों को जंगल में छोड़े जाने के बाद उनकी सतत निगरानी की जा रही है। उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने और प्राकृतिक परिवेश में सफलतापूर्वक अनुकूलन और विचरण की स्थिति पर नजर रखने के लिए अत्याधुनिक रेडियो टेलीमेट्री प्रणाली एवं समर्पित फील्ड टीमों की सहायता से नियमित मॉनिटरिंग की जा रही है।चीता निरवा और उसके तीन शावकों के जंगल में छोड़े जाने के साथ ही कूनो नेशनल पार्क में स्वतंत्र रूप से विचरण कर रहे चीतों की संख्या बढ़कर 20 हो गई है।

# दीपावली से पहले प्रदेश में यूसीसी लागू करने की तैयारी, 15 तक मांगे सुझाव

## समिति नागरिक से सुझाव लेकर तैयार करेगी मसौदा

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मध्यप्रदेश में दीपावली से पहले समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू हो सकती है। इसके लिए प्रदेश सरकार ने तैयारी तेज कर दी है। इसके लिए गठित उच्च स्तरीय समिति द्वारा आम नागरिकों के सुझाव पर विधेयक का मसौदा करेगी। गौरतलब है कि देश के तीन राज्यों में अब तक यूसीसी लागू कर दी गई है, जबकि मध्यप्रदेश में इस दिशा में तेजी से काम प्रारम्भ हो गया है। इसके लिए गृह विभाग द्वारा समिति गठित कर दीपावली से पहले इसके लिए मसौदा तैयार करने का लक्ष्य भी तय कर दिया गया है। समिति द्वारा एक वेबसाइट भी तैयार की है, जिसके जरिए नागरिक यूसीसी को लेकर अपने सुझाव समिति तक पहुंचा रहे है। ये सुझाव 15 जून तक लिए जाने हैं। बताया गया है कि यह समिति व्यक्तिगत और पारिवारिक कानूनी प्रक्रियाओं का विस्तृत अध्ययन करेगी,जिसमें विवाह,तलाक या अलगाव, भरण - पोषण, उत्तराधिकार और अन्य संबंधित मामले शामिल हैं। समिति मसौदा तैयार करने से पहले उत्तराखंड, गुजरात, असम के यूसीसी मॉडल का भी विस्तार से अध्ययन करेगा और उनकी प्रक्रिया,कार्यान्वयन रणनीति और कानूनी संरचना का मूल्यांकन भी करेगी। समिति मसौदा तैयार करने के साथ पारंपरिक आदिवासी प्रथाओं, उत्तराधिकार मानदंडो और सामुदायिक स्वायत्तता से जुड़े प्रश्नों का समाधान निकालने की भी कोशिश करेगी।

### मध्यप्रदेश को यूसीसी की ओर बढ़ने की आवश्यकता

इस संबंध में सोमवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि राज्य सरकार द्वारा प्रदेश में समान नागरिक संहिता लागू करने की प्रक्रिया आरंभ कर दी गई है। वर्तमान समय में विभिन्न धर्मों में विवाहित बहनों के लिए प्रचलित अलग-अलग रीति-रिवाज और नियमों की आवश्यकता नहीं है। मध्यप्रदेश को आज समान नागरिक संहिता की ओर बढ़ने की आवश्यकता है। मध्यप्रदेश सरकार ने भी यूसीसी को लागू करने का निर्णय लिया है। मंत्रालय में पत्रकारों से चर्चा करते हुए डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में यूसीसी के लिए सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश के नेतृत्व में एक उच्च स्तरीय समिति गठित की गई है। अलग-अलग क्षेत्र के विद्वानों को इस समिति में स्थान दिया गया है। यह समिति प्रदेश के विभिन्न जिलों में अलग-अलग धर्म-समुदाय के लोगों से सुझाव प्राप्त करेगी। राज्य सरकार सभी वर्गों के साथ संतुलन बनाते हुए समान नागरिक संहिता लागू करने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रही है। राज्य की जन हितैषी सरकार सभी वर्गों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। मध्यप्रदेश समान नागरिक आचार संहिता लागू करने के लिए सबसे अनुकूल प्रदेश है।

स्कॉलरशिप में छात्रों को नहीं मिल रहा लाभ, केंद्र के पत्र ने बढ़ाई गति, विभागों को निर्देश

# एनएसपी सेतु से जुड़ने में एमपी के विभाग दिख रहे सुस्त, केंद्र ने भेजा सीएस को पत्र

**विशेष प्रतिनिधि, भोपाल।** अनुसूचित जाति, जनजाति और पिछड़ा वर्ग के छात्र-छात्राओं को विभागीय कार्यालयों के चक्कर काटे बगैर स्कॉलरशिप की राशि मुहैया कराने के उद्देश्य से केंद्र शासन ने एक नेशनल प्लेटफार्म तैयार किया है। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा सेतु नामक नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल (एनएसपी) पर हर तरह की सुविधाएं एक ही जगह उपलब्ध कराई हैं। डेढ़ दर्जन से ज्यादा राज्य इस पोर्टल से जुड़कर स्कूल और कॉलेजों के छात्रों को स्कॉलरशिप का लाभ देने भी लगे हैं। मगर मप्र के अधिकारी इसे लेकर उदासीन हैं। प्रदेश के विभाग न तो खुद इससे जुड़ सके हैं और न विद्यार्थियों को ही इसकी जानकारी दी जा रही है। इसके चलते अब केंद्र शासन ने प्रदेश के मुख्य सचिव को पत्र लिखकर संबंधित विभागों को सेतु से जुड़वाने की दिशा में पहल करने को कहा है।

सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय द्वारा उमंग पोर्टल पर सेतु के माध्यम से स्कॉलरशिप ऐप उपलब्ध कराया है। इस ऐप पर छात्र और संबंधित वर्ग के लाभार्थी अपने मोबाइल पर डाउनलोड कर सुविधाएं ले सकते हैं। स्कूल-कॉलेजों के एससी, एसटी व ओबीसी छात्र-छात्राओं की सारी स्कॉलरशिप योजनाएं इस ऐप से जोड़ी गई हैं। इस ऐप का



सबसे बड़ा फायदा यह है कि लाभार्थियों को स्कॉलरशिप के लिए बार-बार विभागों के चक्कर काटने की जरूरत नहीं पड़ती। एक बार मोबाइल नंबर और फेस अथेंटिफिकेशन होने के बाद जानकारी फोन पर ही मिलती रहेंगी। समय पर स्कॉलरशिप खाते में नहीं आने पर संबंधित छात्र ऐप के जरिए ही शिकायत भी कर सकते हैं। एनएसपी की सुविधा मिलने के बाद पिछले सालों में असम, पंजाब, चंडीगढ़, गोवा, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, सिक्किम, पांडुचेरी जैसे डेढ़ दर्जन से ज्यादा राज्य सेतु से जुड़ चुके हैं। मगर मध्यप्रदेश इस मामले में सुस्ती ओढ़े हुए है। अभी तक स्कूल शिक्षा, उच्च शिक्षा, आदिमजाति कल्याण, अल्प संख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण, सामाजिक न्याय व निःशक्तजन कल्याण विभाग ने इस दिशा में कोई पहल नहीं की है। पोर्टल में तीन अलग-अलग कंपार्टमेंट बनाकर राज्यों को जोड़ा गया है, लेकिन मध्यप्रदेश एक भी कंपार्टमेंट में शामिल नहीं हो सका है। विभागों की इसी सुस्ती के चलते संबंधित विभागों के कार्यालय भी केंद्र शासन के इस पोर्टल व ऐप से खुद को लिंक नहीं कर रहे हैं।

### इन योजनाओं का ले सकेंगे लाभ

नेशनल पोर्टल से जुड़कर प्रदेश के स्कूलों में पढ़ने वाले छात्र प्री मेट्रिक छात्रवृत्ति का लाभ ले सकते हैं तो हायर सेकंडरी स्कूलों व कॉलेजों के छात्र पोस्ट मेट्रिक स्कॉलरशिप के संबंध में अपना पंजीयन कराकर लाभ उठा सकते हैं। स्कूल-कॉलेजों की स्कॉलरशिप के अलावा इन वर्गों के लिए विभिन्न विभागों के तहत संचालित योजनाएं भी इस पोर्टल से जुड़ सकती हैं।

### ये राज्य है एनएसपी से दूर

**पोस्ट मेट्रिक व प्री मेट्रिक वर्ग- 1:** आंध्रप्रदेश, बिहार, छत्तीसगढ़, गुजरात, झारखंड, कर्नाटक, केरला, मप्र, महाराष्ट्र, उड़ीसा, पंजाब, राजस्थान, तमिलनाडु, तेलंगाना, उत्तरप्रदेश, पश्चिम बंगाल।

**प्री मेट्रिक पार्ट 2:** आंध्रप्रदेश, गुजरात, कर्नाटक, केरला, मध्यप्रेदश, महाराष्ट्र, राजस्थान, तमिलनाडु एवं पश्चिम बंगाल।

# सीएम सुगम परिवहन सेवा जुलाई से

## सबसे पहले इंदौर संभाग में होगी शुरूआत, संचालक मंडल की बैठक में हुए अहम निर्णय

**विशेष संवाददाता भोपाल।** लोगों को जल्द ही मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा का लाभ मिलेगा। इसकी शुरूआत जुलाई माह में इंदौर से होगी। सोमवार को मप्र यात्री परिवहन एण्डं इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड के संचालक मण्डल की बैठक संपन्न हुई। जिसमें योजना को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मौजूदगी में हुई बैठक में बोर्ड के प्रबंध संचालक मनीष सिंह ने योजना को लेकर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पीएम ई-बस सेवा और मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा योजना में बसों का संचालन सर्वप्रथम इंदौर क्षेत्र से प्रारंभ किया जाएगा। इंदौर संभाग के समस्त जिले तथा अटल इंदौर सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विस लिमिटेड अब पूरे संभाग से प्रारंभ होने वाली बसों के कार्यक्षेत्र में कार्य करेंगी। सिंह ने बताया कि संपूर्ण मध्यप्रदेश को 7 क्षेत्रों में, इंदौर, उज्जैन, भोपाल, जबलपुर, सागर, ग्वालियर एवं रीवा विभक्त किया गया है। उन्होंने बताया कि इंदौर क्षेत्र में तीन श्रेणी की बसों का संचालन जुलाई माह प्रारंभ किया जाना प्रस्तावित है। जिसमें इंदौर से मध्यप्रदेश के अन्य जिलों को जोड़ने वाली इंटरसिटी मार्गों पर बसों का संचालन। इंदौर शहर में सिटी बसों का संचालन तथा इस श्रेणी में उपनगरीय क्षेत्रों तक अधिसूचित मार्गों पर भी बसों का संचालन और इंदौर संभाग के समीपवर्ती राज्यों महाराष्ट्र, गुजरात, राजस्थान एवं उत्तरप्रदेश जाने वाले अंतर्राज्यीय मार्गों पर अनुबंध अनुसार बसों का संचालन किया जाएगा। सिंह ने बताया कि जुलाई माह से ही पीएम ई-बस सेवा के तहत 150 इलेक्ट्रिक बसों का संचालन प्रारम्भ किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 7 क्षेत्रीय मुख्यालयों के 7 शहर से, प्रदेश के विभिन्न जिला मुख्यालयों तक जाने वाले कुल 620 मार्गों को चिन्हित किया गया है। इनमें कुल 2432 बसें संचालित होंगी। उन्होंने बताया कि इसमें वर्तमान संचालित निजी बसों के अनुज्ञा-पत्र पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा तथा वे यथावत पूर्व व्यवस्था अनुसार संचालित होती रहेंगी।

इस मौके पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने निर्देश दिये कि मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा योजना के मार्गों में आने वाली बस सेवा एवं जन-सुविधाओं को संबंधित कलेक्टर एवं नगरीय निकायों के माध्यम से आमजन के लिये व्यवस्थित किया जाये। डॉ. यादव ने बैठक में अपर मुख्य सचिव नगरीय विकास एवं आवास संजय दुबे को निर्देश दिये कि 7 शहरों में स्थित इन 7 कंपनियों की देनदारियों के संबंध में विभाग द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जाये। बैठक में मुख्य सचिव अनुराग जैन ने निर्देश दिये कि राज्य स्तरीय कंपनी की अधिकृत पूंजी 100 रूपयें तक रखी जाये एवं पेड-अप कैपिटल राशि 35 करोड़ रूपये मंत्रि-परिषद निर्णय अनुसर रखी जाये। बैठक में अपर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री सचिवालय नीरज मंडलोई, अपर मुख्य सचिव वित्त मनीष रस्तोगी आदि मौजूद थे।

### नामांतरण के बदले रिश्वत ले रहे पटवारी को पकड़ा

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** लोकायुक्त की जबलपुर टीम ने सोमवार को नरसिंहपुर जिले के गोटेगांव में हल्का नंबर 41 के पटवारी घनश्याम गढ़वाल को 5 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ पकड़ा है। आरोपी पटवारी ने



आवेदक किसान संदीप कुमार की मां के नाम पर खरीदी गई 7 एकड़ जमीन के नामांतरण के बदले 10 हजार रुपये की मांग की थी। शिकायत सत्यापन में सही पाए जाने के बाद लोकायुक्त पुलिस ने ट्रैप का प्लान बनाया। संदीप ने पटवारी को दो किस्तों में रकम देने की बात कही। इसके बाद पहली किस्त के 5 हजार रुपये लेते हुए पटवारी को उसके निजी कार्यालय में ट्रैप कर लिया गया। पटवारी के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज कर इसकी जानकारी जिले के कलेक्टर और विभाग के आला अफसरों को भी भेज दी है।

# देवड़ा ने कार्यकर्ताओं से किया संवाद

**विसं, भोपाल।** उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने सोमवार को भाजपा दफ्तर पहुंचकर कार्यकर्ताओं और आमजन से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को सुना। इस मौके पर उनके द्वारा समस्याओं के निराकरण की पहल की गई। देवड़ा ने कार्यकर्ताओं से कहा कि उनकी समस्याओं के समाधान के लिए सरकार तत्पर है,जिन्हें तत्काल दूर नहीं किया गया है,उसके लिए संबंधित विभागों को पत्र लिखा गया है। देवड़ा कार्यकर्ता से मिलने के उपरांत भाजपा दफ्तर में ही आयोजिक फाइबोस्कैन स्वास्थ्य शिविर में भी पहुंचे। जहां उन्होंने प्रदेश सरकार के मंत्री गौतम टेटवाल, तीर्थ एवं मेला प्राधिकरण के अध्यक्ष विनोद गोटिया एवं भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक डॉ. विशाल बघेल सहित दूसरे पदाधिकारियों के साथ कार्यकर्ताओं से



मुलाकात की। इस मौके पर देवड़ा ने कहा कि प्रदेश भर से कार्यकर्ता और आमजन पार्टी कार्यालय पहुंचते हैं, जिन्हें चिकित्सीय परामर्श एवं स्वास्थ्य जांच की आवश्यकता होती है। यह शिविर समाज के प्रति सेवा,समर्पण एवं स्वास्थ्य जागरुकता के भाव को सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। इस मौके पर डॉ. बघेल ने बताया कि शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सक्कं द्वारा फाइब्रोस्कैन जांच एवं स्वास्थ परामर्श प्रदान किया गया। जिसमें 105 लोगों ने लाभ लिया है।

सिंहस्थ 2028 की तैयारी

25 करोड़ श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए हाई-टेक मोड में रहेगी पुलिस

# हर जवान को सिखाएंगे रेस्क्यू और क्राउड मैनेजमेंट

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** उज्जैन में 2028 में होने वाले सिंहस्थ में आने वाले 25 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए मध्यप्रदेश पुलिस को आधुनिक पुलिसिंग के तरीके भी सिखाए जा रहे हैं। इस ड्यूटी के दौरान पुलिसकर्मी सिर्फ पारंपरिक ड्यूटी नहीं करेंगे, बल्कि भीड़ के समंदर को नियंत्रित करने और आपातकालीन चुनौतियों से निपटने के लिए विशेष सिंहस्थ ट्रेनिंग भी लेंगे। सोमवार से यह ट्रेनिंग अभियान शुरू हो गया है, जो दिसंबर तक चलेगा। इसमें प्रदेशभर का पुलिस बल सिंहस्थ के आयोजन और उसकी सुरक्षा से जुड़े हर पहलू की बारीकियों को समझेगा। इस दौरान इन सभी को भगदड़ जैसी स्थिति को रोकने और संभालने की भी खास ट्रेनिंग दी जाएगी। मध्यप्रदेश पुलिस ने प्रयागराज कुंभ के दौरान सुरक्षा और भीड़ प्रबंधन के विशेषज्ञों और अनुभवी स्टाफ को आमंत्रित किया था। इन्हीं के साथ मिलकर एमपी पुलिस ने विशेष ट्रेनिंग मॉड्यूल तैयार किया है। प्रयागराज कुंभ के इन व्यावहारिक अनुभवों को इस प्रशिक्षण का मुख्य आधार बनाया गया है, ताकि सिंहस्थ में किसी भी संभावित चुनौती से निपटने के लिए पुलिस पूरी तरह से तैयार रहे।



### जवानों में से मास्टर ट्रेनर का चुनाव

डीजीपी कैलाश मकवाणा ने सोमवार को प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए कहा कि यह ट्रेनिंग सिर्फ कागजी नहीं, बल्कि अनुभवों पर आधारित होगी। पीएचक्यू ने इसके लिए बकायदा एक कैलेंडर तैयार किया है, जिसके तहत 20 बैच में पुलिस के 1 लाख 6 हजार के स्टाफ बल को तैयार किया जाएगा। इसके लिए ट्रेनिंग में सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाले पुलिसकर्मियों को मास्टर ट्रेनर बनाया जाएगा। ये हर जिले में जाकर जवानों को सिंहस्थ के भौगोलिक और धार्मिक महत्व के साथ-साथ ड्यूटी के तकनीकी पहलुओं के लिए पूरी तरह से दक्ष बनाएंगे।

### पेशवाई जुलूस के लिए स्पेशल ट्रेनिंग

सिंहस्थ के प्रशिक्षण में पुलिसकर्मियों को क्राउड मैनेजमेंट (भीड़ प्रबंधन) के ऐसे गुर सिखाए जा रहे हैं, जिससे भगदड़ जैसी स्थिति पर काबू पाया जा सके। इसके अलावा, शाही स्नान और पेशवाई जुलूस के दौरान श्रद्धालुओं की आवाजाही को आसान बनाने का भी अभ्यास कराया जाएगा। इधर एमपी पुलिस सिंहस्थ मेला क्षेत्र में सुरक्षा के लिए तकनीक की जमकर मदद लेगी। पुलिसकर्मियों को आधुनिक सीसीटीवी मॉनिटरिंग और रेडियो कम्युनिकेशन सिस्टम का उपयोग करना भी सिखाया जा रहा है। मेला क्षेत्र में तैनात हर सिपाही और अधिकारी आधुनिक संचार माध्यमों से एक-दूसरे से जुड़ा रहेगा, ताकि कहीं भी कोई संदिग्ध गतिविधि दिखने पर पलक झपकते ही कार्रवाई की जा सके।

### विस्फोटक और आपदा से निपटने की तैयारी

सिंहस्थ के दौरान सुरक्षा को चाक-चौबंद करने के इस प्रशिक्षण में बम निरोधक दस्ते और स्पेशल टास्क फोर्स के एक्सपर्ट्स भी शामिल किए गए हैं। पुलिसकर्मियों को सिखाया जा रहा है कि कैसे आईईडी या विस्फोटक की पहचान की जाए और समय रहते उसे निष्क्रिय किया जाए। इसके साथ ही, रेस्क्यू ऑपरेशन और किसी भी आपदा की स्थिति में त्वरित प्रतिक्रिया के लिए विशेष मॉक ड्रिल भी कराई जाएंगी। सिंहस्थ में लाखों की तादाद में वाहन आएंगे। इसलिए पुलिस को ग्रीन कॉरिडोर और व्यवस्थित पार्किंग के प्लान समझाए जा रहे हैं। वहीं चिकित्सा आपातकाल के लिए पुलिसकर्मियों को सीपीआर और प्राथमिक चिकित्सा का भी प्रशिक्षण दिया जाएगा, ताकि जरूरत पड़ने पर वे एक रक्षक की भूमिका भी निभा सकें।

पापा, आप नहीं हो...

*हर वर्ष की तरह,*
*हम सब आपकी सूक्ष्म उपस्थिति में*
*जन्मदिन मना रहे हैं,*
*पर ये सच है आप नहीं हो।..*
*हम अपने मन को समझा लेते हैं*
*कि आप हमारे आसपास हो,*
*हमारी यादों, हमारी बातों और*
*हमारी साँसों में बसे हो।*
*पर यह भी उतना ही सच है कि*
*पापा, आप नहीं हो।..*
*आपने सिखाया था*
*ख़ामोशी में भी गरिमा से जीना,*
*हर संघर्ष को मुस्कुराकर गले लगाना,*
*हर मुश्किल से सीखकर आगे बढ़*
*जाना।*
*आपके दिए संस्कार,*
*आपकी सीख, आपका स्नेह,*
*हमारी ज़िंदगी की किताब के*
*हर पन्ने पर दर्ज़ हैं।*
*आपके बताए रास्ते अब भी वही हैं,*
*आपके शब्द अब भी मार्गदर्शक हैं,*
*आपकी यादें अब भी संबल हैं।*
*सब कुछ वैसा ही है,*
*पर पापा, आप नहीं हो।..*
*हाँ, समय के साथ कुछ बढ़ा है*
*अकेलापन, सूनापन*
*और एक गहरा अधूरापन।*
*ऐसा सन्नाटा,*
*जो हर खुशी के बीच भी*
*आपकी कमी का एहसास करा देता है।*
*आप हमारे विचारों में हो,*
*हमारी आदतों में हो,*
*हमारी मुस्कान में हो,*
*हमारी हर सफलता में हो।*
*आप हमारे बीच कहाँ-कहाँ नहीं हो*
*पर पापा, आप नहीं हो।..*
*बस पापा, आप नहीं हो।..*
-डॉ आरती सारंग



भाजपा के संस्थापक सदस्य व पूर्व राज्यसभा सांसद
स्व. श्री कैलाश नारायण सारंग जी
की जयंती के अवसर पर

मातृ-पितृ भक्ति दिवस
02 जून, 2026

आदरणीय बुजुर्गों का सम्मान समारोह
आइए हम मिलकर माता-पिता सहित सभी बुजुर्गों का सम्मान करें। आप सभी से अनुरोध है कि 8347477207 पर मिस्ड कॉल देकर अपनी सहभागिता दर्ज करें तथा अपने अनुभव साझा करने के लिए फोटो या वीडियो सोशल मीडिया पर #सारंग_मातृ_पितृ_भक्ति_दिवस के साथ पोस्ट करें।

"पूज्य पिता जी की जयंती को मातृ-पितृ भक्ति दिवस के रूप में मनाकर बुजुर्गों का सम्मान कर रहे हैं। इस अभियान को जनांदोलन बनाकर संकल्प लें और अपने माता पिता के साथ हर बुजुर्ग का सम्मान करें।" -विश्वास कैलाश सारंग, मंत्री, म.प्र. शासन

2 जून को भोपाल सहित देश के विभिन्न स्थानों पर आयोजित 'मातृ-पितृ भक्ति दिवस' में शामिल होकर इसे सफल बनाएँ।

3 जून को स्व. श्री कैलाश सारंग जी की मूर्ति का अनावरण कैलाश सारंग पार्क, एकतापुरी (सेमरा) में होगा।

निवेदक- कैलाश प्रसून सारंग फाउंडेशन (कैप्रस)

**राजधानी का तापमान/मौसम**
अधिकतम 37.6°c न्यूनतम 27.8°c
राजधानी में गर्मी शबाब पर है। अभी और बढ़ने की संभावना है।

•11• राज्य •31• संस्करण
मध्य प्रदेश • उत्तर प्रदेश • दिल्ली • हरियाणा • उत्तराखंड • पंजाब • जम्मू-कश्मीर • बिहार • झारखंड • हिमाचल प्रदेश • पश्चिम बंगाल से प्रकाशित
www.dainikjagranmpcg.com

## नगर में आज

**सदानीरा**
- **स्थान:** भारत भवन
- **समय:** शाम 4:00 बजे से

**डांस वर्कशॉप**
- **स्थान:** मानव संग्रहालय
- **समय:** शाम 4:00 बजे से 7:00 बजे तक

**'माह का प्रादर्श'**
- **स्थान:** मानव संग्रहालय
- **समय:** दोपहर 12 बजे से

**73 शलाका चित्र प्रर्दशनी**
- **स्थान:** लिखन्दरा दीर्घा, जनजातीय संग्रहालय
- **समय:** दोपहर 12 बजे से

## संक्षिप्त खबरें

### दोस्त के घर में घुसकर पत्नी से छेड़छाड़, मारपीट

**क्राइम रिपोर्टर, भोपाल।** हबीबगंज इलाके में दोस्त के घर में घुसकर उसकी पत्नी से छेड़छाड़, मारपीट कर मंगलसूत्र लूटने का मामला सामने आया है। महिला की रिपोर्ट पर पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस के मुताबिक, 25 वर्षीय महिला ई-6 अरेरा कॉलोनी स्थित एक झुग्गी बस्ती रहती है। वह घरों में काम करती है। महिला की पति शराब पीने का आदी है। उसके दो दोस्त रंजीत मर्सकोले और सूरज हैं। शनिवार की रात महिला का पति अपने दोस्तों के साथ शराब पीने गया था। उन्होंने वीर सावरकर सेतु के पास शराब पी। युवक को नशा ज्यादा हो गया। दोनों दोस्त उसे घर छोड़ने के लिए रात करीब साढ़े दस बजे पहुंचे। घर में महिला मिली। युवक को छोड़ने के बाद वह चले गए। कुछ ही मिनट में दोबारा घर के अंदर दाखिल हुए। उन्होंने महिला से मारपीट कर छेड़छाड़ कर दी। महिला ने विरोध किया तो आरोपियों ने उसका मंगलसूत्र लूट लिया।

### सौर संयंत्र लगवाने 'सोलर चाचा' योजना की गई लागू

**जागरण संवाददाता, भोपाल।** सौर ऊर्जा का उपयोग कर घरों को रोशन करने के लिए बनाई गई पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का लाभ ज्यादा से ज्यादा बिजली उपभोक्ताओं को देने के लिए ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड द्वारा अनूठी शुरुआत की गई है। योजना को सफल बनाने व्हाट्सएप चैटबॉट सोलर चाचा की शुरुआत की है। योजना केतहत मार्च 2027 से पहले रूफटॉप सोलर लगवाने पर उपभोक्ताओं को आकर्षक सब्सिडी दी जा रही है, जिससे आकर्षित होकर प्रदेश में अब तक दो लाख से ज्यादा लोग इस योजना के तहत पंजीयन करवा चुके हैं। ऊर्जा विकास निगम के अनुसार यदि भोपाल के उपभोक्ता भी इस योजना का लाभ लेकर अपने घर की छत पर सोलर पैनल लगवाना चाहते हैं, तो विभाग द्वारा जारी क्यूआर कोड को स्कैन करके या फिर अपने मोबाइल से 8815107640 नंबर पर हेलो भेजकर सोलर चाचा की मदद से अपने घर पर सोलर लगवा सकते हैं।

### करंट लगने के कारण इलेक्ट्रिशियन की मौत

**क्राइम रिपोर्टर, भोपाल।** अशोका गार्डन इलाके में करंट लगने इलेक्ट्रिशियन की मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक, 40 वर्षीय निर्भय सिंह पिता विजय बहादुर सिंह राजेंद्र नगर कोच फैक्ट्री स्टेशन बजरिया में रहता था। वह इलेक्ट्रिशियन का काम करता था। सोमवार को निर्भय औद्योगिक क्षेत्र स्थित बंद काकड़ा फैक्ट्री में कुछ निर्माण कार्य चल रहा है। निर्भय वहां काम कर रहा था। दोपहर करीब 12 बजे वह क्रेन पर था, तभी उसे करंट का झटका लगा। साथी उसे बंसल अस्पताल ले गए। जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।



# भोपाल में छाए बादल, सुहाना हुआ मौसम

**नगर संवाददाता, भोपाल।** राजधानी में सोमवार को मौसम खुशनुमा रहा। आसमान पर सुबह से बादल छाए हुए थे। शाम होते होते यह और घने हो गए और सूरज बादलों की ओट में छिप गया। इससे पर्यटन स्थलों पर सैलानियों की भीड़ उमड़ गई। वीआईपी रोड, बोट क्लब जैसे स्थानों पर बड़ी संख्या में लोग घूमने पहुंचे। बादल छाने से दिन के तापमान में भी कमी आई। इससे लोगों को गर्मी से राहत रही। भोपाल में सोमवार को अधिकतम तापमान 37 डिग्री रहा। जो कि रविवार की तुलना में कम था।



# कफ सिरप छापाः गिरोह ने किराए पर ले रखे थे आधा दर्जन से अधिक गोदाम

## फूड एंड ड्रग्स टीम भी जांच में जुटी, खुद को बताते थे व्यापारी, सरगना अब भी फरार

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** राजधानी में एसटीएफ द्वारा किए गए कफ सिरप मामले में नित नए खुलासे हो रहे हैं। इस गिरोह ने न केवल ग्रामीण अंचलों में अपना माल खपाने के लिए गांवों और कस्बों में मेडिकल स्टोर्स का नेटवर्क तैयार किया था, बल्कि भोपाल और आस-पास के इलाकों में कई जगह गोदाम भी ले रखे थे। एसटीएफ की जानकारी के अनुसार किराए पर लिए गए आधा दर्जन गोदामों की जानकारी जांच दल को मिल गई है। इधर, इस कफ सिरप केस की छानबीन में फूड एंड ड्रग्स एडमिनिस्ट्रेशन (एफडीए) की टीम भी शामिल हो गई है। एफडीए की टीम ने भोपाल समेत आस-पास के इलाकों में ऐसे कई गोदाम सील भी किए हैं। गिरोह अब तक दो करोड़ की एक्सपायर कफ सिरप को नए लेबल लगाकर मार्केट में खपा भी चुका है। इस गिरोह का सरगना अर्जुन मालवीय बताया जा रहा है, जो अब तक एसटीएफ के हत्थे नहीं चढ़ा है। इसके अलावा नितिन साहू और सलमानी की तलाश में भी एसटीएफ की टीमें लगातार दबिश दे रही हैं। छानबीन में यह सामने आया है कि गिरोह के सदस्यों के नाम पर किराए के गोदाम लिए जाते थे। अर्जुन ने भोपाल के नर्मदापुरम रोड स्थित एक कॉम्प्लेक्स में एक गोदाम किराए पर ले रखा था, जबकि आकाश भाटी ने एयरपोर्ट रोड पर मकान किराए पर लिया था। गिरोह के सदस्य किसी एक के बजाय अलग-अलग नामों से किराए पर गोदाम लेते थे। पड़ताल में पता चला है कि गिरोह के लोग खुद को कारोबारी बताते थे और मकान या दुकान मालिकों को भरोसे में लेने के लिए बकायदा रेंट एग्रीमेंट भी बनवाते थे। इस गिरोह का मास्टर माइंड अर्जुन मूल रूप से नर्मदापुरम का रहने वाला है और उसके घर वालों को भी उसकी जानकारी नहीं है।



### हरिद्वार की कंपनी से भी मांगी जानकारी

शक्रवार को एसटीएफ ने राजधानी के एयरपोर्ट रोड स्थित एक मकान पर दबिश देकर कफ सिरप री-पैकिंग करने वाली इस फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया था। मामले में 3 नाबालिगों समेत 10 की गिरफ्तारी के बाद मुबारकपुर में भी छापा मारकर 23,125 कफ सिरप की शीशियां जब्त की थीं। एसटीएफ द्वारा लगभग डेढ़ करोड़ का कफ सिरप जब्त करने के बाद इसकी सप्लाई चैन को खंगाला जा रहा है। एसटीएफ इस बात की जानकारी भी जुटा रही है कि सिरप पर छपी हरिद्वार की दवा कंपनी ने हकीकत में माल भेजा था या यह भी गिरोह का फर्जीवाड़ा है। इस मामले में कंपनी को एसटीएफ ने नोटिस भेजकर जानकारी मांगी है।

### फूड एंड ड्रग्स की मौजूदगी में खोले जाएंगे गोदाम

फिलहाल एयरपोर्ट रोड और मुबारकपुर में छापों के दौरान कफ सिरप का भारी-भरकम जखीरा बरामद हुआ है। इसके बाद अब गिरोह द्वारा किराए पर लिए गए गोदामों की जांच की जाएगी। फिलहाल एफडीए की टीम ने जो गोदाम सील किए हैं, उनमें से अधिकांश पर पहले से ताले लगे हुए थे। ऐसे में इन गोदामों में कफ सिरप रखा है या नहीं, इसका खुलासा नहीं हो पाया है। जांच कर रही एसटीएफ फिलहाल मुख्य आरोपियों की तलाश में व्यस्त है। इन गोदामों को अब फूड एंड ड्रग्स की टीम एसटीएफ की मौजूदगी में ही खोलेगी। इसके बाद इन गोदामों को किराए पर देने वाले दुकान मालिकों से रेंट एग्रीमेंट मंगाकर गिरोह के बारे में जानकारी ली जाएगी। छानबीन में पता चला है कि गिरोह के कई सदस्य फार्मा सेक्टर में काम कर चुके हैं और उन्हें इस बात की अच्छी तरह से जानकारी थी कि कफ सिरप में कोडीन नाम का सप्लीमेंट होने के कारण बगैर लाइसेंस इसकी बिक्री नहीं की जा सकती। इसके अलावा इस कफ सिरप का उपयोग नशे के लिए भी किया जाता है।

# 24 घंटे बंद रहेगी कोलार लाइन प्रभावित होगी पेयजल सप्लाई

## पाइपलाइन फूटने से पानी की बर्बादी रोकने होगी मरम्मत

**जागरण संवाददाता, भोपाल।** मेट्रो कार्य के दौरान क्षतिग्रस्त हुई कोलार की मुख्य ग्रेविटी पाइप लाइन में मरम्मत का काम करने के चलते नगर निगम द्वारा इस मुख्य पाइप लाइन को बंद रखा जाएगा। इस अवधि में ज्यादातर कालोनियों में एक या दो दिन तक पेयजल सप्लाई बाधित हो सकती है।



कोलार जलप्रदाय परियोजना की मुख्य ग्रेविटी पाइपलाइन के फूटने के कारण पानी की बर्बादी रोकने के लिए 24 घंटे का शट डाउन लिया जा रहा है। यह शटडाउन मंगलवार 2 जून सुबह 10 बजे से बुधवार 3 जून सुबह 10 बजे तक लिया जाएगा। 24 घंटे के शटडाउन के कारण मंगलवार और बुधवार दोनों ही दिन संबंधित क्षेत्रों में पानी की सप्लाई नहीं प्रभावित हो सकती है। हालांकि निगम प्रशासन के अनुसार जिन क्षेत्रों में सुबह पेयजल सप्लाई होती है। वहां पानी की सप्लाई की जा सकती है, लेकिन मंगलवार को ओवर हेड टैंक के न भरने के कारण बुधवार सुबह की सप्लाई प्रभावित हो सकती है। जबकि शाम को सप्लाई वाले क्षेत्रों में लोगों को दोनों दिन जलसंकट का सामना करना पड़ सकता है।

### इन इलाकों के लोगों को हो सकती है परेशानी

7 जोन के लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है, जिसमें जोन-3 के नारियलखेड़ा व शाहजहांनाबाद, जोन-4 के डीआईजी बंगला, सिंधी कॉलोनी व हमीदिया रोड, जोन-5 के मोती मस्जिद, बुधवारा व इतवारा, जोन-6 के 1100 क्वाटर्स, शाहपुरा, त्रिलंगा व अरेरा कॉलोनी के लोग पानी की समस्या के कारण परेशान हो सकते हैं। तुलसी नगर, शिवाजी नगर, चार इमली, चूना भट्टी, नेहरू नगर, कोटरा सुल्तानाबाद, एमपी नगर जोन-2 और गुलमोहर कॉलोनी जैसे प्रमुख इलाकों में भी पानी की सप्लाई नहीं होगी।

### पहले जानकारी देनी थी

रहवासियों का कहना है कि यदि नगर निगम शटडाउन लेता भी है, तो इसकी जानकारी कम से कम दो दिन पहले दे दी जाना चाहिए। ताकि शहर वासी जरूरत का पानी पहले से ही स्टोर करके रख लें। अचानक दी जाने वाली सूचनाएं लाभ कम परेशानी ज्यादा बढ़ाती हैं। इसके पहले भी विभिन्न इलाकों में अन्य कारणों से पानी की सप्लाई नहीं की गई थी, जिसके कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा था।

# दो दिन से लापता युवक घर में फांसी के फंदे से लटका मिला

## आखिरी बार बहन से हुई थी बात, हबीबगंज की घटना

**क्राइम रिपोर्टर, भोपाल।** दो दिन से लापता युवक घर में फांसी के फंदे से लटका मिला। आखिरी बार उसकी बहन से बात हुई थी। इसके बाद उसे किसी ने नहीं देखा। मृतक के पास सुसाइड नोट नहीं मिला है, जिससे आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो सका है। पुलिस ने पीएम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। हबीबगंज पुलिस के मुताबिक, 24 वर्षीय सौरभ बाथम पिता कमलेश ईश्वर नगर दानापानी रोड में अकेला रहता था। उसके पिता कमलेश चूनाभट्टी में शादीशुदा बहन के घर में रहते हैं। सौरभ चुनाई का काम करता था। शुक्रवार शाम को सौरभ ने बहन को फोन किया और बताया कि मैं सीहोर में हूं, रात तक घर आ जाऊंगा। बहन ने शनिवार को भी उसका इंतजार नहीं किया, लेकिन सौरभ नहीं आया। जब सौरभ को कुछ पता नहीं लगा तो बहन ने रविवार सुबह उसकी गुमशुदगी दर्ज करवाई। इधर, अलग रह रही मां ने रविवार शाम को सौरभ के दोस्त को फोन लगाकर बोला कि वह फोन नहीं उठा रहा है, उसके घर जाकर देखना। दोस्त धनेष ईश्वर नगर स्थित घर पहुंचा तो एक तरफ से गेट पर ताला लगा था, दूसरी ओर से अंदर से दरवाजा बंद था। धनेष ने खिड़की के झांककर देखा तो वह फांसी के फंदे से झूल रहा था। इसकी सूचना उसने परिवार समेत पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा तोड़कर शव को बरामद किया। शव दो दिन पुराना बताया जा रहा है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। इधर, गांधीनगर इलाके में नगर निगम के सफाईकर्मी महेश गोदाना (40) ने रविवार को घर में फांसी लगा ली।

# पांच रुपए के ट्रैक्टर छपे नोट को महंगे दामों पर खरीदने का झांसा दे मां-बेटी से 1.91 लाख ऐंठे

### फेसबुक पर 'ओल्ड क्वाइन स्कीम' नाम से दिया था ऐड

**क्राइम रिपोर्टर, भोपाल।** पांच रुपए के ट्रैक्टर छपे फोटो वाले नोट को महंगे दामों पर खरीदने का झांसा देकर मां-बेटी से 1.91 लाख रुपए ऐंठ लिए गए। जालसाज ने फेसबुक पर 'ओल्ड क्वाइन स्कीम' के नाम से ऐड दिया था। नोट गिनने वाली मशीन का वीडियो दिखाकर उसने भरोसा जीता। जीएसटी, इनकम टैक्स, डाटा एंट्री आदि के नाम पर रकम ऐंठ ली। जालसाज ने तीन पांच रुपए और एक रुपए के एक नोट के एवज में 23 लाख रुपए देने का वादा किया था। गुनगा पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**4 नोट के बदले 23 लाख रुपए का झांसा:** पुलिस के मुताबिक, 36 वर्षीय अंतिम विश्वकर्मा पति नैनितराम कलारा गुनगा में रहती हैं। उन्होंने पुलिस को बताया कि वह और उसकी बेटी मोबाइल पर सोशल मीडिया फेसबुक, इंस्टाग्राम और वाट्सएप चलाती हैं। 28 मई



को दोनों फेसबुक पर वीडियो देख रहे थे। तभी एक ऐड देखा जिसमें एक व्यक्ति जो सरदार जैसा दिख रहा था उसमें 'ओल्ड क्वाइन स्कीम' के बारे में बताया। इसमें बताया कि यदि आपके पास पांच रुपए का नोट जिसमें ट्रैक्टर वाला फोटो छपा है, तो महंगे दामों पर खरीदेगा। इसमें एक मोबाइल नंबर भी दिया था। मां-बेटी ने देखा तो घर में तीन नोट पांच रुपए और एक नोट एक रुपए का मिला, जिसमें ट्रैक्टर वाला फोटो छपा था। दोनों ने उस मोबाइल नंबर पर कॉल किया और बताया कि हमारे पास ऐसे नोट हैं। उस व्यक्ति ने नोट की फोटो सेंड करने को कहा। फोटो सेंड करने के बाद उसने बताया कि इसके एवज में वह 23 लाख रुपए देगा।

### फर्जी पीडीएफ फाइल भेजी

इसके बाद उसने महिला से आधार कार्ड की फोटो और सेल्फी वाला लाइव फोटो सेंड करने को कहा। इसमें नाम व पता भेज दिया। व्यक्ति ने 620 रुपए सेंड करने को कहा। महिला ने एमपी ऑनलाइन के जरिए दोपहर में यह रकम भेज दी। उक्त व्यक्ति ने वाट्सएप पर बैंक की नोट काउंट करने वाली मशीन से नोट गिनते हुए एक वीडियो भेजा। इसके बाद बोला कि फाईल पर काम चालू है। फाइल कंप्लीट होने के इसे भेज दूंगा। इसके बाद जालसाज ने महिला को इंडियन ओल्ड क्वाइंस करंसी कंपनी प्रालि मुंबई के नाम से फर्जी पीडीएफ फाईल भेज दी। 29 मई को फाइल चार्ज के नाम महिला से 9500 रुपए की मांग की गई। महिला ने उक्त रकम ऑनलाइन भेज दी। यह विशाल सिंह के नाम से शो रहा था। इसके बाद जालसाज ने जीएसटी चार्ज, इनकम टैक्स से क्लियरेंस के नाम पर, जीएसटी चार्ज के नाम पर डाटा एंट्री के नाम पर अलग-अलग मदों में 1.91 लाख रुपए ट्रांसफर करवा लिए। इसके बाद भी जालसाज पैसे की डिमांड कर रहा था।

**मानसून की तैयारी** — बाढ़ नियंत्रण के लिए हर तहसील में बनेगा कंट्रोल रूम, तहसीलदार करेंगे समितियों का गठन

# जलभराव वाले स्थानों पर सुरक्षा होगी पुख्ता

**जागरण संवाददाता, भोपाल।** जून की शुरुआत के साथ ही शहर में तेज बारिश और बाढ़ से निपटने की तैयारी शुरू कर दी गई है। सोमवार को कलेक्ट्रेट में हुई बैठक के दौरान कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने शहर की भौगोलिक स्थिति की समीक्षा करते हुए सभी एसडीएम व तहसीलदार को जल्द से जल्द बाढ़ नियंत्रण समितियों के गठन करने को कहा है। इस दौरान उन्होंने नगर निगम के अधिकारियों से शहर के जलभराव वाले स्थानों को चिन्हित कर उनकी सूची बनाने को कहा। ताकि बारिश शुरू होने से पहले ही इन सभी क्षेत्रों में राहत शिविरों को बनाने के लिए जगह चिन्हित की जा सके। साथ ही इन इलाकों में सुरक्षा व्यवस्था को भी पुख्ता करने को कहा है। भोपाल शहर के साथ ग्रामीण इलाकों में भी संवेदनशील व बाढ़ प्रभावित इलाकों को चिन्हित करने को कहा है। ताकि इन इलाकों का सीमांकन कराके यहां भी राहत शिविरों के साथ होमगार्ड्स की तैनाती करा दी जाए। राहत शिविरों को शुरू करवाने के अलावा शहर के सभी इलाकों में पानी सप्लाई, बिजली लाइनों की व्यवस्था को भी देखना होगा।



### हर विभाग को बांटे काम

- **पुलिस व होमगार्ड :** पुलिस व होमगार्ड के जवानों को मोटर बोट्स, राहत सामग्री और प्रशिक्षित तैराकों की सूची बनानी होगी।
- **पीडब्ल्यूडी :** जिले के शहरी व ग्रामीण इलाकों में क्षतिग्रस्त मार्गों की मरम्मत करनी होगी। जर्जर पुल व पुलियाओं पर आवाजाही रुकवाने के साथ ही खतरे की सूचना देने वाले बोर्ड लगवाने होंगे।
- **खनिज विभाग :** जिले की बंद हो चुकी खदानों और इनमें निर्मित जलस्त्रोतों के आसपास फेंसिंग कराना।
- **नगर निगम भोपाल व नगर पालिका बैरसिया :** नालों की सफाई के साथ अस्थाई रैन-बसेरों का निर्माण करवाना होगा।

### इन इलाकों में होता है जलभराव

पुराने शहर के डीआईजी बंगला, सिंधी कालोनी चौराहा, सैफिया कालेज रोड, लोहा बाजार, अल्पना तिराहा और हमीदिया रोड की समांतर सड़क पर जलभराव होता है। जिसमें सिंधी कालोनी चौराहा, भोपाल टाकीज चौराहा, डीआईजी बंगला चौराहा पर सीसी रोड बना दी गई है। इन इलाकों में मेट्रो परियोजना का काम भी तेज गति से चल रहा है, जिसके कारण मेट्रो के अधिकारी भी पानी की निकासी की व्यवस्था करने में जुटे हैं। अल्पना टॉकीज पर अंडर ग्राउंड नाले की सफाई करवाई गई है। सैफिया कालेज रोड पर भी नाला बनवाया गया है। बाणगंगा चौराहे पर जलभराव के कारण लोग परेशान होते हैं। नए भोपाल के कुछ इलाकों में भी जलभराव होता है।

### लोगों की सहायता के फोन नंबर किए जारी

जिला स्तर पर कंट्रोल रूम के निर्माण के साथ हर तहसील में भी कंट्रोल रूम की स्थापना करनी होगी। जलभराव की स्थिति में आम लोग विभिन्न फोन नंबर पर फोन कर सहायता मांग सकते हैं। इसके लिए 0755-2540220, 2701401 और 254-2222 फोन नंबर जारी किए गए हैं। आम लोगों के साथ बेहतर तरीके से कनेक्टिविटी बनाने के लिए एसडीएम व तहसीलदारों को व्हाट्सएप ग्रुप बनाने के लिए कहा गया है।

# नकाबपोश दो युवतियों ने बैरागढ़ में ज्वैलर्स समेत 4 लोगों को ठगा

## पेमेंट का नकली मैसेज दिखाकर भाग निकली लुटेरी युवतियां

**क्राइम रिपोर्टर, भोपाल।** नकाबपोश दो युवतियों ने बैरागढ़ में आतंक मचा दिया। दोनों ने ज्वैलर्स समेत करीब 4 लोगों का ठग लिया। पेमेंट का नकली मेसेज दिखाकर सफेद रंग की एक्सेस से रफू चक्कर हो गईं। पुलिस ने फुटेज से उनका वीआईपी रोड तक पीछा किया। संतजी की कुटिया के पास कपड़े। इसके बाद भी पुलिस अब तक उनकी पहचान नहीं कर पाई है। ठग युवतियां किसी से चप्पल खरीदकर भागी तो ज्वैलर्स से 52 हजार के सोने के जेवरात लेकर फरार हो गईं। छोटी-मोटी ठगी होने पर कुछ लोगों ने इसकी पुलिस से भी शिकायत नहीं की। बैरागढ़ पुलिस के मुताबिक, बैरागढ़ के सराफा बाजार में गुलाब सिंह मेवाड़ा की पंकज ज्वैलर्स के नाम दुकान है। 25 मई की शाम 5.22 बजे उनकी दुकान पर दो युवतियां आईं। दोनों ने चेहरे पर नकाब पहन रखा था। उन्होंने सोने की एक अंगूठी और बाली खरीदी, जिसकी कीमत 52 हजार रुपए थी। ज्वैलर्स ने रकम देने को कहा। एक युवती एक्सेस गाड़ी चालू करके खड़ी हो गई। दूसरी ने बोला कि क्यूआर कोड दे दो, ऑनलाइन पेमेंट करूंगी। इसके बाद उसने सक्सेस पेमेंट मेसेज गुलाब सिंह को दिखाया और तुरंत बाहर खड़ी मोपेड पर बैठकर भाग निकली। जब तक गुलाब सिंह ने खाता चेक किया। वह भाग निकली। गुलाब सिंह ने उनका पीछा किया, लेकिन वह फरार हो गईं। दोनों सफेद रंग की एक्सेस पर सवार थीं।

**वीआईपी रोड तक आती दिखीं, किसी से चप्पल ली तो किसी से जेवर :** पुलिस ने जांच शुरू की, तो गाड़ी में नंबर नहीं था। फुटेज देखे तो वह वीआईपी रोड तक आती दिखीं। इस बीच संतजी की कुटिया के पास उन्होंने अपने कपड़े बदले। वीआईपी रोड पर गायब हो गईं, इसके बाद उनके फुटेज नहीं मिले। पुलिस जब जांच कर रही थी तब पता लगा कि उसी रोज बैरागढ़ में 3-4 दुकानों में भी ठगी की वारदात दो युवतियों द्वारा की गई है। किसी से 1600 रुपए की चप्पल खरीदी, लेकिन पेमेंट नहीं किया। छोटी-मोटी ठगी होने पर दुकानदारों ने इसकी शिकायत नहीं की। अब बैरागढ़ पुलिस के लिए दोनों ठग युवतियों को खोजना जरूरी हो गया। पुलिस हुलिए के आधार पर भी उनकी पहचान कर रही है। उनकी उम्र करीब 30-35 साल है। एक मोटी और दूसरी पतली लड़की है।

## मनोरंजन की दुनिया का



भोपाल 2 जून 2026

### ब्लैक कॉमेडी और सस्पेंस का दिलचस्प मेल

# 'लॉर्ड कर्जन की हवेली'



अगर आप एक जैसी थ्रिलर फिल्मों से ऊब चुके हैं और कुछ अलग देखना चाहते हैं, तो 'लॉर्ड कर्जन की हवेली' आपके लिए दिलचस्प विकल्प हो सकती है। सीमित किरदारों और एक रहस्यमयी कहानी पर आधारित यह फिल्म ब्लैक कॉमेडी और सस्पेंस का अनोखा मिश्रण पेश करती है। कहानी इंग्लैंड में रहने वाले दो एशियाई कपल्स के इर्द-गिर्द घूमती है, जो एक डिनर पार्टी में मिलते हैं। बातचीत के दौरान घर में रखे एक बड़े संदूक का जिक्र होता है और मजाक-मजाक में कहा जाता है कि उसके भीतर एक लाश छिपी है। शुरुआत में यह केवल हंसी-मजाक लगता है, लेकिन जैसे-जैसे रात गहराती है, संदूक से आती अजीब आवाजें माहौल को रहस्यमय बना देती हैं। फिल्म में रसिका दुग्गल, अर्जुन माथुर, परेश पाहुजा और जोहा रहमान ने दमदार अभिनय किया है। निर्देशक अंशुमन झा ने महज चार-पांच किरदारों के जरिए ऐसा सस्पेंस रचा है, जो दर्शकों को अंत तक बांधे रखता है। करीब 1 घंटा 48 मिनट की यह फिल्म सिर्फ रहस्य ही नहीं, बल्कि मानवीय व्यवहार, रिश्तों और डर की परतों को भी सामने लाती है। अप्रत्याशित ट्विस्ट और डार्क ह्यूमर से भरपूर यह फिल्म फिलहाल जियो हॉटस्टार पर देखी जा सकती है।

**1 संदूक, 5 किरदार और रहस्य से भरी रात**

## एक हफ्ते पहले रिलीज होगी आलिया भट्ट की 'अल्फा'



बॉलीवुड अभिनेत्री आलिया भट्ट की बहुप्रतीक्षित स्पाई एक्शन फिल्म 'अल्फा' अब तय तारीख से एक सप्ताह पहले सिनेमाघरों में रिलीज होगी। पहले यह फिल्म 10 जुलाई को रिलीज होने वाली थी, लेकिन अब निर्माता इसे 3 जुलाई को दर्शकों के बीच लेकर आएंगे। फिल्म में आलिया भट्ट के साथ शरवरी वाघ और बॉबी देओल भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। बताया जा रहा है कि रिलीज डेट में बदलाव का फैसला बॉक्स ऑफिस रणनीति को ध्यान में रखकर लिया गया है। 17 जुलाई को धमाल 4 रिलीज होने वाली है, जबकि 26 जून को वेलकम टू द जंगल सिनेमाघरों में आएगी।

### किचन में मिली लाश, शुरू हुआ हंगामा

# 'मां बहन' में दिखेगा माधुरी तृप्ति का अनोखा अंदाज

बॉलीवुड की धक-धक गर्ल जियो हॉटस्टार की वेब सीरीज देशपांडे में सीरियल किलर की भूमिका निभाने के बाद फिर से क्राइम की दुनिया में एंट्री मार रही हैं। माधुरी दीक्षित एक बार फिर अलग अंदाज में दर्शकों के सामने आने वाली हैं। उनकी आगामी क्राइम-कॉमेडी फिल्म 'मां बहन' का ट्रेलर रिलीज होने के बाद फिल्म को लेकर उत्सुकता बढ़ गई है। इस बार क्राइम के साथ-साथ फुल ऑन कॉमेडी भी होगी। फिल्म में माधुरी के साथ तृप्ति ढीमरी, धारणा दुर्गा, और रवि किशन प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे। फिल्म के प्रमोशन के दौरान माधुरी दीक्षित का एक मजेदार बयान भी चर्चा में है। जब उनसे पूछा गया कि अगर फिल्म की कहानी दिल्ली में सेट होती तो सबसे च्यादा 'कांड' कौन करता, तो उन्होंने हंसते हुए कहा कि तृप्ति डिमरी और धारणा दुर्गा उनसे च्यादा कांड कर सकती हैं, क्योंकि दोनों दिल्ली के माहौल को उनसे बेहतर समझती हैं। माधुरी के इस जवाब पर वहां मौजूद सभी लोग मुस्कुरा उठे।

### लाश मिलने के बाद आता है कहानी में ट्विस्ट

फिल्म की कहानी रेखा नाम की एक महिला के इर्द-गिर्द घूमती है, जो अपनी जिंदगी की जिम्मेदारियों में पहले से ही उलझी हुई है। तभी उसके सामने एक ऐसी घटना घटती है, जो उसकी दुनिया पूरी तरह बदल देती है। उसके घर के किचन में एक लाश मिलने के बाद हालात और भी बदतर हो जाते हैं। इसके बाद रेखा और उसकी दोनों बेटियां जया और सुषमा इस परेशानी से निकलने की कोशिश करती हैं।

### कॉमेडी, सस्पेंस और पारिवारिक ड्रामा का मिश्रण

ट्रेलर में कॉमेडी, सस्पेंस और पारिवारिक ड्रामा का दिलचस्प मिश्रण दिखाई देता है। माधुरी दीक्षित रेखा का किरदार निभा रही हैं और हमेशा की तरह बेहद इंप्रेसिव हैं, हालांकि उनका रोल वाकई सबसे अलग दिखता है। जब वह ग्लैमरस अंदाज में आती हैं तो उन्हें एक छोटा सा ट्रिब्यूट दिया जाता है और बैकग्राउंड में 'धक धक करने लगा' गाना बजता है। फिल्म में रवि किशन का किरदार भी कहानी में अहम मोड़ लाता नजर आता है। फिल्म में गीतांजली कुलकर्णी, अरुणोदय सिंह और शार्दुल भारद्वाज भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में हैं।



### 4 जून को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी क्राइम-कॉमेडी

*सुरेश त्रिवेणी के निर्देशन में बनी मां बहन सिनेमाघरों की बजाय सीधे ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज होगी। यह फिल्म 4 जून 2026 से ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी। फिल्म में माधुरी, तृप्ति, धरना, रवि के अलावा अरुनोदय सिंह और गीतांजलि कुलकर्णी भी अहम भूमिकाओं में हैं। मेकर्स का दावा है कि यह कहानी दर्शकों को हंसाने के साथ-साथ अंत तक बांधे रखेगी।*

### रंगा-बिल्ला केस से प्रेरित वेब सीरीज का ट्रेलर रिलीज

## 12 जून को रिलीज होगी अली फजल और सोनाली बेंद्रे की 'राख'



अभिनेता अली फजल की नई इन्वेस्टिगेटिव क्राइम थ्रिलर सीरीज 'राख' की रिलीज डेट सामने आ गई है। मार्च में टीजर जारी होने के बाद चर्चा में आई यह सीरीज अब 12 जून से ओटीटी प्लेटफॉर्म प्राइम वीडियो इंडिया पर स्ट्रीम होगी। मेकर्स ने रिलीज डेट के साथ इसका नया पोस्टर भी जारी किया है, जिसमें अली फजल पुलिस अधिकारी के किरदार में नजर आ रहे हैं। सीरीज की कहानी 1970 के दशक की दिल्ली की पृष्ठभूमि पर आधारित है। कथानक दो किशोरों के रहस्यमय ढंग से लापता होने के बाद शुरू होता है। मामले की जांच की जिम्मेदारी पुलिस अधिकारी जयप्रकाश के कंधों पर आती है। जांच आगे बढ़ने के साथ वह हिंसा, अपराध और अमानवीय क्रूरता की एक ऐसी दुनिया में पहुंच जाता है, जहां हर परत के पीछे नया रहस्य छिपा है। सीरीज का निर्देशन प्रोसित रॉय ने किया है। इसमें अली फजल के साथ सोनाली बेंद्रे, दिब्येंदु भट्टाचार्य और आमिर बशीर प्रमुख भूमिकाओं में दिखाई देंगे। सोनाली बेंद्रे लंबे अंतराल के बाद ओटीटी पर वापसी कर रही हैं।

### हार नहीं मानी, वर्दी की राह चुनी

## 'सत्या साची' में नया मोड़, अनंदिता का नया अवतार

**अफसर बनने की राह में साची का संघर्ष**



सन नियो के लोकप्रिय टीवी शो 'सत्या साची' में जल्द ही दर्शकों को एक नया और प्रेरणादायक मोड़ देखने को मिलेगा। शो की मुख्य किरदार साची अब पुलिस अधिकारी बनने की दिशा में कदम बढ़ा रही है। पर्दे पर यह सफर जितना सहज दिखाई देता है, उसे निभाने के लिए अभिनेत्री अनंदिता साहू को काफी मेहनत करनी पड़ी। अनंदिता ने बताया कि शो में साची के किरदार का विकास लगातार हुआ है। शुरुआत में उसकी दुनिया पढ़ाई और परिवार तक सीमित थी, लेकिन परिस्थितियों और जिम्मेदारियों के बीच वह अब एक बड़े लक्ष्य की ओर बढ़ रही है। कहानी के नए ट्रैक में साची पुलिस अधिकारी बनने का सपना पूरा करने की कोशिश करती नजर आएगी। अभिनेत्री के अनुसार पुलिस ट्रेनिंग से जुड़े दृश्यों की शूटिंग उनके लिए सबसे चुनौतीपूर्ण अनुभवों में से एक रही। नियमित फिटनेस रूटीन का हिस्सा न होने के कारण उन्हें शारीरिक रूप से काफी मेहनत करनी पड़ी। दौड़, एक्सरसाइज और प्रशिक्षण से जुड़े दृश्यों की शूटिंग के दौरान कई बार उन्हें लगा कि यह आसान नहीं है, लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी। अनंदिता का कहना है कि जब उन्होंने बाद में इन दृश्यों को स्क्रीन पर देखा तो उन्हें अपनी मेहनत का परिणाम नजर आया।

# राजधानी

# निगम में नहीं निपटाई जा रहीं योजनाओं की फाइलें, बैठक में कलेक्टर ने लगाई फटकार

### अगली बार शिकायत आई तो समझाइश नहीं सीधे एक्शन होगा, जिला शिक्षा अधिकारी व पीएचई के एसडीओ को शोकॉज नोटिस

**जागरण संवाददाता, भोपाल।** नगर निगम में संबल योजना व शासन की अन्य कल्याणकारी योजनाओं की सैकड़ों फाइलें पेंडिंग पड़ी हुई हैं। जिसके कारण आम लोगों को योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। ऐसी ही कई पेंडिंग फाइलों की समीक्षा करते हुए सोमवार को समय सीमा (टाइम लिमिट) पत्रों की बैठक में कलेक्टर प्रियंक मिश्रा जमकर नाराज हुए। उन्होंने नगर निगम के अपर आयुक्त मुकेश कुमार शर्मा को समझाइश देते हुए कहा कि नगर निगम द्वारा शासन की योजनाओं से जुड़ी फाइलों का तत्काल निराकरण क्यों नहीं किया जा रहा है। आम लोगों को क्यों परेशान किया जा रहा है। कलेक्टर ने इस पर नाराजगी जताते हुए कहा कि आने वाले दिनों में एक फाइल पेंडिंग मिली, तो नगर निगम में जिस भी शाखा का अधिकारी होगा। उस पर सीधे एक्शन लिया जाएगा। साथ ही कई विभागों में बेहद कम सीएम हेल्पलाइन की शिकायतें लंबे समय से पेंडिंग हैं। ऐसे विभागों को भी कलेक्टर ने चेताते हुए कहा कि यदि एक भी शिकायत आए तो उसे समय पर निपटा दें। लोगों की शिकायतें सुलझाने के लिए हैं। रखकर बैठने के लिए नहीं हैं। इसी दौरान कलेक्टर ने काम में लापरवाही करने पर जिला शिक्षा अधिकारी पर भी नाराजगी जताई और उन्हें शो कॉज नोटिस जारी कराया। पीएचई के एसडीओ को भी विभिन्न कार्य पेंडिंग होने के चलते कारण बताओ नोटिस जारी कर दिया और कहा कि नोटिस का जवाब समय सीमा में देने के साथ ही काम भी समय पर निपटाएं।

### समस्याएं लेकर भटक रहे लोग, जनसुनवाई में कर रहे शिकायतें

जिले के विभिन्न क्षेत्रों से कलेक्ट्रेट व तहसील दफ्तरों से जुड़े कामों के न होने के चलते लोग भटक रहे हैं। आम नागरिक मजबूरी में कलेक्ट्रेट, तहसीलों और नजूल कार्यालयों के चक्कर काट रहे हैं। इसके बाद भी कई बार समय पर काम नहीं होते हैं, जिसके चलते लोगों को आवेदन लेकर जनसुनवाई में कलेक्ट्रेट का दरवाजा खटखटाना पड़ रहा है, नतीजतन आवेदकों की भीड़ लगातार बढ़ रही है। ऐसा काम अब कतई नहीं चलेगा। लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत आने वाले आवेदनों और भूमि से संबंधित प्रकरणों का निराकरण बिना किसी देरी से तत्काल करें। यदि इस चेतावनी के बाद भी काम ढिलाई से किए जाएंगे, तो लोगों पर लापरवाह अधिकारियों पर अब पेनाल्टी लगाई जाएगी। कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइनों की शिकायतों की समीक्षा भी की। कई शिकायतें 100 दिनों से अधिक समय से पेंडिंग हैं। इन शिकायतों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने कहा कि आम लोगों से जुड़ी शिकायतों का अगर समय पर निपटारा नहीं किया जाएगा, तो लापरवाही करने वाले अधिकारियों पर सीधे कार्रवाई करने की बात कही। इस दौरान कलेक्टर आधार सत्यापन व मृत्यु सत्यापन कार्य की धीमी रफ्तार से भी नाराज हुए। जिले में 18 साल या उससे ज्यादा साल के लोगों का आधार सत्यापन काम थमा हुआ है। 100 साल या उससे ज्यादा आयु के सीनियर सिटीजन के मृत्यु सत्यापन कार्यों के न होने पर तहसीलदारों को शो कॉज नोटिस जारी करवा दिए। हाई कोर्ट में लंबित अवमानना प्रकरणों के जवाब समय-सीमा के भीतर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने को कहा।

# रंजिश में चाकू से गुफरान की पीठ गोद दी, 130 टांके आए, कैफ का पैर कुचला

### कोहेफिजा में युवती को लेकर हुआ था विवाद, घायलों का इलाज जारी

**क्राइम रिपोर्टर, भोपाल।** रंजिश के चलते कोहेफिजा में देर रात चली गोली और चाकूबाजी में दो गंभीर रूप से घायल हैं। आरोपियों ने गुफरान की चाकू से पीठ गोद थी, जिसे 130 टांके आए हैं। मोहम्मद कैफ का पैर पूरी तरह से कुचल दिया। युवती को लेकर दो पक्षों में खूनी संघर्ष हुआ था। पुलिस ने चार लोगों को गिरफ्तार किया है। 22 वर्षीय संजय उर्फ सन्नी नरवलिया बाजपेयी नगर मल्टी में रहता है। संजय विजय नगर निवासी गुफरान के साथ केटरिंग का काम करता है। गुफरान के दोस्त साहिल का बरेला गांव में रहने वाले रहमान से पुराना विवाद चल रहा है। यह विवाद एक युवती को लेकर है। शनिवार-रविवार की दरम्यानी रात करीब डेढ़ बजे उनके बीच विवाद हो गया। इस पर रहमान ने अपने साथी कैफ उर्फ लाला नाम के बदमाश को बुलाया था। जोकि टीला का रहने वाला है। दोनों पक्ष बरेला गांव में आमने सामने आ गए। दूसरा पक्ष भारी पड़ने लगा तो मोहम्मद कैफ ने अपने पास रखी पिस्टल से दो फायर किए। एक गोली गुफरान के कान के बगल से निकल गई। दूसरी गोली संजय के पीछे पुट्ठे को लगी, जिसमें वह घायल हो गया। उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गुफरान की चाकू से पीठ गोद दी गई। उसे 130 टांके आए हैं। साहिल की तरफ से चाकूबाजी की गई, जिसमें कैफ और रहमान को भी चोट आईं हैं। कैफ का पैर बुरी तरह से आरोपियों के कुचल दिया। दोनों का गंभीर हालत में इलाज चल रहा है। पुलिस ने संजय की शिकायत कैफ एवं तीन अन्य आरोपियों तथा कैफ की शिकायत पर काउंटर केस दर्ज किया है।

# 5 माह में 11वीं बार पहुंचे चयनित शिक्षकों से बोले सीपीआई- आंदोलन से क्या होगा?

### सीएम और मंत्री से भी मिले भावी शिक्षक, गाने भी गाए, फिर हुए निराश

**जागरण, भोपाल।** गायन-वादन और नृत्य शिक्षक के लिए चयनित एक हजार से अधिक अभ्यर्थियों ने पांच महीने में 11 वीं बार लोक शिक्षण संचालनालय पहुंचकर प्रदर्शन किया। पहले तो अधिकारियों ने कार्यालयों का गेट बंद करा दिया गया। फिर काफी देर नारेबाजी करा लेने के बाद प्रतिनिधि मंडल को मुलाकात के लिए बुलाया गया। पहले तो इन चयनित शिक्षकों को अधिकारी ने ऐसे लताड़ा जैसे सामने हुड़दंगी छात्र खड़े हों। प्रदर्शन-नारेबाजी पर नाराजगी जताते हुए अधिकारी ने तल्ख लहजे में यह भी पूछा- आंदोलन से क्या होगा? करते रहो। दुत्कार और लताड़ सुन निराश चयनित शिक्षक, जिनमें बड़ी संख्या में महिलाएं भी शामिल थीं, अपने-अपने घर लौट गए। हालांकि ये चयनित शिक्षक अनिश्चितकालीन धरने की तैयारी से डीपीआई पहुंचे थे। रैली निकालकर डीपीआई पहुंचे चयनित शिक्षकों ने अपनी नियुक्ति और स्कूल चयन की प्रक्रिया जल्द पूर्ण करने की मांग करते हुए देश भक्ति के तराने भी गाते रहे। जमकर नारेबाजी भी की। इसका फायदा केवल यह हुआ कि आयुक्त ने चर्चा के लिए बुला लिया। मगर चर्चा एक तरफा हुई, आयुक्त डांटते-डपटते रहे और फिर वही रटा-रटाया जवाब चयनित शिक्षकों के सामने आ गया, जो पिछले 10 मुलाकातों में मिलता था- हम काम कर रहे हैं, जल्द ही आपकी नियुक्ति कर दी जाएगी। किसी को अपनी बात रखने का मौका तक नहीं मिला, कुछ पूछने का तो सवाल ही नहीं उठता। हालांकि संचालनालय से मिली निराशा के बाद चयनित शिक्षकों के अलग-अलग समूह मुख्यमंत्री निवास और शिक्षा मंत्री के बंगले पर भी पहुंचे। सीएम हाउस के अधिकारियों ने 10 दिन में चयन प्रक्रिया पूर्ण कर नियुक्ति देने का आश्वासन इन चयनित शिक्षकों को दिया है। वहीं शिक्षा मंत्री राव उदयप्रताप सिंह ने भी सभी की मांगे व समस्याएं विस्तार से सुन जल्द समाधान का भरोसा दिलाया है। हर स्तर पर मुलाकात के बाद ये चयनित शिक्षक अपने घर लौट गए।

### ये हैं इनकी समस्याएं

वर्ग दो और तीन संगीत शिक्षक के लिए भर्ती प्रक्रिया 2023 में शुरू हुई थी। 2024 में पात्रता परीक्षा आयोजित की गई। अगले साल 2025 में चयन परीक्षा ली गई, इनका रिजल्ट सितंबर 2025 में घोषित हो गया। दिसंबर तक इन 1150 अभ्यर्थियों की चयन सूची जारी करने के साथ ही दस्तावेजों का सत्यापन भी पूर्ण करा लिया गया। मगर कुछ लोगों की प्रयागराज समिति इलाहाबाद की डिग्री होने के कारण सभी की नियुक्ति रोक दी गई है। पांच माह में ये लोग 11 बार भोपाल आकर डीपीआई का घेराव कर चुके हैं। इनमें महिलाएं भी बड़ी संख्या में शामिल हैं।

## कुचिपुड़ी के सुर-ताल से सजेगा मानव संग्रहालय

**जागरण, भोपाल।** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय में सोमवार से 15 दिवसीय प्रोडक्शन ओरिएंटेड ग्रीष्मकालीन कुचिपुड़ी नृत्य कार्यशाला का शुभारंभ हुआ। संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार से सम्मानित सुप्रसिद्ध कुचिपुड़ी नृत्यांगना गुरु वनश्री राव के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यशाला में प्रतिभागियों को शास्त्रीय नृत्य की बारीकियों के साथ मंचीय प्रस्तुति का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जाएगा। उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता संग्रहालय के सहायक क्यूरेटर डॉ. पी. शंकर राव ने की। उन्होंने भारतीय प्रदर्शनकारी कलाओं के संरक्षण और युवा पीढ़ी को उनसे जोड़ने में ऐसी कार्यशालाओं की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया। इस अवसर पर गुरु वनश्री राव ने अपनी कलायात्रा के अनुभव साझा करते हुए प्रतिभागियों को अनुशासन, निरंतर अभ्यास और समर्पण के साथ सीखने के लिए प्रेरित किया। कार्यशाला में आगामी 15 दिनों तक प्रतिभागियों को कुचिपुड़ी की तकनीक, भावाभिव्यक्ति और नृत्य संरचना का प्रशिक्षण दिया जाएगा। समापन पर प्रतिभागियों द्वारा तैयार की गई विशेष प्रस्तुति मंचित की जाएगी, जिससे उन्हें नृत्य-रचना और मंच संचालन का व्यावहारिक अनुभव प्राप्त होगा।


mpt
Your host in the heart of India
www.mpstdc.com

**मध्यप्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम**
पर्यटन भवन, भदभदा रोड, भोपाल-462003
फोन : +91 755 4027100, 2774340/42, www.mpstdc.com
क्रमांक 249/यांत्रिकी/पविनि/26 दिनांक : 01.06.2026

**निविदा सूचना**

मध्यप्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम भोपाल द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन (Online) निविदा प्रपत्र APPENDIX 2.10 पर म.प्र. लोक निर्माण विभाग में उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | नि.सू. क्र./सिस्टम आई.डी./कार्य का नाम | ठेके की अनु. राशि रु. लाख में |
|---|---|---|
| 1 | 203/2026_STDC_212047_1/ जिला राजगढ़ स्थित Govt. H.S. धनवास कलां ब्लॉक (UDISE code 23300110804) में 5 अतिरिक्त क्लास रूम, 01 लैब, बाउंड्री, गेट, टॉयलेट का निर्माण एवं रिनोवेशन के कार्य (आंतरिक विद्युतीकरण सहित)। (कार्यपूर्णता का समय 14 माह)। | 194.09 |
| 2 | 204/2026_STDC_212048_1/ जिला राजगढ़ स्थित Govt. H.S.S. झाड़ला नरसिंहगढ़ ब्लॉक (UDISE code 23300313708) में 4 नं. अतिरिक्त क्लास रूम, गेट, टॉयलेट का निर्माण एवं रिनोवेशन के कार्य (आंतरिक विद्युतीकरण सहित)। (कार्यपूर्णता का समय 13 माह)। | 172.61 |
| 3 | 205/2026_STDC_212053_1/ जिला राजगढ़ स्थित Govt. H.S. भादाहेडी खिलचीपुर ब्लॉक (UDISE code 23300503203) में 4 नं. अतिरिक्त क्लास रूम, 01 लैब, 01 लाइब्रेरी, पाथवे, टॉयलेट का निर्माण एवं रिनोवेशन के कार्य (आंतरिक विद्युतीकरण सहित)। (कार्यपूर्णता का समय 13 माह)। | 166.62 |
| 4 | 206/2026_STDC_512055_1/ जिला राजगढ़ स्थित Govt. H.S. दिलावरी खिलचीपुर ब्लॉक (UDISE code 23300508903) में 3 अतिरिक्त क्लास रूम, 01 लैब, बाउंड्री, गेट, टॉयलेट का निर्माण एवं रिनोवेशन के कार्य (आंतरिक विद्युतीकरण सहित)। (कार्यपूर्णता का समय 10 माह)। | 138.20 |
| 5 | 207/2026_STDC_212056_1/ जिला राजगढ़ स्थित Govt. H.S. आमला नरसिंहगढ़ ब्लॉक (UDISE code 23300300710) में 3 अतिरिक्त क्लास रूम, बाउंड्री, गेट, टॉयलेट का निर्माण एवं रिनोवेशन के कार्य (आंतरिक विद्युतीकरण सहित)। (कार्यपूर्णता का समय 10 माह)। | 119.70 |

वेबसाइट पर ऑनलाइन भुगतान कर निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्युमेंट) वेबसाइट के माध्यम से क्रय किये जा सकते हैं। निविदा प्रपत्र ऑनलाइन क्रय करने की **अंतिम तिथि 22.06.2026 समय सायं 05:00 बजे तक** निर्धारित है। कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट **https://mptenders.gov.in** पर दिनांक 03.06.2026 से देखा जा सकता है।

म.प्र. माध्यम/126126/2026 **कार्यपालन यंत्री**

## संक्षिप्त खबरें

### स्वं. सारंग की याद में मनाया गया मातृ-पितृ भक्ति दिवस



**विशेष संवाददाता, भोपाल।** राजधानी के नरेला विधानसभा क्षेत्र में सोमवार को कई वार्डो में पूर्व सांसद स्व.कैलाश नारायण सारंग की जयंती की पूर्व संध्या पर मातृ-पितृ भक्ति दिवस एवं वृद्धजनों का सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने वृद्धजनों का सम्मान किया। इस मौके पर वृद्धों के पांख पखारे गए,तो उनकी आरती भी उतारी गई। भाजपा के संस्थापक सदस्य स्व. सारंग की 2 जून को जयंती है। इससे पहले सोमवार को नरेला विधानसभा के वार्ड 37, 75, 76, 77, 78 एवं 79 में कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें स्व. सारंग के पुत्र एवं सहकारिता, खेल और युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने शामिल होकर वृद्धजनों के पांव पखारे और उनकी आरती उतारकर उन्हें सम्मानित किया। सारंग ने कहा कि उनके पिताजी ने अपना संपूर्ण जीवन राष्ट्र एवं जनमानस की सेवा में समर्पित कर दिया। उनका स्वप्न था कि प्रत्येक वृद्ध का सम्मान हो। इसी उद्देश्य के साथ हर वर्ष उनकी जयंती को संपूर्ण राष्ट्र में मातृ-पितृ भक्ति दिवस के रूप में मनाया जाता है।

**देशभर में होंगे विविध सेवाकार्य:** 2 जून को स्व. कैलाश नारायण सारंग की जयंती के अवसर पर उनके अनुयायियों, प्रशंसकों एवं समर्थकों द्वारा सम्पूर्ण भोपाल शहर में शरबत वितरण एवं विभिन्न सेवा से जुड़े कार्य किया जाएगा। इसके साथ ही अखिल भारतीय कायस्थ महासभा द्वारा भी देशभर में सेवा, सहयोग एवं जनहित से जुड़े अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

### भागवत कथा का भंडारे के साथ हुआ समापन, उमड़े श्रद्धालु

**जागरण संवाददाता, भोपाल।** कटारा हिल्स स्थित संस्कार भारती विद्यापीठ के प्रांगण में चल रहे सात दिवसीय अमृतमयी श्रीमद् भागवत ज्ञानकथा का सोमवार को समापन हो गया। इस अवसर पर प्रख्यात कथावाचक आनंद कृष्ण शास्त्री के मुखारविंद से कथा सुनने के लिए अंतिम दिन भारी संख्या में श्रद्धालु भक्तजन उमड़ पड़े। सात दिनों तक चले इस धार्मिक अनुष्ठान में भगवान श्री कृष्ण की विभिन्न मनमोहक लीलाओं को सजीव झांकियों के माध्यम से दर्शाया गया, जिसने पंडाल में मौजूद हर भक्त को भावविभोर कर दिया। कथा के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी (पिछड़ा वर्ग) के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. सुरजीत सिंह चौहान एवं संस्कार भारती विद्यापीठ केसंचालक शांतनु शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। अतिथियों ने व्यासपीठ का पूजन कर गुरुदेव से आशीर्वाद लिया। बता दें कि कथा का आयोजन प्रेरणा पुंज फाउंडेशन के द्वारा किया गया है। फाउंडेशन के संस्थापक अजय सिंह ने इस पुनीत कार्य को सफल बनाने के लिए संस्कार भारती विद्यापीठ के संचालक शांतनु शर्मा और समस्त विद्यालय परिवार का आभार व्यक्त किया। अपने अंतिम दिन कथा का वाचन करते हुए आनंद कृष्ण शास्त्री ने आधुनिक समाज की विसंगतियों पर गहरा प्रकाश डाला।

# जहां दफन है यूका का जहरीला कचरा, वहीं पर कॉलोनी बसाने की तैयारी में भू-माफिया

## दीवार खड़ी करने का काम जारी, शिकायत के बाद भी अब तक कार्रवाई नहीं

**नगर संवाददाता, भोपाल।** आरिफ नगर के पास खाली पड़ी सरकारी जमीन पर इन दिनों भूमाफिया कॉलोनी बसाने की तैयारी कर रहे हैं। यह जमीन यूनियन कार्बाइड को दी गई थी। गैस कांड के बाद जब फैक्ट्री से जहरीला कचरा निकला तो इस कचरे को पास में ही खाली पड़ी जमीन पर खोदे गए तालाबों में दफन कर दिया गया था। चूंकि अब यह तालाब सूख चुके हैं, इसलिए यहां जमीन निकल आई है और इस जमीन पर भूमाफियाओं की नजर पड़ चुकी है। इसी भूमि पर इन दिनों दीवार खड़ी कर बाउंड्री वॉल बनाने का काम जारी है। इसी के साथ जेसीबी की मदद से जमीन को समतल किया जा रहा है। ताकि आसानी से यहां प्लॉट काटकर बेचे जा सकें।



**तीन में से दो तालाब सूखे, एक में कुछ पानी बचा:** सूत्रों ने बताया कि गैस कांड के बाद जब फैक्ट्री से हजारों टन जहरीला कचरा निकला था तो इस कचरे को दफनाने के लिए यूका के आस पास बने तीन तालाबों का इस्तेमाल किया गया था। इन तालाबों में जहरीले कचरे को दफन किया गया है। इस कचरे को हटाने की कार्रवाई फिलहाल रुकी हुई है, और मामला सुप्रीम कोर्ट में लंबित है। भूमाफियाओं ने बड़ी चालाकी से पहले इन तालाबों में कचरा डलवाया और जब कचरे से तालाब भर गए तो वह धीरे धीरे सूखते चले गए। वर्तमान में तीन तालाब में से दो तालाब पूरी तरह सूख चुके हैं और सिर्फ एक तालाब में ही कुछ मात्रा में पानी बचा हुआ है। सूखे हुए तालाब की जमीन पर कॉलोनी बसाने की तैयारी की जा रही है।

**जिला प्रशासन नहीं कर रहा कार्रवाई:** जहरीली जमीन पर कॉलोनी काटने की तैयारी की जा रही है, इस बात की शिकायत कलेक्टर कार्यालय में की गई है। शिकायत करने वाली रचना ढींगरा ने बताया कि मैंने सबसे पहले मार्च महीने में इस मामले को उठाया था। एनजीटी और जिला प्रशासन को पत्र भी लिखा। मुझे जवाब दिया जा रहा है कि जिस जमीन पर भूमाफिया कॉलोनी बसाने की तैयारी कर रहा है, वह भूमि सरकारी नहीं है। बल्कि खसरा नंबर दस निजी भूमि है और इस पर जिला प्रशासन कार्रवाई नहीं कर सकता।

### जमीन के नीचे दफन है हजारों मीट्रिक टन कचरा

राज्य सरकार ने वर्ष 2025 में 337 मीट्रिक टन कचरा पीथमपुर में जलाया है। यह कचरा यूका फैक्ट्री के अंदर पैकेट में बंद था। लेकिन कई गैस संगठनों का दावा है कि यूका के आस पास की जमीन पर हजारों मीट्रिक टन कचरा दफन है। विभिन्न पर्यावरण संगठनों के अध्ययन बताते हैं कि बारिश के पानी के साथ रिसकर इस कचरे ने कारखाने के आसपास की कम से कम 42 बस्तियों के भूजल को पूरी तरह प्रदूषित कर दिया है। इस दफन कचरे को हटाने के लिए और इस विषय में वैज्ञानिक शोध करने के लिए सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका भी दायर है। जिस पर सुनवाई होना है। लेकिन सुनवाई से पहले ही भूमाफिया इस जमीन पर प्लॉट काटने की तैयारी में जुट गए हैं।

### गौ सम्मान अभियान में 5 लाख लोगों को जोड़ने का लक्ष्य

**भोपाल ।** गौमाता की सेवा, सुरक्षा और सम्मान को लेकर चल रहा चलाए जा रहे गौ सम्मान आह्वान अभियान का दूसरा चरण 27 जुलाई को शुरू होगा। अभियान के दूसरे चरण में देशभर से लगभग 40 करोड़ लोगों के हस्ताक्षर जुटाने का लक्ष्य रखा गया है। भोपाल जिले ने 5 लाख हस्ताक्षर कराने का लक्ष्य तय किया गया है। 27 जुलाई को कलेक्टर के माध्यम से राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल और मुख्यमंत्री के नाम प्रार्थना पत्र सौंपे जाएंगे। साथ ही हजारों गौप्रेमी कलेक्ट्रेट जाकर प्रार्थना पत्र सौंपेंगे। इस लक्ष्य को सफलता पूर्वक पाने के लिए राजधानी के विभिन्न इलाकों, कॉलोनियों, गांवों और धार्मिक स्थलों पर लगातार जनसंपर्क किया जा रहा है। हर वर्ग में पुरूषों और महिलाओं के साथ बैठकों के अलावा जनजागरण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। भोपाल संभाग प्रभारी कवेंद्र शर्मा ने बताया कि पहले चरण में 27 अप्रैल को 5.25 करोड़ लोगों ने हस्ताक्षर कर गौ सेवा, सुरक्षा और सम्मान के समर्थन में अपनी भागीदारी दर्ज कराई। अब 27 जुलाई को गौ सम्मान दिवस के रूप में मनाया जाएगा। सुबह विजय मंत्र श्रीराम जय राम जय जय राम का सामूहिक संकीर्तन किया जाएगा। इसके बाद कलेक्टर को ज्ञापन सौंपने जुलूस की शक्ल में गौ प्रेमी कलेक्ट्रेट पहुंचेंगे।

## आयाम इंक्लूजन स्कूल के बच्चों ने निकाली नशामुक्ति जागरूकता रैली




**भोपाल।** नशामुक्त समाज के निर्माण के लिए आयाम इंक्लूजन स्कूल के दिव्यांग एवं सामान्य बच्चों ने एक प्रेरणादायक पहल की। स्कूल के समस्त स्टाफ के साथ मिलकर बच्चों ने नशामुक्ति अभियान के अंतर्गत जागरूकता रैली निकाली। रैली स्कूल परिसर से शुरू होकर मुख्य मार्गों से होते हुए वापस विद्यालय पहुंची। इस दौरान बच्चों के हाथों में नशा छोड़ो, जीवन जोड़ो, नशे को ना, जिंदगी को हां जैसे स्लोगन लिखी तख्तियां थीं। बच्चों ने नारे लगाकर राहगीरों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया। रैली के समापन पर विद्यालय प्रांगण में सभी बच्चों एवं स्टाफ सदस्यों को नशा न करने, नशे से दूरी बनाने तथा समाज को भी नशामुक्त बनाने के लिए प्रेरित करने की शपथ दिलाई गई। सभी ने एक स्वर में शपथ ली। विद्यालय की प्रधानाचार्या विवा जोशी ने बताया कि आयाम इंक्लूजन स्कूल का उद्देश्य केवल शिक्षा देना ही नहीं, बल्कि बच्चों में सामाजिक जिम्मेदारी का भाव भी जगाना है। दिव्यांग और सामान्य बच्चे एक साथ कंधे से कंधा मिलाकर जब समाज हित में आगे आते हैं तो संदेश और भी सशक्त हो जाता है।

## जिले के सरकारी अस्पतालों की सुधरेगी सेहत, नोडल अधिकारी संभालेंगे व्यवस्थाएं

### सीएमएचओ ने जारी किया आदेश, रात्रिकालीन सेवाओं पर रहेगी नजर

**नगर संवाददाता, भोपाल।** जिले के सभी सरकारी अस्पतालों में नोडल अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। इन अधिकारियों को जिम्मेदारी दी गई है कि वह सरकारी अस्पतालों में व्यवस्थाओं को बनाए रखने में मदद करें। यानि अब जिले के सभी सरकारी अस्पतालों की सेहत का जिम्मा इन नोडल अधिकारियों को दे दिया गया है। जानकारी अनुसार जिले के सिविल अस्पतालों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों की व्यवस्था सुधारने के लिए अब अलग-अलग नोडल अधिकारियों की नियुक्ति की जाएगी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी भोपाल द्वारा जारी आदेश में विभिन्न अस्पतालों और स्वास्थ्य केंद्रों की निगरानी के लिए अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। आदेश के अनुसार ये नोडल अधिकारी अस्पतालों में नियमित निरीक्षण कर निगरानी करेंगे। इसके साथ ही अस्पतालों में स्टाफ की उपस्थिति और रात्रिकालीन निरीक्षण पर भी फोकस रहेगा। स्वास्थ्य विभाग का कहना है कि इससे सरकारी अस्पतालों की कार्यप्रणाली में सुधार आएगा और मरीजों को बेहतर सुविधाएं मिल सकेंगी। आदेश की प्रतिलिपि लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन और जिला स्वास्थ्य समिति को भी भेजी गई है। नोडल अधिकारियों को अस्पतालों में स्टोर और ईडीएल दवाओं की मॉनिटरिंग, बायोमेडिकल वेस्ट के सुरक्षित निपटान और फायर सेफ्टी ऑडिट पर नजर रखनी होगी। साथ ही सार्थक एप के जरिए कर्मचारियों की उपस्थिति जांचने और अस्पतालों का रात्रिकालीन निरीक्षण करने के निर्देश दिए गए हैं।

#### किस अस्पताल के लिए कौन नोडल अधिकारी

- डॉ. केएनके अस्पताल अस्पताल - जिला परिवार कल्याण अधिकारी (द्वितीय)
- सिविल अस्पताल बैरसिया - जिला टीकाकरण अधिकारी
- सिविल अस्पताल गोविंदपुरा - जिला कार्यक्रम प्रबंधक
- सीएचसी बैरसिया - जिला क्षय अधिकारी
- सीएचसी गांधीनगर - जिला परिवार कल्याण अधिकारी (द्वितीय)
- सीएचसी कोलार - जिला परिवार कल्याण अधिकारी (प्रथम)
- बैरसिया ब्लॉक पीएचसी - मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी बैरसिया
- फंदा ब्लॉक पीएचसी - मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी फंदा-गांधीनगर

*अस्पतालों की नियमित मॉनिटरिंग और जवाबदेही तय करने के उद्देश्य से यह व्यवस्था लागू की गई है, जिससे मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकेंगी।*

*● डॉ मनीष शर्मा, सीएमएचओ*

### जवाहर बाल भवन में दो नाटकों की प्रस्तुतियां

## 'रीढ़ की हड्डी' ने रूढ़ियों पर किया प्रहार, 'आखिरी बस' ने जगाई उम्मीद

**जागरण, भोपाल।** जवाहर बाल भवन, तुलसी नगर में सोमवार को अंतरंग कल्चरल एंड वेलफेयर सोसायटी एवं रंगदर्शन कल्चरल एंड वेलफेयर सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में दो चर्चित नाटकों 'रीढ़ की हड्डी' और 'आखिरी बस' का प्रभावशाली मंचन किया गया। सामाजिक सरोकारों और मानवीय रिश्तों की बारीकियों को सामने लाती दोनों प्रस्तुतियों ने दर्शकों को अंत तक बांधे रखा। कार्यक्रम की शुरुआत सीमा मोरे के निर्देशन में जगदीश चंद्र माथुर लिखित नाटक 'रीढ़ की हड्डी' से हुई, जबकि दूसरे सत्र में संतोष सुमन के निर्देशन में 'आखिरी बस' का मंचन किया गया।



### 'रीढ़ की हड्डी' ने रूढ़ियों को दी चुनौती

नाटक की कहानी उमा नामक युवती के इर्द-गिर्द घूमती है, जो विवाह और स्त्री को लेकर समाज में व्याप्त संकीर्ण सोच का सामना करती है। प्रस्तुति ने महिला सम्मान, आत्मगौरव और स्वतंत्र व्यक्तित्व के पक्ष में सशक्त संदेश देते हुए दर्शकों को सोचने पर मजबूर किया।

### 'आखिरी बस' में दिखी रिश्तों की गर्माहट

रूसी लेखक अलेक्जेंडर वैम्पिलोव की रचना पर आधारित इस नाटक में एक बुजुर्ग पिता, युवा प्रेम और पारिवारिक संबंधों की भावनात्मक कहानी को संवेदनशीलता के साथ प्रस्तुत किया गया। प्रेम, विश्वास और मानवीय समझ का संदेश देती यह प्रस्तुति दर्शकों के दिलों को छू गई।



## अधूरे काम पूरा करवाएंगे दो बिल्डर, दूर होगा जलसंकट

**जागरण संवाददाता, भोपाल।** राजधानी की भविष्य मेट्रो सिटी और कोरल कासा के निवासियों को भीषण गर्मी में जलसंकट की समस्या से जूझना पड़ा है। लंबे समय तक रहवासी इस समस्या को लेकर भटक रहे थे, लेकिन कलेक्टर प्रियंक मिश्रा से की गई शिकायत के बाद लोगों को बड़ी राहत मिली है। कलेक्टर ने इस मामले को एडीएम सुमित कुमार पांडे को सौंपते हुए निपटाने के आदेश जारी किए थे, जिसके बाद बिल्डर अधूरे विकास कार्यों को पूरा करवाने के लिए राजी हुआ है। लगभग 300 रहवासियों की शिकायत पर संज्ञान लेते हुए अपर जिलाधिकारी (एडीएम) सुमित कुमार पांडे ने दोनों बिल्डरों को कलेक्टर कार्यालय तलब किया था। एडीएम की सख्त समझाइश हिदायत देते हुए बिल्डरों को समझाया था कि लोगों की समस्या सुलझा दी जाए। वरना दोनों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी, जिसके बाद बिल्डर अधूरे विकास कार्य पूरे करवाने के लिए राजी हो गया है।

### एडीएम ने कोरल कासा और भविष्य मेट्रो सिटी के बिल्डर को दिए आदेश

**जलसंकट से जूझ रहे थे रहवासी:** अयोध्या बायपास स्थित कोरल कासा कॉलोनी के रहवासी लंबे समय से गंभीर पेयजल संकट से जूझ रहे थे और उन्हें निजी खर्च पर पानी के टैंकर बुलाने पड़ रहे थे, बिल्डर अधूरी नर्मदा लाइन का काम पूरा नहीं होने दे रहा था। इसे लेकर रहवासियों और बिल्डर के बीच झगड़ा था। दूसरी ओर भविष्य मेट्रो सिटी में बिल्डर ने कंप्लीशन सर्टिफिकेट तो ले लिया था, लेकिन मौके पर कई निर्माण कार्य अधूरे छोड़ दिए थे। एडीएम ने दोनों ही मामलों में बिल्डर को काम पूरा करवाने के निर्देश दिए और कुछ राशि का खर्च रहवासियों को वहन करने को कहा है।

### समर बाजार 2.0 ने रचा नया इतिहास

## पहले नाइट बाजार में उमड़ी हजारों की भीड़, महिला उद्यमियों को मिला बड़ा मंच

**जागरण, भोपाल।** शाहपुरा हॉकर्स स्ट्रीट पर आयोजित दो दिवसीय समर बाजार 2.0 ने शहर को पहली बार नाइट बाज़ार का अनूठा अनुभव दिया। भोपाल वूमेन हब के इस आयोजन में महिला उद्यमियों, स्टार्टअप फाउंडर्स और होम-बेस्ड बिजनेस संचालकों को अपने उत्पादों और सेवाओं को प्रदर्शित करने का अवसर मिला। खरीदारी, रचनात्मक गतिविधियों और सांस्कृतिक माहौल से सजे इस आयोजन में बड़ी संख्या में लोगों ने सहभागिता की। कार्यक्रम में कैंडल मेकिंग, चॉकलेट मेकिंग, पॉटरी, फेस पेंटिंग और कोकेडामा वर्कशॉप आकर्षण का केंद्र रहीं। वहीं एनिमल्स विद ह्यूमैनिटी के पेट एडॉप्शन कैंप ने पशु प्रेमियों का ध्यान खींचा। दो दिनों तक हॉकर्स स्ट्रीट परिवारों, युवाओं और बच्चों की चहल-पहल से गुलजार रही। आयोजकों अभिव्यक्ति दीक्षित कपूर और राजीव कपूर ने बताया कि आयोजन का उद्देश्य महिला उद्यमियों और स्थानीय व्यवसायों को एक सशक्त मंच उपलब्ध कराना था। समर बाज़ार 2.0 की सफलता ने यह साबित कर दिया कि भोपाल नए अनुभवों और महिला नेतृत्व वाले आयोजनों को उत्साह के साथ अपना रहा है।



### महिला उद्यमिता को मिली नई उड़ान

समर बाजार 2.0 में बड़ी संख्या में महिला उद्यमियों ने अपने हस्तनिर्मित उत्पाद, लाइफस्टाइल ब्रांड और होम-बेस्ड व्यवसाय प्रस्तुत किए। आयोजन ने उन्हें नए ग्राहकों से जुड़ने, अपने उत्पादों को प्रदर्शित करने और व्यवसाय विस्तार के अवसर उपलब्ध कराए।

#### समर बाजार 2.0 की खास बातें

- भोपाल का पहला बड़े स्तर का नाइट बाज़ार
- महिला उद्यमियों और स्टार्टअप्स को मिला मंच
- पेट एडॉप्शन कैंप रहा प्रमुख आकर्षण
- पॉटरी, चॉकलेट और कैंडल मेकिंग वर्कशॉप्स में दिखा उत्साह
- दो दिनों में हजारों लोगों की सहभागिता

### सदानीरा समागम में दक्षिण कोरिया की प्रस्तुति रहीं आकर्षण का केंद्र, 'जल दर्पण' ने दिखाए प्रकृति के दो रूप

## `क्रिटिकल पॉइंट´ ने छेड़ा सवाल, जल के बहाने जीवन का मंथन

जागरण, भोपाल। भारत भवन में चल रहे सात दिवसीय सदानीरा समागम के छठवें दिन जल केवल एक प्राकृतिक संसाधन नहीं, बल्कि मानव चेतना, संस्कृति और भविष्य की धुरी के रूप में सामने आया। मध्यप्रदेश शासन के संस्कृति विभाग अंतर्गत वीर भारत न्यास द्वारा आयोजित इस समागम में एक ओर दक्षिण कोरिया के प्रतिष्ठित मुट डांस कंपनी की प्रस्तुति 'क्रिटिकल पॉइंट' ने दर्शकों को आत्ममंथन के लिए प्रेरित किया, वहीं दूसरी ओर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जल संरक्षण को जनआंदोलन का स्वरूप देने का आह्वान किया। दक्षिण कोरिया के कलाकारों ने 'क्रिटिकल पॉइंट' के माध्यम से विज्ञान और मानव मनोविज्ञान का अद्भुत संगम प्रस्तुत किया। नृत्य-नाट्य में दिखाया गया कि जैसे पदार्थ एक निश्चित बिंदु पर अपना स्वरूप बदलता है, वैसे ही मनुष्य की इच्छाएं और भावनाएं भी जीवन की दिशा बदल देती हैं। प्रभावशाली नृत्य, संगीत और प्रकाश संयोजन ने दर्शकों को गहरे चिंतन में डुबो दिया। इससे पूर्व पूर्वरंग मंच पर छतरपुर की अनामिका पांडे ने बुंदेली लोकगीतों की प्रस्तुति दी। वहीं ओडिसी शैली पर आधारित नृत्य-नाट्य 'जल दर्पण' ने जल को सृजन और विनाश दोनों शक्तियों के प्रतीक के रूप में प्रस्तुत कर खूब सराहना बटोरी।



### भारतीय संस्कृति में जल का स्थान सर्वोपरि

समागम में पहुंचे मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि भारतीय संस्कृति में जल का स्थान सर्वोपरि है और इसके बिना कोई भी धार्मिक अनुष्ठान पूर्ण नहीं माना जाता। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देशभर में जल संरक्षण के लिए व्यापक कार्य हो रहे हैं और मध्यप्रदेश इस दिशा में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में करीब दो लाख जल संरचनाओं पर कार्य किया जा चुका है तथा हजारों करोड़ रुपये जल संरक्षण पर खर्च किए जा रहे हैं। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद, वीर भारत न्यास और इसरो के सहयोग से तैयार भूजल एटलस 'अन्तर्जली यात्रा' का अनावरण भी किया। समागम में विभिन्न देशों के राजनयिक, पर्यावरणविद, शिक्षाविद और कलाकार शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने कहा कि जल संरक्षण का संदेश केवल भारत ही नहीं, बल्कि पूरी मानवता के भविष्य से जुड़ा हुआ है।

**नाटक की कहानी-** दक्षिण कोरिया की मुट डांस कंपनी की प्रस्तुति 'क्रिटिकल पॉइंट' विज्ञान के उस सिद्धांत पर आधारित है, जिसमें किसी पदार्थ के एक निश्चित बिंदु पर पहुंचने के बाद उसका स्वरूप पूरी तरह बदल जाता है। नृत्य-नाट्य में इसी अवधारणा को मानव जीवन और मनोविज्ञान से जोड़ा गया। कलाकारों ने दर्शाया कि इच्छाएं, महत्वाकांक्षाएं और भावनाएं जब एक सीमा पार कर जाती हैं तो व्यक्ति के विचार, व्यवहार और जीवन की दिशा बदल जाती है। प्रभावशाली नृत्य, संगीत और प्रकाश संयोजन के माध्यम से प्रस्तुति ने यह संदेश दिया कि प्रकृति और मानव जीवन दोनों में संतुलन बनाए रखना आवश्यक है, अन्यथा परिवर्तन का 'क्रिटिकल पॉइंट' विनाशकारी भी साबित हो सकता है।

### रंगमंच की नई पीढ़ी को मिलेगा मंच

**जागरण, भोपाल।** शहर की प्रतिष्ठित रंग संस्था रंग विदूषक द्वारा आयोजित एक माह की प्रोडक्शन ओरिएंटेड रंगमंचीय कार्यशाला का शुभारंभ रविवार को हुआ। कार्यशाला में मध्यप्रदेश सहित देश के विभिन्न राच्यों से आए प्रतिभागी रंगकला की बारीकियां सीखेंगे। कार्यशाला के उद्घाटन अवसर पर वरिष्ठ साहित्यकार एवं नाटककार राजेश जोशी, रंगश्री लिटिल बैले ट्रूप की सचिव निरूपा जोशी, कोषाध्यक्ष रामप्रकाश त्रिपाठी, वरिष्ठ रंगकर्मी उदय शहाणे, कन्हैयालाल कैथवास, विनोद राय तथा रंग विदूषक की सचिव डॉ. अंजना पुरी उपस्थित रहीं। अतिथियों ने रंगमंच की सामाजिक भूमिका और युवा पीढ़ी में रचनात्मकता विकसित करने में ऐसी कार्यशालाओं की महत्ता पर प्रकाश डाला। एक माह तक चलने वाली इस कार्यशाला में प्रतिभागियों को अभिनय, देह-संचालन, स्वर एवं वाचन, रंग-संगीत, मंच-सच्जा और प्रस्तुति के तकनीकी पक्षों का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जाएगा। कार्यशाला का समापन एक रंगमंचीय प्रस्तुति के साथ होगा, जिसमें प्रतिभागी अपनी सीखी हुई विधाओं का प्रदर्शन करेंगे। आयोजकों के अनुसार यह पहल नवोदित कलाकारों को मंचीय अभिव्यक्ति का अवसर देने और रंगमंच की सृजनात्मक परंपरा को आगे बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

संस्थापक ▸ गुरुदेव गुप्त

संपादकीय

# डोनाल्ड ट्रंप और ईरान के खिलाफ जंग

*जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने 28 फरवरी को ईरान के खिलाफ युद्ध शुरू किया, तो उनके मकसद व्यापक थेः तेहरान में सत्ता परिवर्तन, ईरान के मिसाइल एवं परमाणु कार्यक्रमों का नाश और क्षेत्रीय गैर-राजकीय सहयोगियों को उसके समर्थन पर अंकुश लगाना। इस संघर्ष के शुरुआती दिनों में, ट्रम्प ने ईरान के साथ किसी भी समझौते से इनकार कर दिया और उसके 'बिना शर्त आत्मसमर्पण' की मांग की। वाशिंगटन के लिए यह युद्ध इस कदर बुरा साबित हुआ कि तीन महीने बाद, ट्रम्प तेहरान को आर्थिक रियायतें देने के एवज में अस्थायी युद्धविराम के विस्तार और होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोलने के लिए बातचीत कर रहे हैं। अमेरिकी मीडिया द्वारा रिपोर्ट किए गए एक समझौता ज्ञापन के मसौदे के मुताबिक, ईरान जहां होर्मुज जलडमरूमध्य के जरिए होने वाले समुद्री यातायात को युद्ध से पहले वाले स्तर पर बहाल करेगा, वहीं अमेरिका धीरे-धीरे ईरानी बंदरगाहों की अपनी नाकाबंदी हटा लेगा।*

*तेहरान को अपने रोके हुए फंड तक पहुंच भी मिल जाएगी, जबकि युद्धविराम को लेबनान सहित तमाम मोर्चों पर बढ़ाया जाएगा। भले ही दोनों पक्षों द्वारा इस समझौते को मंजूरी दे दी जाए, फिर भी यह सिर्फ एक शुरुआती समझौता भर ही होगा। ट्रम्प अब ईरान के मिसाइल कार्यक्रम या उसके क्षेत्रीय सहयोगियों को दिए जाने वाले समर्थन के बारे में कोई बात नहीं कर रहे हैं। उनका ध्यान अब परमाणु मुद्दे पर केंद्रित हो गया है। यह मूल रूप से वही रुख है, जिसे बराक ओबामा ने 2013 में अपनाया था और जिसका नतीजा 2015 में ईरान के साथ हुए परमाणु समझौते के रूप में निकला था। ट्रम्प ने इस समझौते को 2018 में पलीता लगा दिया था। एक बार इस समझौता ज्ञापन पर सहमति बन जाने के बाद, ईरान और अमेरिका परमाणु मुद्दे पर गंभीरता के साथ सीधी बातचीत शुरू करेंगे।*

*ट्रम्प का सैन्य अभियान अपने घोषित मकसदों में से कुछ भी हासिल करने में नाकाम रहा है। फारस की खाड़ी में अमेरिकी अड्डों पर हमला करके और होर्मुज जलडमरूमध्य पर नियंत्रण करके, ईरान ने क्षेत्रीय एवं आर्थिक रूप से इस संघर्ष को और फैला दिया। ट्रम्प ने संभवतः यह महसूस करते हुए 8 अप्रैल को युद्धविराम का एलान किया कि हवाई हमलों से कुछ खास हासिल नहीं होगा और उन्होंने आर्थिक व सैन्य दबाव के जरिए ईरान से रियायतें हासिल करने की कोशिश की है। लेकिन ईरान ने भी उसी लहजे में जवाब दिया। ट्रम्प द्वारा ईरानी बंदरगाहों पर नाकाबंदी के एलान के बाद, तेहरान ने वार्ता रद्द कर दी और परमाणु मुद्दे को अपनी प्राथमिकताओं की सूची में नीचे धकेल दिया।*

*वाशिंगटन द्वारा पाकिस्तान के मार्फत युद्धविराम को बढ़ाने और फिर परमाणु मुद्दे पर वार्ता के वास्ते एक समझौता ज्ञापन पर बातचीत करना यह दर्शाता है कि तेहरान की सख्त रणनीति रंग ला रही है। इससे पहले तेहरान ने अमेरिका के साथ रचनात्मक बातचीत की थी। जब ट्रम्प ने एकतरफा तरीके से अमेरिका को 2015 के परमाणु समझौते से बाहर निकाल लिया, तो ईरान अपने दायित्वों का पालन कर रहा था और 2025 की शुरुआत तथा फरवरी 2026 में, वह वार्ता में लगा हुआ था। लिहाजा अगर अमेरिका वाकई में कोई समझौता करना चाहता है, तो उसे सबसे पहले विश्वास की कमी को दूर करना होगा और आपसी रियायतों के आधार पर आगे बढ़ना होगा। अगर ट्रम्प वार्ता के जरिए समझौते को लेकर वाकई गंभीर हैं, तो समझौता संभव है। लेकिन अगर वह कूटनीति के जरिए वो सब हासिल करने की कोशिश करेंगे, जो वे युद्ध के के जरिए हासिल करने में नाकाम रहे, तो वह अमेरिका को एक और अंतहीन युद्ध में उलझाने का जोखिम मोल लेंगे।*

प्रसंगवश

# कब और कैसे सुधरेगी एनटीए की व्यवस्था?

अभिषेक पाण्डेय

*सीयूईटी-यूजी में तकनीकी गड़बड़ियों के कारण हजारों छात्र और अभिभावक परेशान हुए, जिससे एनटीए की कार्यप्रणाली पर फिर सवाल उठे हैं। पहले नीट और अन्य परीक्षाओं में भी विवाद सामने आ चुके हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि केवल सुधारात्मक कदम काफी नहीं, बल्कि जवाबदेही और मजबूत रोकथाम व्यवस्था जरूरी है।*

***एक और एग्जाम, एक और खामी** – नैशनल टेस्टिंग एजेंसी के साथ यह कहानी बार-बार दोहराई जा रही है। सीयूईटी-यूजी में जिस तरह की अव्यवस्था देखने को मिली, वह हताश करने वाली है। सबसे ज्यादा निराशाजनक बात यह है कि एजेंसी अपने वादों पर खरी नहीं उतर पा रही और इससे उबरने का कोई रास्ता नहीं दिख रहा।*

***फिर से एग्जामः** देशभर के विश्वविद्यालयों में दाखिले के लिए होने वाली सीयूईटी-यूजी में तकनीकी दिक्कतों की वजह से स्टूडेंट्स और उनके पैरेंट्स घंटों परेशान रहे। कई जगह परीक्षा देरी से शुरू हुई और कई जगह हो ही नहीं पाई। एनटीए ने 3765 स्टूडेंट्स के लिए दोबारा एग्जाम कराने की बात कही है। एजेंसी का गड़बड़ियों को स्वीकार करना ठीक है, लेकिन असली सवाल है कि ऐसा बार-बार क्यों हो रहा है।*

***सुप्रीम टिप्पणीः** पहले मेडिकल एंट्रेंस टेस्ट रद्द करना पड़ा, क्योंकि पेपर लीक हो गए थे। इसके बाद सीबीएसई के ऑन स्क्रीन मार्किंग सिस्टम को लेकर विवाद उठा। ये दोनों मामले अभी तक हल नहीं हुए थे और सीयूईटी-यूजी का मसला खड़ा हो गया। इससे एक दिन पहले, 29 मई को ही नीट-यूजी मामले को लेकर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई थी और उसमें अदालत ने जो टिप्पणियां कीं, उन पर अमल करने की जरूरत है।*

***बचाव के उपायः** एनटीए की तरफ से उठाए गए ज्यादातर कदम सुधारात्मक होते हैं, जिन पर ध्यान गड़बड़ी होने के बाद जाता है, जबकि जरूरत है पहले से बचाव के उपाय अपनाने की। इसके लिए जवाबदेही तय होनी चाहिए और जो जिम्मेदारी ठीक से नहीं निभा सकते, उन पर कार्रवाई हो।*

*स्टूडेंट्स पर दबावः परीक्षा दोबारा करा देना, रीशेड्यूलिंग या ग्रेस मार्क वगैरह कभी-कभार तो ठीक हैं, लेकिन ये आदत नहीं बन सकते। किसी परीक्षा के लिए एक स्टूडेंट सालभर तैयारी करता है। जितना दबाव उस पर होता है, उतना ही उसके पैरेंट्स पर भी।*

***एक और मौकाः** एनटीए को बनाया गया था ताकि देश की प्रमुख परीक्षाएं व्यवस्थित ढंग से कराई जा सकें। अभी तक एजेंसी इसमें सफल नहीं हो पाई है। आरोप है कि स्टूडेंट्स की परेशानियों को ठीक से नहीं समझा जाता, खासकर सेंटर अलॉटमेंट में। केवल किसी तरह एग्जाम करा देने से हज्ञ का काम पूरा नहीं हो जाता। इससे लाखों बच्चों का भविष्य जुड़ा है, तो संवेदनशीलता भी जरूरी है। 21 जून को नीट-यूजी दोबारा होनी है और एजेंसी का दावा है कि इसके लिए विशेष व्यवस्था की गई है। उम्मीद है यह काम कर जाए, क्योंकि छात्रों के भरोसे का बार-बार टूटना अच्छा नहीं है।*




सियासत

## स्थानीय निकाय चुनावों में मिली शानदार सफलता से 'आप' उत्साहित

# पंजाब में बढ़ेंगी राजनीतिक सरगर्मियां

ज्योति मल्होत्रा

विधानसभा चुनाव के पहले के आगामी छह माह पंजाब की राजनीति में बेहद सरगर्मी भरे होंगे। पंजाब के स्थानीय निकाय चुनावों में आम आदमी पार्टी की शानदार जीत हुई। वहीं कांग्रेस दूसरे नंबर पर रही। नेतृत्व बदलाव के बीच भाजपा भी कुछ जगह जीती। इन चुनावों को विस चुनाव का पूर्वाभ्यास मानें तो कहा जा सकता है कि कड़ा मुकाबला होगा।

पंजाब में होली देर से आई है- या फिर जल्दी, यह इस पर निर्भर करता है कि आप इसे किस नज़रिए से देखते हैं, जब पाते हैं कि सत्ताधारी आम आदमी पार्टी (आप) राज्य में स्थाीय निकाय चुनावों में अपनी शानदार जीत का जश्न रंगों, ढोल और मिठाइयों के साथ मना रही है। कांग्रेस काफी पीछे, दूसरे स्थान पर है, और निर्दलीय उम्मीदवारों का प्रदर्शन भाजपा और अकाली दल, दोनों से बेहतर रहा है।

चूंकि भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष केवल ढिल्लों को पद संभाले अभी चंद घंटे ही हुए हैं, इसलिए पार्टी के प्रदर्शन पर कोई फ़ैसला सुनाना शायद सही न हो- ढिल्लों के अपने ही इलाके, बरनाला में उसका पूरा सफ़ाया हो गया है। लेकिन दिलचस्प बात यह कि मौजूदा विधानसभा में भाजपा के दो विधायकों में से एक, मुकेरियां से जंगी लाल महाजन ने-जैसा कि मेरी सहयोगी दीपकमल कौर ने लिखा है- खुलकर अकाली दल के उम्मीदवार के लिए प्रचार किया (वो जीत गया है), जबकि दोनों पार्टियों के बीच कोई गठबंधन नहीं है।

अगर यह चुनाव वाकई इस साल के आखिर में या अगले साल की शुरुआत में होने वाले विधानसभा चुनावों के लिए एक पूर्वाभ्यास है, तो यह मुकाबला बेहद कड़ा होने वाला है। कुछ लोग कहेंगे कि भाजपा ने नेतृत्व परिवर्तन करने में शायद बहुत ज़्यादा देर कर दी- इतनी देर कि दिल्ली के उपराज्यपाल तरनजीत संधू को पंजाब में प्रस्तुत करने का मौका हाथ से निकल गया, और केवल ढिल्लों को कमान संभालने में भी काफ़ी देर हो गई। ज़ाहिर है, इस पद के लिए काफ़ी लॉबिंग हुई, क्योंकि सुनील जाखड़ ने एक साल पहले ही ऐलान कर दिया था कि उन्हें अध्यक्ष पद की ज़िम्मेदारी नहीं निभानी। लेकिन पार्टी को इस बात से ज़रूर राहत महसूस हुई होगी कि उसने मोहाली की एक नगर परिषद, 'नया गांव' में शानदार जीत हासिल की है। यह इलाका चंडीगढ़ से बिल्कुल सटा हुआ है-और चंडीगढ़ गोल्फ़ क्लब से भी ज़्यादा दूर नहीं, वह जो अपने ऊंचे-नीचे मैदान युक्त गोल्फ कोर्स, बार और पार्किंग के साथ शहर के रईसों की पसंदीदा जगह है- जबकि 'आप'और कांग्रेस, दोनों ही, सिर्फ़ एक-एक सीट तक सिमटकर रह



गई हैं।

इस चुनाव ने 'आप' और भाजपा, दोनों के भविष्य की दिशा को कमोबेश साफ़ कर दिया है- 'आप'अपनी ज़मीन बचाने के लिए हर मुमकिन कोशिश करेगी, जबकि भाजपा राज्य में अपनी पैठ बनाने के लिए हर संभव प्रयास करेगी। अब यह साफ़ हो गया है कि मुख्यमंत्री भगवंत मान ही 'आप' का चेहरा होंगे। दिल्ली का राष्ट्रीय नेतृत्व, अरविंद केजरीवाल और मनीष सिसोदिया,कमान तो संभालेगा, लेकिन मज़बूती से पर्दे के पीछे रहकर। हर कोई बखूबी वाकिफ है कि पंजाबी लोग सबसे अलग होते हैं, न रुकने वाले बगावती, और अपनी किस्मत की बागडोर खुद अपने हाथों में लेना पसंद करते हैं। इसके अलावा, भगवंत मान पर उनके अपने ही गढ़ धुरी में लगे सभी आरोप-मसलन,गुटबाज़ी, नशे का मुद्दा, शहर का साफ़-सुथरा न होना-परिणामों पर बेअसर साबित हुए हैं। गत शुक्रवार को हुए धुरी नगर परिषद के चुनावों में 'आप' ने ज़बरदस्त जीत हासिल की।

जहां तक भाजपा की बात है, यह भी उतना ही साफ़ है कि आने वाले चुनावों के प्रबंधन में आरएसएस एक अहम भूमिका निभाएगी। उसके कार्यकर्ता और 'पन्ना प्रमुख' (वह 'प्रमुख' या व्यक्ति जो वोटर लिस्ट के हर पन्ने पर लिखे प्रत्येक वोटर के नाम का हिसाब-किताब रखकर प्रभाव बनाने का काम करता है) पहले से ही ज़मीनी स्तर पर पूरी लगन से काम में जुटे हुए हैं। केवल ढिल्लों का प्रदर्शन कैसा भी रहे- उनकी घोषित सकल संपत्ति 200 से 229 करोड़ रुपये के बीच है, और दिल्ली के वसंत विहार, चंडीगढ़ के सेक्टर 9, दुबई और स्पेन के मारबेला में उनके घर हैं- इस बात का एक साफ़ पैमाना होगा कि आरएसएस ने राज्य में कितनी कड़ी मेहनत झोंकी है।

सवाल यह है कि कांग्रेस आखिर करना क्या चाहती है? अक्सर इस पुरानी और बड़ी पार्टी के आपस में लड़ते गुटों की आलोचना की जाती रही है। ये सभी गुट सिर्फ दिल्ली हाईकमान की खुशामद करने की होड़ में लगे रहते हैं- जोकि वास्तव में गत सप्ताह कर्नाटक में सत्ता का हस्तांतरण शांतिपूर्वक करवाने में व्यस्त रहा। वहां निवर्तमान मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने बिना किसी हील-हुज्जत के सत्ता की बागडोर अपने नंबर दो नेता डी.के. शिवकुमार को सौंप दी है।

निश्चित रूप से, पंजाब में भी बहुत से कांग्रेसी उम्मीद भरी नज़रों से दिल्ली हाईकमान से आस लगाएंगे कि वही कुशल दांव-पेच यहां भी दोहराए। असल में, अगर कर्नाटक के अनुभव को पैमाना माना जाए, तो ऐसा लगता है कि पार्टी ने 2021 में खुद को पहुंचाए नुकसान से सबक सीखा है; उस समय पंजाब के मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह को विधानसभा चुनाव से एक साल से भी कम समय पहले बदल दिया गया था।

दिल्ली स्थित कांग्रेस आलाकमान में अफवाहों का बाज़ार गर्म है। अटकलें लगाई जा रही हैं कि वह केरल में मिली सफलता से उत्साह पाकर और तमिलनाडु में अपने हस्तक्षेप से प्रभावित होकर, आने वाले महीनों में पंजाब में, हिमाचल प्रदेश में (जहां पर 2027 के आखिर में चुनाव होने हैं) और 2028 के आखिर में राजस्थान विधानसभा चुनाव से पहले बड़ा दांव खेलने को तैयार है। (इसका यह भी मतलब है कि सचिन पायलट को आखिरकार मौका मिल सकता है, क्योंकि डी.के. शिवकुमार की तरह उन्होंने भी कांग्रेस नहीं छोड़ी, जबकि उनके कई साथियों ने ऐसा किया था)।

फिलहाल, बीते शुक्रवार को नगर निगम चुनावों में पार्टी का खराब प्रदर्शन साफ नज़र आया -यहां तक कि अपने प्रदेशाध्यक्ष राजा वडिंग के गढ़ में भी हार गई। जालंधर के सांसद चरणजीत चन्नी ने तो अपने ही निर्वाचन क्षेत्र में प्रचार तक नहीं किया। जिस इलाके में प्रताप बाजवा और सुखजिंदर रंधावा का दबदबा है, वहां के मतदाताओं ने कांग्रेस उम्मीदवारों पर बिल्कुल भी ध्यान नहीं दिया। और इसलिए, जब पार्टी का शीर्ष केंद्रीय नेतृत्व और प्रदेश के नेता दिल्ली में आगे की रणनीति पर चर्चा करने के लिए एकत्र हुए, तो हर किसी के लिए यह साफ था कि अगर पार्टी को अपना वजूद बनाए रखना है, तो उसे कुछ कड़े फैसले लेने होंगे।

अगले छह महीने काफी लंबे और मुश्किल भरे होने की उम्मीद है। एक-एक दिन गिना जाएगा। विधायक पाला बदलेंगे, कुछ अपना चुनाव क्षेत्र बदलेंगे। प्रवर्तन निदेशालय की लंबी परछाई पूरे प्रदेश पर मंडराती रहेगी। 'आप' के मंत्री संजीव अरोड़ा 9 मई से ही ईडी की न्यायिक हिरासत में हैं। पंजाब के प्रभारी कांग्रेस नेता भूपेश बघेल के बेटे को पिछले साल जुलाई में ईडी ने कथित शराब घोटाले से जुड़े दो मामलों में गिरफ्तार किया था, लेकिन इस साल जनवरी में छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट ने उन्हें ज़मानत दे दी।

तो, क्या ये नगर निगम चुनाव आने वाले समय का संकेत हैं, या फिर पंजाब की स्थिति शाहरुख खान के डायलॉग जैसी है : 'क्या पंजाब में पिक्चर अभी बाकी है, मेरे दोस्त'?

खुला मंच

# दुनिया के मेले से आइडिया

डॉ प्रवीण चोपड़ा

एसी लोकल के जिस कोच में मैं बैठा हुआ था, सामने तीन-चार 20-22 साल के लड़कों की एक मंडली भी थी। इंग्लिश में खूब हंसी-मज़ाक चल रहा था। मैं ट्रेन में बैठकर अक्सर किसी अखबार के पन्ने उलट-पलट लेता हूं। लेकिन यहां ध्यान इन लड़कों की बातों पर चला गया। बात तो इंग्लिश में हो रही थी लेकिन मैं उसे हिंदी में लिख रहा हूं। एक ने कहा, इसलिए कहता हूं कि हर किसी इंसान के साथ बिल्कुल बात नहीं करनी चाहिए। दूसरे ने हामी भरते हुए कहा, तू सही बोलता है, ऐसे ही पक जाता है आदमी हर किसी से बात करने लगा तो। फिर एक अन्य बोला, हां, यह बात तो है और एक और भी बड़ी बात यह है कि हर एक इंसान से अगर बात करने लगे कोई तो वह टॉप पर नहीं पहुंच सकता। इसीलिए जो टॉप पर है, उसी से बात करनी चाहिए। उनकी बात अभी चल ही रही थी कि मेरा स्टेशन आ गया।

खैर, आज मुझे इन युवाओं की बातों का ख़याल बार-बार आता रहा। हर पीढ़ी का अपना व्यू-प्वाइंट, अपना नज़रिया है। चलिए, ज़माने का चलन जो है सो है, लेकिन सच्चाई यह है कि अगर हम लोग हर किसी के साथ बात नहीं कर सकते या करना नहीं चाहते तो हम बहुत कुछ मिस कर जाते हैं। मुझे अक्सर मेरे आसपास के लोग या मेरे ब्लॉग को विज़िट करने वाले पूछते हैं कि लिखने के लिए आइडिया कहां से आते हैं। उसका दो टूक जवाब है, सब कुछ इस दुनिया के मेला देखते-घूमते ही मिल जाता है। हर किसी से बात करना है निहायत ज़रूरी। सिर्फ़ पहचान वालों से ही नहीं, जो नहीं भी पहचानते उन से भी अगर बात करनी पड़े तो ढंग से बात की जाए। जब हर किसी से बात की जाती है तो बातों से बात निकलती है तो कुछ नया पता चलता है। अख़बार, किताबें, मैगज़ीन को पढ़ने से भी बत्ती जग जाती है। रेडियो, टीवी, सोशल मीडिया इनसे भी आइडिया आ जाते हैं। सबसे ज्यादा आइडिया तो दुनिया के मेले से आते हैं।

आइडिया हमारे हर तरफ़ हैं। उसके लिए किसी से बात करनी होगी, इधर-उधर-हर तरफ़ देखना होगा, अनजान इंसान को भी एक मुस्कान देने से डरना न होगा। फिर से कॉलेज के लड़कों की बात याद आ रही है। पहले कंप्यूटर आने से युवा पीढ़ी लिखने से भागने लगी। अब बोलचाल भी कम ही है। आज की पीढ़ी के पास बातें ही नहीं हैं, सिर्फ हॉय-बॉय, कूल, थम्स-अप के इशारे और हर मौके के लिए बीसियों ईमोजी। क्या इतना ही काफ़ी है।

अर्थव्यवस्था

## कभी भी ऐसी स्थिति नही बनी की चीजें व्यापक रूप से सस्ती हुई हों

# ऊर्जा जरूरतों में आत्मनिर्भरता से थम सकती है महंगाई

सुरेश सेठ

अमेरिका-इस्राइल और ईरान के बीच युद्ध के कारण कच्चे तेल व प्राकृतिक गैस की आपूर्ति पर गहरा असर पड़ा। इससे देश में सभी चीजें लगातार महंगी हो रही हैं। दरअसल, इसकी वजह अधिकांश पेट्रो प्रोडक्ट्स के लिए आयातों पर निर्भरता है। बढ़ती महंगाई से निपटने का स्थायी उपाय ऊर्जा उत्पादन में आत्मनिर्भर बनना है।

स्वतंत्रता के बाद ऐसा कोई दौर नहीं आया जब देश में चीजें व्यापक रूप से सस्ती हुई हों। महंगाई की समस्या मध्यवर्ग और निम्न मध्यवर्ग के जीवन में लगातार बनी रही है। इसका एक प्रमुख कारण हमारी आयात-निर्भर अर्थव्यवस्था है। आयातों का भुगतान डॉलर में करने तथा बजट घाटे के दबाव के कारण आयातित वस्तुएं महंगी हो जाती हैं, जिससे बाजार में मुद्रास्फीति बढ़ती है। साथ ही, कच्चे माल का आयात भी महंगा पड़ता है, जिसके कारण उससे निर्मित तैयार उत्पादों की लागत और कीमत दोनों बढ़ जाती हैं।

देश का आम आदमी लंबे समय से महंगाई की मार झेलता आया है, जबकि सरकारें समय-समय पर उस पर नियंत्रण का आश्वासन देती रही हैं। कोविड-19 के बाद महंगाई नियंत्रित करने के लिए रिजर्व बैंक ने कठोर साख नीति अपनाई, जिससे ऋण महंगे हो गए और निवेश तथा आर्थिक विकास प्रभावित होने लगे। बाद में आधिकारिक आंकड़ों में थोक महंगाई दर शून्य से नीचे तथा खुदरा महंगाई दर सुरक्षित सीमा के भीतर दिखाई गई, किंतु आम जनता को बाजार में वस्तुएं वास्तव में सस्ती नहीं मिलीं। इसका एक कारण यह भी रहा कि लागत में आई कमी का लाभ उपभोक्ताओं तक पहुंचने के बजाय कई बार बिचौलियों और फुटकर व्यापारियों के अतिरिक्त लाभ में बदल गया।

देश महंगाई पर नियंत्रण और आर्थिक स्थिरता से राहत की उम्मीद कर ही रहा था। रेपो दरों में कटौती



का दौर भी थम गया था और अपेक्षा की जा रही थी कि घरेलू तथा विदेशी निवेश बढ़ेगा तथा शेयर बाजार नई ऊंचाइयों को छुएगा। किंतु अचानक एक युद्ध ने ऊर्जा आपूर्ति व्यवस्था को प्रभावित कर दिया। अमेरिका-इस्राइल और ईरान के बीच संघर्ष के कारण ऊर्जा आपूर्ति का प्रमुख मार्ग, होर्मुज़ जलडमरूमध्य, बाधित हो गया। इसके परिणामस्वरूप कच्चे तेल, प्राकृतिक गैस और उर्वरकों की आपूर्ति पर गहरा असर पड़ा, जिससे भारत में महंगाई बढ़ने की आशंकाएं फिर से प्रबल हो गईं और आम जनता की चिंताएं बढ़ने लगीं।

स्थिति यह है कि देश में आर्थिक गतिविधियों की रीढ़ माने जाने वाले पेट्रोल और डीजल के दाम लगातार बढ़ रहे हैं। कुछ ही दिनों में मूल्य कई बार बढ़ाए गये हैं। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतें अपेक्षाकृत नियंत्रित रहने के बावजूद देश में पेट्रोल की कीमतें 100 रुपये प्रति लीटर से ऊपर पहुंच गई हैं। इस निरंतर वृद्धि से पेट्रोल-डीजल आम उपभोक्ता के लिए बेहद महंगा हो रहा है।

यद्यपि सरकार आश्वासन देती रही है कि देश के पास लगभग 75 दिनों का पर्याप्त ईंधन भंडार उपलब्ध है, जिससे आपूर्ति बाधित नहीं होगी और पेट्रोल पंपों पर सामान्य स्थिति बनी रहेगी, फिर भी कीमतों में बढ़ोतरी जारी है। सरकार का तर्क है कि वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतें बढ़ने के दौरान घरेलू बाजार में पेट्रोल व डीजल के दाम लंबे समय तक स्थिर रखे गए, जिससे पेट्रोलियम कंपनियों को भारी नुकसान उठाना पड़ा। इसी घाटे की भरपाई के लिए ईंधन कीमतों को बाजार के अनुसार समायोजित किया जा रहा है, जिसके परिणामस्वरूप लगभग हर दूसरे या तीसरे दिन दामों में वृद्धि देखने को मिल रही है। पेट्रोल की कीमतों में लगातार वृद्धि से आम जनता पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ा है। वहीं, व्यावसायिक गैस सिलेंडरों की कीमतों में भारी बढ़ोतरी ने होटल, ढाबों और खाद्य व्यवसायों की लागत बढ़ा दी है। परिणामस्वरूप भोजन और अन्य खाद्य पदार्थों के दाम भी बढ़ गए हैं, जिससे उपभोक्ताओं की क्रय-शक्ति प्रभावित हुई है और खाद्य बाजार में मंदी का माहौल बन गया है।

उधर, वित्त मंत्री के अनुसार उर्वरकों की बढ़ती कीमतें और रुपये के अवमूल्यन ने आयात लागत को और बढ़ा दिया है। सरकार ने पेट्रोल-डीजल पर उत्पाद शुल्क घटाकर राजस्व का नुकसान उठाया है, किंतु ऊर्जा आयात पर निर्भरता और वैश्विक आपूर्ति बाधाओं के कारण स्थिति चुनौतीपूर्ण बनी हुई है। बैंकों को कारोबार-अनुकूल ऋण विकल्प विकसित करने के निर्देश दिए गए हैं, परंतु ईंधन के वैकल्पिक स्रोत के रूप में विकसित सीएनजी भी महंगी होती जा रही है, जिससे परिवहन लागत बढ़ रही है। विपक्ष इसे आम जनता पर आर्थिक बोझ बताता है, जबकि सरकार का तर्क है कि इसके पीछे अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियां और ऊर्जा आपूर्ति संकट जैसे कारण हैं, जो उसके प्रत्यक्ष नियंत्रण से बाहर हैं। बढ़ती महंगाई से निपटने का स्थायी समाधान देश को अधिक आत्मनिर्भर बनाना है। वर्तमान में भारत की अर्थव्यवस्था काफी हद तक आयातों पर निर्भर है, इसलिए वैश्विक संकटों और युद्धों का सीधा प्रभाव महंगाई के रूप में देश को झेलना पड़ता है। यदि अर्थव्यवस्था को निर्यातोन्मुख बनाया जाता और लघु एवं कुटीर उद्योगों को व्यापक स्तर पर विकसित कर उनके निर्यात में हिस्सेदारी बढ़ाई जाती, तो विदेशी निर्भरता कम हो सकती थी। इसी प्रकार, देश में उपलब्ध संभावित तेल एवं ऊर्जा संसाधनों के पर्याप्त दोहन पर भी अपेक्षित ध्यान नहीं दिया गया, जिसके कारण ऊर्जा आयात पर निर्भरता बनी रही। परिणामस्वरूप अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमतें बढ़ने पर घरेलू अर्थव्यवस्था प्रभावित होती है। समाधान यह है कि भारत उत्पादन, ऊर्जा और निर्यात के क्षेत्र में अधिक स्वावलंबी बने। जितना अधिक स्वावलंबन होगा, उतनी ही आयातों पर निर्भरता घटेगी और महंगाई पर नियंत्रण बनाए रखना आसान होगा।

जीवन दर्शन

# अपने भीतर ज्ञान की लौ को जीवित रखिए

जब हम रात में तारों को टिमटिमाते हुए देखते हैं, तो लगता है कि हम उनसे अलग हैं, पृथ्वी पर रहने वाले छोटे, सीमित और क्षणभंगुर जीव। लेकिन विज्ञान ने हमें एक अत्यंत विनम्र और साथ ही सबसे महान सत्य बताया है और वह यह कि हम उससे अलग नहीं हैं। हम उसी ब्रह्मांड की संतान हैं, जिसे हम देख रहे हैं। हमारे शरीर का हर परमाणु कभी किसी तारे के भीतर ही जन्मा था। हमारे रक्त का लौह, हड्डियों का कैल्शियम, हमारे मस्तिष्क के भीतर बहती बिजली की तरंगें ये सब उन तारों की अग्नि में बनी थीं, जिनका जन्म अरबों साल पहले विस्फोटों में हुआ था।

इस अर्थ में, मनुष्य केवल पृथ्वी का प्राणी नहीं है, वह तारों की धूल है, जिसने सोचने की क्षमता प्राप्त कर ली। और यही वह क्षण है, जहां ब्रह्मांड एक अद्भुत मोड़ लेता है। अरबों वर्षों तक आकाशगंगाएं घूमती रहीं। तारे जन्म लेते और मरते रहे। लेकिन कहीं कोई ऐसा नहीं था, जो कुदरत के इस विराट नाटक को देख सके, उससे प्रश्न पूछ सके। फिर एक छोटे से ग्रह पृथ्वी पर जीवन उत्पन्न हुआ। धीरे-धीरे उस जीवन ने आंखें विकसित कीं, ताकि वह प्रकाश को देख सके। उसने मस्तिष्क विकसित किया, ताकि



स्मृति बना सके, कल्पना कर सके व अंततः प्रश्न पूछ सके। और जब पहली बार किसी मानव ने पूछा होगा कि ये तारे क्या हैं? उसी क्षण ब्रह्मांड ने स्वयं को जानने की प्रक्रिया आरंभ कर दी।

ब्रह्मांड के महासागर में पृथ्वी एक धूल-कण से ज्यादा कुछ नहीं है और मनुष्य उस धूल-कण पर कुछ क्षणों के लिए प्रकट होने वाली चेतना की चमक मात्र है। एक पुस्तकालय की कल्पना कीजिए, जो असंख्य पुस्तकों से भरा हो। अधिकांश पुस्तकें कभी पढ़ी नहीं गईं, लेकिन अचानक एक दिन उन पुस्तकों के भीतर से ही कुछ अक्षर जीवित हो जाएं और पढ़ना शुरू कर दें। यही हम हैं। यदि हम वास्तव में ब्रह्मांड की वह चेतना हैं, जो स्वयं को समझना चाहती है, तो हमें अपनी इस दुर्लभ क्षमता की रक्षा करनी चाहिए। हमें अज्ञान, कट्टरता व हिंसा से ऊपर उठना होगा। हमारा अस्तित्व अत्यंत दुर्लभ हो सकता है। हो सकता है कि इस विशाल ब्रह्मांड में अनगिनत तारे हों, लेकिन चेतना बहुत कम जगहों पर जन्म लेती हो। यदि ऐसा है, तो हर विचारशील मन ब्रह्मांड की सबसे मूल्यवान उपलब्धियों में से एक है। इसलिए जब अगली बार आप रात के आकाश को देखें, तो स्वयं को अकेला मत समझिए। आप उसी कहानी का हिस्सा हैं, जिसे तारे अरबों वर्षों से लिख रहे हैं। आप केवल ब्रह्मांड में नहीं रहते। ब्रह्मांड भी आपके भीतर रहता है। और जब आप प्रश्न पूछते हैं, प्रेम करते हैं, खोजते हैं, तब यह विराट ब्रह्मांड पहली बार, अपनी ही आंखों में देखना शुरू करता है।

आप तारों को निहारने वाला एक साधारण जीव नहीं, बल्कि उन्हीं तारों की धूल से बनी वह चेतना हैं, जिसने स्वयं ब्रह्मांड को समझने का साहस पाया है; इसलिए अपने भीतर जिज्ञासा, करुणा, प्रेम और ज्ञान की लौ को जीवित रखिए। जब आप प्रश्न पूछते हैं, सत्य की खोज करते हैं, सपने देखते हैं, तो मानवता को बेहतर बनाने का प्रयास करते हैं।

**कार्ल सेगन**

॥ गीता ज्ञान ॥



**श्लोक**

**अलसस्य कुतो विद्या,अविद्यस्य कुतो धनम् ।**
**अधनस्य कुतो मित्रम् , अमित्रस्य कुतः सुखम्।।**

**भावार्थ**

जो आलस करते हैं उन्हें विद्या नहीं मिलती, जिनके पास विद्या नहीं होती वो धन नहीं कमा सकता, जो निर्धन हैं उनके मित्र नहीं होते और मित्र के बिना सुख की प्राप्ति नहीं होती

# सिंधु भवन में बैठक, वाजिब हक के लिए सरकार के समक्ष दावे करेंगे प्रस्तुत

**जल्द बुलाएंगे प्रांतीय सम्मेलन, बनाएंगे प्रभावी समितिः राजेन्द्र**

**हिरदाराम नगर प्रतिनिधि।** सच्चे सनातनी होने के नाते देश की आजादी के लिए अपनी जन्म स्थली सिंध प्रदेश को छोड़कर खाली हाथ भारत आए सिंधियों को अब लगने लगा है कि तत्कालीन या वर्तमन सरकार से जो हक हासिल होने थे वे नहीं मिले हैं। पहले तो सिंधी समाज खुद को स्थापित करने में जुटा रहा लेकिन अब जबकि वह पूरी तरह से स्थापित हो चुका है, ऐसे में उसे समाज के मध्यम एवं निचले तबके को हो रही विभिन्न समस्याओं हकों की चिंता सताने लगी है यही कारण है कि प्रदेश के सिंधियों की अग्रणी सामाजिक संस्था मध्यप्रदेश सिंधु भवन ट्रस्ट ने इसके लिए मजबूती से सरकार के समक्ष दावे प्रस्तुत करने का निर्णय लिया है।



**ट्रस्ट से काफी उम्मीदें** सिंधु भवन में बैठक के बाद अध्यक्ष राजेन्द्र मनवानी, ईश्वरदास झामनानी, गुलाब ठाकुर, महेश ठारवानी, जितेन्द्र जादवानी व हरीश ज्ञानंचदानी ने संत हिरदाराम नगर में सिंधी सेन्ट्रल पंचायत के पदाधिकारियों संरक्षक एवं वरिष्ठ भाजपा नेता प्रकाश मीरचंदानी, महासचिव सुरेश जसवानी, सलाहकार एवं कपड़ा एसोसियेशन के महासचिव दिनेश वाधवानी के साथ बैठक की जिसमें सिंधी समाज की समस्याओं पर विस्तार से चर्चा करते हुए कुछ व्यक्तियों को सिंधु भवन में दो माह के भीतर प्रस्तावित सिंधियों के जमावड़े में संयोजक की भूमिका निभाते हुए किस तरह से सरकार से हक लेने, मजबूर किया जा सकता है या किस तरह से प्रभावी ढंग से पक्ष रखा जा सकता है, उसकी जिम्मेदारी भी दी गई। कुल मिलाकर सिंधु भवन का प्रदेश स्तरीय अध्यक्ष पद का दायित्व संभालने के तीन साल बाद राजेन्द्र मनवानी का इस तरह का समाज के प्रति दायित्व बोद्ध का चेहरा पहली बार सामने आया है, जिसके बाद प्रदेश के मध्यम एवं निम्न सिंधी वर्ग को ट्रस्ट से काफी उम्मीदें जगी हैं।

## ये रहे बैठक में मौजूद

रविवार को मप्र सिंधु भवन ट्रस्ट की सिंधु भवन में बैठक हुई, जिसकी अध्यक्षता वर्तमान अध्यक्ष एवं आयकर अधिवक्ता राजेन्द्र मनवानी ने की जबकि इसमें ट्रस्ट संस्थापक सदस्यों में से एक हैं, और इस ट्रस्ट की स्थापना करने वाले वरिष्ठ कांग्रेसी नेता व समाज सेवी मूलचंद मनवानी के साथ कंधे से कंधा मिलाकर आगे बढ़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले इंदौर के वयोवृद्ध समाज सेवी एवं अनेक इंटरनेशनल संस्थाओं से जुड़े बुद्धिजीवी ईश्वनदास झामनानी के अलावा रीवा के महेश ठारवानी, भोपाल के जितेन्द्र जादवानी, महासचिव हरीश ज्ञानचंदानी, इंदौर के गुलाब ठकुर, पीताम्बर लोकवाणी, अनिल चुघ, मनोज चंदानी, मनोज राजानी, श्यामकुमार चंदानी, तुलसी नेनवानी, वीएस राजदेव, डीडी मेंघानी, जयपाल सचदेवा, सीपी देवानी व मनोज गोलानी सहित प्रदेश के अनेक नगरों से आए पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी सदस्यों ने हिस्सा लिया। इस मौके पर राजेन्द्र मनवानी ने अपने अध्यक्षीय उदबोधन में कहा कि सिंधु भवन ट्रस्ट अब पूरी तरह से स्थापित हो चुका है। वह प्रतिभावान बच्चों की शिक्षा, विवाह योग्य कन्याओं व युवकों को मदद करने के अलावा विभिन्न सामाजिक व धार्मिक पर्व भी मनाता आया है पर अब समय आ गया है कि प्रदेश सिंधी समाज के वाजिक हक सरकार से हासिल किए जाएं। इसमें मुख्य रूप से आजादी के 79 साल बाद भी प्रापर्टी का मालिकाना हक न मिलना, पाकिस्तान से आने वाले सिंधी हिन्दुओं की नागरिकता के अलावा सरकार द्वारा समय समय पर की गई घोषओं पर अमल कराना आवश्यक है खासतौर पर प्रापर्टी संबंधी जो पुर्नवास एवं राजस्व विभाग के आदेश हैं, उन्हें हर हालत में अमल कराए जाने की आवश्यकता है।

## 31 मार्च 2023 की घोषणाएं

31 मार्च 2023 को भेल भोपाल के दशहरा मैदान पर अब तक के सिंधियों के सबसे बड़े जमावड़े जिसमें आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत व महामडलेश्वर स्वामी हंसराम महाराज की उपस्थिति में उस समय के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चैहान द्वारा सिंधु दर्शन यात्रियों को पचीस हजार का अनुदान देने, मप्र सिंधी साहित्य अकादमी का बजट 5 करोड़ करने, सिंधियों को प्रापर्टी का मालिकाना हक देने, इंदौर, भोपाल व जबलपुर में शहीद हेमू कालानी की प्रतिमा स्थापित करने एवं सिंधु महापुरूषों की जीवनी स्कूली पाठ्यक्रम में शामिल करने की घोषणा है, जिस पर साढ़े तीन साल बाद भी कार्यान्वयन सरकार ने नहीं किया है।

## भोपाल में बड़ा सम्मेलन

बैठक में तय किया गया कि जून अंत या जुलाई में सिंधु भवन में डेढ़ दिन का प्रदेश स्तरीय बड़ा सम्मेलन रखा जाएगा जिसमें सभी पंचायतों, सामाजिक संस्थाओं के पदाधिकारियों के अलावा सभी गणमान्य सिंधी नागरिकों को आमंत्रित किया जाएगा। इसमें प्रतिनिधियों से उनकी समस्याएं सुनी जाएंगी और उनका किस तरह से निराकरण हो सकता है, उस बावत सुझाव भी लिए जाएंगे, उसके बाद सरकार से किस तरह से वाजिब हक हासिल करने हैं, के लिए प्रदेश स्तरीय समिति का गठन किया जाएगा।

## सिंधी नेताओं से खफा

इस बैठक में हालांकि खुलकर तो नहीं लेकिन अपरोक्ष रूप से प्रदेश के निर्वाचित सिंधी सांसद और विधायकों तथा सिंधी पार्षदों के प्रति इस बात पर क्षोभ व्यक्त किया गया कि उन्होंने अपनी पार्टी को तो तरहीज दी है लेकिन जिस समाज के वे हैं, उसकी समस्याओं को हल कराने की दिशा में आज तक प्रभावी पहल नहीं की है।



# एनएसएस छात्राओं की निःशुल्क पेयजल सेवा

**हिरदाराम नगर प्रतिनिधि।** संत हिरदाराम गर्ल्स कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा भीषण गर्मी को देखते हुए संत हिरदाराम नगर रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म क्रमांक 2 पर यात्रियों हेतु निःशुल्क जल सेवा का पुण्य कार्य किया गया। यह सेवा कार्य में सामाजिक संस्था जीव सेवा संस्थान का विशेष सहयोग रहा।

इस सेवा गतिविधि में एनएसएस स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए यात्रियों को शीतल जल उपलब्ध कराया तथा मानव सेवा और परोपकार का संदेश दिया। भीषण गर्मी के बीच यह पहल यात्रियों के लिए राहत एवं सहारा बनी। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मीना बरसे, प्रो. कंचन चतुर्वेदी एवं प्रो. लता टहिल्यानी विशेष रूप से उपस्थित रहीं तथा स्वयंसेवकों का मार्गदर्शन एवं उत्साहवर्धन किया।

महाविद्यालय की एनएसएस इकाई एवं सहयोगी संस्थाओं ने सेवा, सहयोग और मानवता के मूल्यों को बढ़ावा देने का संदेश देते हुए भविष्य में भी ऐसे जनहितकारी कार्यक्रम आयोजित करने का संकल्प व्यक्त किया।

# सीएम के लिए युवा कांग्रेस ने किया सद्बुद्धि यज्ञ



**ओबेदुल्लागंज।** मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी के खिलाफ मुख्यमंत्री मोहन यादव द्वारा की गई आपत्तिजनक एवं अमर्यादित टिप्पणी के विरोध में आज भोजपुर विधानसभा के नगर ओबेदुल्लागंज में युवा कांग्रेस द्वारा सद्बुद्धि यज्ञ का आयोजन किया गया। युवा कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष परेश नागर के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री को सद्बुद्धि प्रदान करने एवं सार्वजनिक जीवन में मर्यादित भाषा के प्रयोग की कामना की गई। वक्ताओं ने कहा कि लोकतंत्र में वैचारिक मतभेद स्वाभाविक हैं, लेकिन किसी भी जनप्रतिनिधि के प्रति अपमानजनक भाषा का प्रयोग पद की गरिमा के अनुरूप नहीं है। कार्यक्रम में कांग्रेस पार्षद राजेश खटीक, राजाराम यादव, राजू मेहरा, परवेज खान, मोनी नागर पंकज नागरानी उमेश राजपूत, यासीन खान, नवेद खान सहित कांग्रेस कार्यकर्ता एवं युवा कांग्रेस के अनेक साथी उपस्थित रहे।

# प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में फिर रिश्वत मांगने का आरोप



**नज़ीराबाद/रुनाहा।** रुनाहा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र एक बार फिर विवादों में घिर गया है। प्रसव सेवाओं के नाम पर मरीजों से अवैध वसूली के आरोप लगातार सामने आने के बावजूद स्वास्थ्य विभाग की ओर से ठोस कार्रवाई नहीं होने से सवाल खड़े हो रहे हैं। जानकारी वीडियो के अनुसार नज़ीराबाद क्षेत्र के ग्राम डाईपुरा की एक दलित महिला रीता अहिरवार पति जगदीश अहिरवार एव उसके परिजनों ने वीडियों में आरोप लगाया है कि प्रसव कराने से पहले स्टाफ नर्स माया द्वारा 5 हजार की मांग की गई। परिजनों का कहना है कि पैसे नहीं देने पर महिला को भोपाल रेफर करने की बात कही गई। स्टॉफ नर्स ने जबतक पैसे नही ले लिए तब तक प्रसूता को हाथ तक नही लगाया मजबूरी में उन्होंने माया स्टॉफ नर्स को पैसा देकर प्रसव कराया। गौरतलब है कि इससे पहले भी इसी स्वास्थ्य केंद्र में स्टाफ नर्स रेखा कुशवाह का एक वीडियो सामने आया था जिसमें प्रसव के नाम पर 5 हजार रुपये लेने का स्पष्ट वीडियों सामने आया था एव रिश्वत लेने के आरोप लगे थे। उस मामले में विभाग द्वारा केवल औपचारिक कार्रवाई कर मामला शांत कर दिया गया था। अब एक बार फिर ऐसे ही आरोप सामने आने से स्वास्थ्य सेवाओं की कार्यप्रणाली पर गंभीर प्रश्नचिह्न लग गया है।

# अब प्रदेश में बनेगी कांग्रेस की सरकारः सक्सेना

**संगठन सर्जन अभियान को लेकर कांग्रेस की हुई बैठक**



**हिरदाराम नगर प्रतिनिधि।** संगठन सर्जन अभियान को लेकर संत हिरदाराम नगर कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक मनवानी परिसर हाल में हुई जहां पर विशेष रूप से भोपाल के प्रभारी रवि जोशी, जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रवीण सक्सेना, मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी सेवा दल के प्रदेश अध्यक्ष अविनाश भार्गव, भोपाल लोकसभा से रहें कांग्रेस प्रत्याशी अरुण श्रीवास्तव, बीएलओ प्रभारी ज्ञानेंद्र दुबे, वरिष्ठ कांग्रेस नेता हैदर भाई खान, वरिष्ठ नेता त्रिलोक दीपानी, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अशोक मारण, उप ब्लॉक अध्यक्ष घनश्याम लालवानी, वार्ड क्रमांक 4 के अध्यक्ष राजेश लीलानी, वार्ड क्रमांक 5 के अध्यक्ष अशोक गोकलानी उपस्थित हुए।

**बनेगी कांग्रेस की सरकारः** जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रवीण सक्सेना ने कहा की संगठन सर्जन अभियान के जरिए कांग्रेस पुरे प्रदेश में लगातार मजबूत हो रही है अब यह निश्चित हो चुका है कि आम जनता भाजपा सरकार से त्रस्त हो चुकी है और कांग्रेस के पक्ष में मन बना चुकी है आने वाले समय में प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनना तय है। भोपाल प्रभारी रवि जोशी ने कहा कि इन बैठकों के बाद कांग्रेस के कार्यकर्ता घर घर जाकर आम जनों से उनकी समस्यायों को लेकर एक फार्म भरवाएंगे जिसके बाद कांग्रेस आमजनों की समस्यायों को उठाकर स्थानिय विधायक के खिलाफ आंदोलन करेंगी। अध्यक्षता करते हुए ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अशोक मारण ने कहा कि कांग्रेस संगठन को मजबूत करने के उद्देश्य को लेकर जहां पहले ब्लॉक कांग्रेस की बैठकें हो चुकी है अब वार्ड स्तर पर यह बैठकें की जा रही उसके बाद यह बैठकें बूथ स्तर तक की जाएगी और मुझे इस बात की प्रसन्नता है कि लगातार हो रही बैठकों से कांग्रेस के जांबाज कार्यकर्ताओं मजबूत हुए हैं। सेवा दल के प्रदेश अध्यक्ष अविनाश भार्गव, भोपाल लोकसभा से रहें कांग्रेस प्रत्याशी अरुण श्रीवास्तव वरिष्ठ कांग्रेस नेता त्रिलोक दीपानी ने भी अपने विचार रखते हुए कांग्रेस के इस अभियान की सराहना की यहां पर कार्यक्रम का संचालन महेश गुरबानी ने किया।

# मवेशियों पर अंकुश कब, बेलों की लड़ाई में डेमेज हुईं कार-स्कूटर

**संत हिरदाराम नगर।** हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने आवारा कुत्ते जो आम जनता के लिए जानलेवा साबित हो रहे हैं, उन्हें मारने के आदेश दिए हैं लेकिन राजधानी के व्यापारिक एवं भाजपा बाहुल्य इलाके संत हिरदाराम नगर में चाहे आवारा कुत्ते हों या मवेशी उन पर नगर निगम अंकुश लगानें में बुरी तरह से नाकाम रहा है। आवारा मवेशियों की आपसी भिडंत में यहां दो महिलाएं पहले ही अपनी जान गंवा चुकी हैं, जबकि दर्जनों लोग घायल हो चुके हैं इसी तरह दो बेलों के बीच एक भिडंत बीती रात पारस होटल के सामने हुई। इसके संचालक भाजपा नेता पुरूषोतम गिदवानी ने बताया कि दोनो बेलों की लड़ाई इतनी खतरनाक थी कि आधे घंटे के लिए तो सड़क बंद हो गई ओर राहगीर तथा वाहन चालक आस पास की दूसरी सड़कों से भागने को मजबूत हो गए इसी दौरान होटल के सामने खड़ी एक कार भी इन बेलों की चपेट में आ गई इसके अलावा सामने खड़े आधा दर्जन दोपहिया



वाहन भी बेलों ने नीचे गिरा दिए इसमें जहां कार को काफी नुकसान पहुंचा वहीं स्कूटरों की हेण्ड लाइट के भी कांच फूट गए। लगभग बीस से पच्चीस मिनिट तक दोनो बेलों की लड़ाई चलती रही तथा इस दौरान एक तरह से भगदड़ की स्थिति बन गई अनेक महिलाएं जो अपने बच्चों के साथ थी वहां से तत्काल भाग खड़ी हुई जबकि बुजुर्ग लोगों ने भी किसी तरह आस पास दीवारों को ओट लेकर इन बेलों की लड़ाई से खुद को बचाया। यहां बता दें कि संत हिरदाराम नगर में जहां इस तरह की घटनाओं में दो महिलाएं अपनी जान गंवा चुकी हैं।

## SUDOKU 54

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | 9 | | | | | 4 |
| | | | 4 | | 5 | 1 | | 2 |
| | 3 | | | | 6 | | 8 | |
| | 4 | | 5 | | | 8 | | |
| | | 6 | | | | 7 | | |
| | | 8 | 2 | | 1 | | 6 | |
| | 6 | | 7 | | | | 5 | |
| 9 | | 3 | 8 | | 4 | | | |
| 1 | | | | | 3 | 4 | | 8 |

## SOLUTIONS 53

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 3 | 5 | 6 | 1 | 9 | 7 | 4 | 2 |
| 4 | 1 | 6 | 3 | 2 | 7 | 8 | 5 | 9 |
| 7 | 2 | 9 | 8 | 4 | 5 | 3 | 1 | 6 |
| 2 | 6 | 1 | 5 | 8 | 4 | 9 | 3 | 7 |
| 5 | 4 | 8 | 7 | 9 | 3 | 6 | 2 | 1 |
| 3 | 9 | 7 | 2 | 6 | 1 | 4 | 8 | 5 |
| 1 | 8 | 3 | 9 | 5 | 6 | 2 | 7 | 4 |
| 9 | 5 | 2 | 4 | 7 | 8 | 1 | 6 | 3 |
| 6 | 7 | 4 | 1 | 3 | 2 | 5 | 9 | 8 |

Rules : The 3x3 sub-grids are called regions. Number already filled in the grid are called givens. The goal of the player is to fill the blank grids of every row, every column and every 3x3 box with the numbers 1,2,3,4,5,6,7,8,9 However, All rows, colums and regions (3x3) should contain numbers 1 to 9 without repeating.

## राशिफल

**मेष :** दिन आपके लिए कामकाज के मामले में अच्छा रह सकता है। किसी जरूरी काम में प्रगति देखने को मिल सकती है। परिवार के किसी सदस्य से अच्छी खबर मिल सकती है।

**वृषभ :** घर और काम के बीच संतुलन बनाकर चलना होगा। किसी पुरानी बात को लेकर मन थोड़ा परेशान रह सकता है, खर्चों पर नजर रखें।

**मिथुन :** दिन आपके लिए व्यस्त रह सकता है। कई काम एक साथ सामने आ सकते हैं। नौकरी करने वालों को नई जिम्मेदारी मिल सकती है।

**कर्क :** दिन राहत देने वाला साबित हो सकता है। पिछले कुछ दिनों से अटका कोई काम आगे बढ़ सकता है। घर का माहौल अच्छा रहेगा। किसी पुराने दोस्त से बात हो सकती है।

**सिंह :** दिन आत्मविश्वास बढ़ाने वाला रहेगा। कामकाज में आपकी बात को महत्व मिल सकता है। कोई नई योजना मन में आ सकती है। पैसों के मामले में सोच-समझकर फैसला लें।

**कन्या :** काम को टालने के बजाय समय पर पूरा करने की कोशिश करें। घर के किसी बड़े सदस्य की सलाह फायदा दे सकती है। खर्च बढ़ सकते हैं।

**तुला :** दिन मिलाजुला रह सकता है। काम पूरा करने के लिए थोड़ी ज्यादा मेहनत करनी पड़ सकती है। जरूरी फैसले में जल्दबाजी न करें। शाम तक कोई अच्छी खबर मिलने के संकेत हैं।

**वृश्चिक :** आपके पक्ष में रह सकता है। लंबे समय से चल रहा कोई काम पूरा हो सकता है। नौकरीपेशा लोगों को राहत मिलेगी। परिवार के साथ अच्छा समय बिताने का मौका मिलेगा।

**धनु :** आपके लिए अच्छा रह सकता है। रुके हुए काम पूरे होने की संभावना है। नौकरी और कारोबार दोनों में स्थिति सामान्य रहेगी।

**मकर :** दिन भागदौड़ भरा रह सकता है। कुछ काम उम्मीद से ज्यादा समय ले सकते हैं। गुस्से में आकर कोई बात कहने से बचें।

**कुंभ :** दिन नई उम्मीद लेकर आ सकता है। कामकाज में अच्छे नतीजे मिलने की संभावना है। यात्रा का योग बन सकता है। मन खुश रहेगा।

**मीन :** दिन शांत तरीके से बिताने की कोशिश करें। किसी बात को लेकर ज्यादा सोच-विचार करने से बचें। काम धीरे-धीरे पूरे होते जाएंगे। आर्थिक मामलों में सावधानी बरतना बेहतर रहेगा।

**आज का पंचांग :** 02 जून मंगलवार 2026। **दिशाशूल :** उत्तर दिशा में रहेगा। विक्रम संवत 2083 शके 1948 उत्तरायण, उत्तरगोल, ग्रीष्म ऋतु अधिक ज्येष्ठ मास कृष्ण पक्ष की द्वितीया 19 घंटे 02 मिनट तक तत्पश्चात तृतीया, मूल नक्षत्र 22 घंटे 07 मिनट तक तत्पश्चात पूर्वाआषाढ़ा नक्षत्र, साध्य योग 07 घंटे 16 मिनट तक तत्पश्चात शुभ योग, धनु में चंद्रमा। **राहुकाल :** दोपहर 03:47 से 05:31 बजे तक।


**सौदा निरस्ती के संबंध में आम सूचना**
**ख.क्र.-418(एस) 419(एस) स्थित ग्राम निपानिया सूखा, प.ह.नं.-11, तहसील हुजूर जिला भोपाल के संबंध में**

मेरे पक्षकार के निर्देशानुसार सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार द्वारा पूर्व में श्री पवन कुमार कुशवाहा पुत्र श्री गंगा प्रसाद कुशवाहा, निवासी-27-28 शंकर नगर कालोनी, सेमरा चांदबड़ रोड भोपाल से उनके मालिकी, स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि जो कि ग्राम-निपानिया सूखा, प.ह.नं.-11, रा.नि.मं.-01, विकास खण्ड फन्दा तहसील हुजूर जिला भोपाल में प्रधानमंत्री योजना अंतर्गत निर्मित पक्की सड़क के किनारे पर स्थित है, जिसका भूमि ख.क्रं.-418(एस) रकबा 0.4300 हे, ख. क्रं.-419(एस) रकबा 0.7100 हे. कुल रकबा 1.1400 हे. मे से क्षेत्रफल 20000 वर्गफिट भूमि जिसकी चतुर्थ सीमाऐं-पूरब में-निजी रास्ता व पश्चिम, उत्तर, दक्षिण में-इसी भूमि का शेष भाग है, उक्त भूमि को क्रय करने बावत् उनके अनुबंधकर्ता मोहम्मद नईम आत्मज अब्दुल हमीद, निवासी-40, आज़ाद मार्केट, जुमेराती, भोपाल के संबंध में दैनिक समाचार पत्र दैनिक जागरण में दिनांक 19/05/2026 को आम सूचना का प्रकाशन कराया गया था। यह कि चूंकि उक्त सौदे को मेरे पक्षकार एवं उक्त भूमि के मूल स्वामी/अनुबंधकर्ता के द्वारा आपसी सहमति से निरस्त कर दिया गया हैं तथा आज दिनांक के पश्चात् उक्त भूमि पर मेरे पक्षकार का किसी भी प्रकार का कोई हक व अधिकार हित निहित नही रहा हैं तथा अब उक्त भूमि के मूल स्वामी/अनुबंधकर्ता को यह अधिकार है कि वह उक्त भूमि का जैसा चाहे वैसा उपयोग उपभोग करे अन्य किसी को विक्रय करे इत्यादि। अतः सर्वसाधारण सूचित हों।

भवदीय- **महेश कुमार पाल** अधिवक्ता
पाल लॉ चेम्बर-कार्यालय-पटेल मार्केट के सामने भानपुर चौराहा, विदिशा रोड, भोपाल
मो.-9669480151

**कार्यालय भोपाल विकास प्राधिकरण भोपाल**
प्रगति भवन प्रेस काम्पलेक्स, जोन-1, महाराणा प्रताप नगर, भोपाल
क्रमांक-2043/राजस्व/भोविप्रा/26
भोपाल दिनांक 01.06.2026
**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि प्राधिकरण की एम.पी. नगर जोन-1 योजना स्थित चित्तौड़ काम्प्लेक्स के प्रकोष्ठ क्रमांक 6/6 आवंटी श्री प्रदीप कुमार सिंह आत्मज श्री रामकुमार सिंह एवं श्रीमती शोभना सिंह पत्नी श्री प्रदीप कुमार सिंह के संयुक्त नाम पर अंकित है। संयुक्त आवंटी में से श्रीमती शोभना सिंह का स्वर्गवास दिनांक 28/02/2018 को हो जाने के कारण आवंटी के वारिसों में पति श्री प्रदीप कुमार सिंह पुत्र श्री आकाश कुमार सिंह एवं पुत्री श्रुति सिंह द्वारा आवेदन पत्र के साथ आवंटी का मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथ पत्र, आधार कार्ड एवं समस्त वारिसो की सहमति/शपथ पत्र तथा वांछित प्रपत्रों को प्रस्तुत कर उक्त प्रकोष्ठक्रमांक 6/6 का अपने संयुक्त नामों पर नामांतरण चाहा गया है। उक्त नामांतरण के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति/उत्तराधिकारी को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशित होने की दिनांक से 7 दिवस के अंदर लिखित एवं साषये/दस्तावेजो के साथ अधोहताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति/दावा प्रस्तुत करे। उक्त समयावधि के पश्चात् कोई भी दावा/आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी, एवं प्राधिकरण नियमानुसार कार्येवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

राजस्व अधिकारी
भोपाल विकास प्राधिकरण भोपाल

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं नब्बो बाई पति श्री गनपत, निवासी-33, पीपलखिरिया, राजीव नगर, तहसील व जिला-रायसेन (म.प्र.) पिनकोड 464551 मेरा आधार नं. 6259 1745 3755 है। मेरे दस्तावेज/दस्तावेज का नाम-जैसे आधार कार्ड/पेन कार्ड/मार्कशीट/खसरा खतौनी अथवा जमा बंदी आदि में मेरा नाम गलती से **श्याम बाई** पति श्री गनपत अंकित हो गया है। यह कि मेरा सही नाम **नब्बो बाई** है, एवं मेरा पता-33, पीपलखिरिया, राजीव नगर, तहसील व जिला-रायसेन (म.प्र.) पिनकोड 464551 है। उपरोक्त **गलत नाम श्याम बाई**, और **सही नाम नब्बो बाई** यह दोनों नाम मेरे स्वयं के ही है। यह कि भविष्य में मुझे मेरे सही नाम **नब्बो बाई** के नाम से मुझे जाना एवं पहचाना जावे।

पंजी. क्र. डी.आर.बी. 748/97
**वरुण गृह निर्माण सरकारी संस्था मर्यादित भोपाल**
कार्यालय: वरुण नगर (बी.डी.ए. फेस-1) बावड़िया कलां, भोपाल-462026
क्रमांक व्याव./2026-27/99 दिनांक: 01.06.2026
**निविदा दरों का तृतीय आमंत्रण**

वरुण गृह निर्माण सहकारी समिति के बावड़िया कलां वार्ड 52 स्थित अनुमोदित भूमि 9.20 एकड़ के अुमोदित अभिन्यास अनुसार निर्माणाधीन केजुअल शॉपिंग कॉम्प्लेक्स के सिविल (स्ट्रक्चर एवं चुनाई कार्य के उपरान्त फिनिंग कार्य) हेतु इच्छुक ठेकेदारों से निविदा दरें वर्गफुट के आधार पर (On Sq Fit basis of slab area measurement) आमंत्रित की जाती है। आवेदन-पत्र दिनांक 03 से 07 जून 2026 को समिति के कार्यालयीन समय पूर्वान्ह 11.00 से दोपहर 1.00 बजे तक प्राप्त किये जा सकेंगे। दिनांक 8 जून 2026 को पूर्वान्ह 11.00 से 1.00 बजे तक समिति कार्यालय में जमा होंगे तथा 8 जून 2026 को अपरान्ह 3.00 बजे निविदा खोली जायेगी। तकनीकी निविदा के बिन्दुओं की औपचारिकता पूर्ण पाये जाने पर ही वित्तीय निविदा खोली जायेगी। यह निविदा अंतिम निविदा होगी तथा इस निविदा में जो भी निविदाकार तकनीकी निविदा में जो सफल निविदाकार होगा, उसकी वित्तीय निविदा खोली जाकर प्रथम न्यूनतम दर वाले निविदाकार को (एल-1) की निविदा स्वीकृत की जायेगी इसके बाद कोई निविदा आमंत्रित नहीं की जायेगी। **आवेदन पत्र का मूल्य नगद रुपये 10,000/-** तथा धरोहर राशि बैंक की डी.डी. के माध्यम से रुपये 50,000/- वरुण गृह निर्माण सहकारी समिति भोपाल के नाम बनवाकर जमा करना होगा। कार्य की समयावधि कार्यआदेश के दिनांक से 9 माह (वर्षाऋतु सहित) के लिए होगी। समयावधि में वृद्धि हेतु संस्था का निर्णय अंतिम होगा।

अध्यक्ष

**कार्यालय न्यू वल्लभ गृह निर्माण सहकारी संस्था मर्यादित, भोपाल**
(पंजीयन क्रमांक / डी. आर. बी. / 346, दिनांक 11.05.1983)
क्रमांक/2026/निविदा/ भोपाल, दिनांक : 01.06.2026
**द्वितीय निविदा आमंत्रण**

न्यू वल्लभ गृह निर्माण सहकारी संस्था मर्यादित, जिला भोपाल द्वारा विकसित कालोनी पूजाश्री कालोनी सी. टी. ओ. बैरागढ़ भोपाल के स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि खसरा क्रमांक 116/1/1/1 (एस) रकबा 0.2020 हेक्टेयर जो राजस्व अभिलेखों में संस्था के नाम दर्ज है। उक्त भूमि नगर तथा ग्राम निवेश भोपाल द्वारा स्वीकृत मानचित्र है जिसमें से 1005 वर्गमीटर भूमि स्कूल हेतु आरक्षित की गई जिसको संस्था द्वारा केवल पंजीकृत शैक्षणिक संस्थाओं को ही विक्रय किया जाना प्रस्तावित है।

इच्छुक निविदाकर्ता दिनांक 01.06.2026 से 07.06.2026 तक उक्त भूमि को क्रय करने संबंधी दस्तावेज / भूमि / साईट का अवलोकन कर सकते हैं। निविदाकर्ता को उक्त भूमि क्रय करने हेतु न्यू वल्लभ गृह निर्माण सहकारी संस्था मर्यादित, भोपाल के नाम से धरोहर राशि का डिमांड ड्राफ्ट रुपये 50000/- (रुपये पचास हजार केवल) निविदा के साथ जमा करना अनिवार्य होगा। निविदा प्रपत्र का मूल्य 500/- रुपये है जो संस्था के नाम डिमांड ड्राफ्ट के माध्यम से जमा करने पर जारी किया जायेगा। निविदा संस्था कार्यालय 31, श्यामला हिल्स, भोपाल में दिनांक 07.06.2026 दोपहर 03 बजे तक जमा कर सकते हैं। प्राप्त निविदाओं को निविदाकर्ताओं के समक्ष दिनांक 07.06.2026 को सायं 4 बजे संस्था कार्यालय में खोली जावेगी इस दिन निविदाकर्ता अथवा उनके द्वारा नियुक्त प्रतिनिधि उपस्थित रह सकते हैं। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त निविदाओं पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। किसी प्रकार की विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र जिला न्यायालय भोपाल होगा। निविदा स्वीकार करने अथवा अस्वीकार करने का अधिकार संस्था अध्यक्ष के पास सुरक्षित है। नियम एवं शर्ते लागू।

अध्यक्ष
न्यू वल्लभ गृह निर्माण सहकारी संस्था मर्यादित, जिला - भोपाल (म.प्र.)

**कार्यालय भोपाल विकास प्राधिकरण, भोपाल**
प्रगति भवन प्रेस कॉम्पलेक्स जोन-1 महाराणा प्रताप नगर भोपाल
प्रॉपर्टी आई डी. नं. 0700800183, आवेदन क्रमांक-11632, आवेदन दिनांक-01/04/2026
क्रमांक 2004/राजस्व/भोविप्रा/26 भोपाल दिनांक : 06/05/2026
**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि प्राधिकरण की भेल कर्मचारी साकेत नगर योजना में स्थित भूखण्ड क्रमांक 183 सेक्टर 2सी के आवंटी श्रीमती मीरा दत्ता पत्नी स्व. श्री एस.आर. दत्ता के नाम पर आवंटित है। आवंटी श्रीमती मीरा दत्ता का स्वर्गवास दिनांकः-7/07/2025 एवं उनके पति श्री एस.आर. दत्ता का भी स्वर्गवास दिनांक-25/10/2011 को हो जाने के कारण आवंटी के वारिस 1-श्री सुभेंदु दत्ता, 2 श्रीमती सुजाता पुत्र एवं पुत्रीगण-एस. आर. दत्ता द्वारा आवेदन पत्र के साथ आवंटी का मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथ पत्र, आधार कार्ड शपथ पत्र तथा वांछित प्रपत्रों को प्रस्तुत कर उक्त भूखण्ड का संयुक्त नाम पर नामांतरण चाहा गया है। उक्त नामांतरण के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति/उत्तराधिकारी को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशित होने की दिनांक से 7 दिवस के अंदर लिखित एवं साक्ष्य/दस्तावेजों के साथ अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति/दावा प्रस्तुत करें। उक्त समयावधि के पश्चात् कोई भी दावा/आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी, एवं प्राधिकरण नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

उक्त नामांतरण के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति/उत्तराधिकारी को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशित होने की दिनांक से 7 दिवस के अंदर लिखित एवं साक्ष्य/दस्तावेजो के साथ अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति/दावा प्रस्तुत करे। उक्त समयावधि के पश्चात् कोई भी दावा/आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी, एवं प्राधिकरण नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

राजस्व अधिकारी
भोपाल विकास प्राधिकरण, भोपाल

**जाहिर सूचना**
**दुकान क्रमांक एफ-39, नवीन शापिंग काम्पलेक्स, नादरा बस स्टैंड, हमीदिया रोड, भोपाल**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने श्री दीपेश साहू आत्मज श्री प्रेमनारायण साहू निवासी मकान न. 48, इतवारा रोड, भोपाल से उनके स्वत्व एवं स्वामित्व की एक किता दुकान क्रमांक एफ-39, नवीन शापिंग काम्पलेक्स, नादरा बस स्टैंड, हमीदिया रोड, भोपाल जिसका क्षेत्रफल 16.059 वर्गमीटर है एवं चतुर्थ सीमाएं निम्नानुसार है-दिशा पूर्व में-दुकान क्रमांक एफ-38, दिशा पश्चिम में-ओपन, दिशा उत्तर में-दुकान क्रमांक एफ-1, दिशा दक्षिण में-बॉलकनी हैं को क्रय करने हेतु अनुबंध कर बयाना राशि का भुगतान कर दिया है। उक्त दुकान क्रमांक एफ-39, नवीन शापिंग काम्पलेक्स, नादरा बस स्टैंड, हमीदिया रोड, भोपाल के संबंध में किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, फर्म, सरकारी व गैर सरकारी कार्यालय को कोई आपत्ति हो या उक्त सम्पत्ति/भूखण्ड कहीं दान, बधंक, गिरवी, हस्तांतरण, वसीयत, विक्रय अनुबंध इत्यादि हो तो वह व्यक्ति अथवा संस्था इस सूचना प्रकाशन के 07 दिवस के अंदर मेरे कार्यालय में लिखित आपत्ति मय दस्तावेज प्रस्तुत करें, अन्यथा उक्त समय व्यतीत हो जाने के पश्चात किसी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य व स्वीकार नहीं होगी और मेरे पक्षकार विक्रय पत्र पंजीकृत कराने हेतु स्वतंत्र होंगे।

भवदीय **सुनील राय** एडवोकेट
ऑफिसः सीनियर एम.आई.जी. 72, अमरावती साउथ कॉलोनी, बागसेवनिया, भोपाल
मो.नं. 9826015907, 6265066312

## मौसम अपडेट

### प्रदेश के चार महानगरों का तापमान




### देश के चार महानगरों का तापमान

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 35.8 | 23.3 |
| मुंबई | 34.8 | 26.9 |
| चेन्नई | 40.1 | 24.5 |
| कोलकाता | 35.0 | 25.2 |

सूर्यास्त 7:02 PM
सूर्योदय 5:34 AM
चन्द्रोदय 7.16 PM
चन्द्रास्त 5:07 AM

## गमछे से हाथ बांधकर नदी में एक साथ कूदे प्रेमी युगल, मौत



**जागरण, मुरैना।** जिले के नूराबाद थाना क्षेत्र में सोमवार को एक प्रेमी युगल के एक साथ आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। एक गमछे से दोनों ने हाथ बंधकर पुराने पुल से सांक नदी में छलांग लगाकर अपनी जान दे दी। घटना की सूचना मिलने पर एसडीआरएफ और पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और रेस्क्यू ऑपरेशन चलाकर दोनों के शव नदी से बाहर निकाले। बाद में अस्पताल में डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। जानकारी के मुताबिक, प्रेमी और प्रेमिका बाइक से ग्वालियर की ओर से नूराबाद के पुराने पुल पर पहुंचे थे। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, दोनों ने पहले एक गमछे से अपने हाथ बांधे और फिर सांक नदी में छलांग लगा दी। पुल पर मौजूद कुछ लोगों ने उन्हें नदी में कूदते देख लिया और तुरंत पुलिस को सूचना दी। घटना की सूचना मिलते ही एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची और नदी में तलाश शुरू की। रेस्क्यू के दौरान दोनों के शव नदी से बाहर निकाले गए। इसके बाद शवों को नूराबाद अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद दोनों को मृत घोषित कर दिया।

## छठी पर देवर की गोली से भाभी की मौत, मची चीख-पुकार

**जागरण, ग्वालियर।** शहर में रविवार को दष्टौन (छठी) समारोह के दौरान हर्ष फायरिंग से पहले चली गोली से बच्चे की मां की मौत हो गई। घटना के बाद घर में चीख-पुकार मच गई। घटना के बाद परिजन ने शव को डीप फ्रीजर में छिपाकर रात में अंतिम संस्कार की तैयारी कर ली थी, लेकिन इससे पहले खबर पुलिस तक पहुंच गई। जानकारी के मुताबिक थाटीपुर के नदीपार टाल स्थित तृप्ति नगर निवासी मनोज कुशवाह के बेटे का छठी कार्यक्रम था। घर में रिश्तेदार और मेहमान मौजूद थे। सुबह 10 से 11 बजे के बीच मनोज का छोटा भाई योगेश भतीजे के जन्म की खुशी में अवैध कट्टे से हर्ष फायरिंग की तैयारी कर रहा था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, योगेश कट्टे को बार-बार लोड और अनलोड कर रहा था। उसी दौरान गलती से ट्रिगर दब गया और गोली पास बैठी बच्चे की मां जाह्नवी उर्फ ज्योति कुशवाह (32) के सिर में जा लगी। गोली लगने के बाद ज्योति जमीन पर गिर पड़ी।



### पुलिस विभाग में महिला कर्मचारियों की हालत

## धमकियों से परेशान महिला जेल प्रहरी, नौकरी छोड़ने को मजबूर




**जागरण, जबलपुर।** जिले की पाटन सब जेल में तैनात महिला जेल प्रहरी रचना ने अपने वरिष्ठ अधिकारियों को मानसिक प्रताड़ना की शिकायत की है। उनका आरोप है कि ड्यूटी के बाद भी उनका पीछा किया जाता है और लगातार धमकियां दी जाती हैं। रचना ने कहा है कि तनाव के कारण वह नौकरी छोड़ने तक का मन बना चुकी हैं और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी भी प्रभावित हो रही है। जानकारी के अनुसार यह विवाद साल 2024 में शुरू हुआ था। तब सौरभ व्यास नामक व्यक्ति जेल परिसर में बिना अनुमति सीधे मुलाकात कक्ष की ओर गया। महिला प्रहरी ने पहचान दस्तावेज मांगने पर आपत्ति जताई, जिसके बाद से उन्हें परेशान किया जाने लगा। घटना की लिखित शिकायत पाटन थाने में की गई, लेकिन कार्रवाई न होने पर मानव अधिकार आयोग को पत्र लिखा गया। 17 जनवरी को एफआईआर दर्ज हुई, हालांकि आरोपी को जमानत मिल गई।

### धमकी और मानसिक दबाव

महिला प्रहरी ने आरोप लगाया कि सौरभ व्यास लगातार उसके पीछे घूमते हैं और उसे धमकियां देते हैं। उसे कहा गया कि तुम्हारी वर्दी उतरवा दूंगा। इसके अलावा रचना का कहना है कि मामले को कोर्ट में जाने के बावजूद उन पर राजीनामा करने का दबाव बनाया जा रहा है। सरकारी आवास में अकेले रहने के कारण उनका मानसिक तनाव और बढ़ गया है।

### पुलिस और विभागीय जांच

पाटन जेल के सहायक जेल अधीक्षक हेमेंद्र बागरी ने बताया कि मामला पुलिस और विभागीय स्तर पर जांच में है। उन्होंने कहा कि सौरभ व्यास पेशे से अधिवक्ता हैं और दो साल पहले बिना दस्तावेज जेल परिसर में घूम रहे थे। इस पर आपत्ति जताने के बाद रचना को परेशान किया जा रहा है। आरोपी ने सभी आरोपों को निराधार बताया और कहा कि कोई सबूत होने पर उन्हें पेश किया जाए।

## शादी का झांसा देकर महिला कांस्टेबल से दुष्कर्म, ब्लैकमेल कर वसूले 4 लाख




**जागरण, हरदा।** मध्य प्रदेश के हरदा में एक महिला कांस्टेबल के साथ दुष्कर्म और ब्लैकमेलिंग का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर भोपाल के एक बर्तन व्यवसायी के खिलाफ मामला दर्ज कर सोमवार को उसे गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, पीड़िता नर्मदापुरम संभाग की रहने वाली है और उसके पति का कुछ वर्ष पहले निधन हो चुका है। पिता के निधन के बाद उसका हरदा आना-जाना लगा रहता था। इसी दौरान ट्रेन यात्रा के दौरान उसकी मुलाकात छनेरा निवासी एक युवक से हुई, जो भोपाल में बर्तन की दुकान चलाता है। धीरे-धीरे दोनों के बीच मोबाइल पर बातचीत बढ़ने लगी और आरोपी ने महिला कांस्टेबल के सामने शादी का प्रस्ताव रख दिया। वह पीड़िता को अपने भाई की शादी में ले गया और अपने परिजनों से भी मिलवाया।

### आपत्तिजनक फोटो लेकर किया ब्लैकमेल

दर्ज शिकायत के मुताबिक, बीते 3 अप्रैल को आरोपी महिला कांस्टेबल के किराए के मकान पर पहुंचा और उसके साथ दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया। इसी दौरान उसने पीड़िता की कुछ आपत्तिजनक तस्वीरें भी खींच लीं। इस घटना के बाद आरोपी का व्यवहार पूरी तरह बदल गया। वह महिला पर शक करने लगा और लगातार बात करने का दबाव बनाने लगा। जब महिला ने दूरी बनानी चाही, तो आरोपी ने उन तस्वीरों को सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी देना शुरू कर दिया।

### रिश्तेदार को भेजी तस्वीरें

आरोपी की प्रताड़ना यहीं नहीं रुकी। उसने पीड़िता की आपत्तिजनक तस्वीरें उसके एक रिश्तेदार के मोबाइल पर भेज दीं। तस्वीरें हटाने और सोशल मीडिया पर वायरल न करने के बदले उसने महिला कांस्टेबल को ब्लैकमेल कर 4 लाख भी वसूल लिए।

## छतरपुर एसपी ऑफिस में युवक ने काटी हाथ की नस जिला अस्पताल में भर्ती

**जागरण, छतरपुर।** जिले के एसपी ऑफिस परिसर में सोमवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई जब एक युवक ने हाथ की नस काटकर आत्महत्या की कोशिश की। पुलिस युवक को तुरंत जिला अस्पताल लेकर पहुंची। पुलिस के अनुसार, युवक का मानसिक स्वास्थ्य संबंधी उपचार ग्वालियर में चल रहा है। प्रारंभिक जांच में यह भी सामने आया है कि वह पूर्व में न्यायालय परिसर में विवाद और हिंसक व्यवहार की घटनाओं में शामिल रहा है। इतना ही नहीं युवक के हाथ में पहले से कई चोट के निशान हैं, वह खुद को पहले भी नुकसान पहुंचा चुका। दरअसल युवक की पहचान हरपालपुर के रहने वाले शिवप्रताप सिंह राजपूत के रूप में हुई है। जानकारी के मुताबिक, सोमवार को युवक एसपी कार्यालय शिकायत लेकर पहुंचा था। उसका आरोप था कि उसके खिलाफ दर्ज एफआईआर झूठी है और उसका परिवार पुलिस प्रताड़ना का शिकार हो रहा है। शिकायत देने के दौरान वह कार्यालय परिसर स्थित शौचालय में गया और वहां अपने हाथ की नस काट ली। घटना के बाद मौजूद पुलिसकर्मियों ने तत्काल उसे जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां उसका उपचार किया गया। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि युवक जिन मामलों को लेकर शिकायत कर रहा है, वे न्यायालय परिसर में हुए विवाद से जुड़े हैं। प्रकरण न्यायालय कर्मचारियों की शिकायत पर दर्ज किया गया था। पुलिस इस मामले में शिकायतकर्ता नहीं है। युवक द्वारा लगाए गए आरोपों और पूरे घटनाक्रम की जांच की जा रही है।

### प्रदेश में प्री मानसून एक्टिविटी के तहत चली तेज हवाएं, हुई बारिश

# बारिश के कारण खिलचीपुर कृषि मंडी में 4 हजार क्विंटल गेहूं भीगा

**जागरण, राजगढ़।** प्रदेश में प्री-मानसून एक्टिविटी जारी है। इस कारण मौसम में बदलाव देखने को मिल रहा है। प्रदेश के कई जिलों में आसमान पर बादल होने के साथ ही तेज हवाएं चल रही हैं। वहीं कई जगह बारिश भी हो रही है। सोमवार शाम राजगढ़ जिले के खिलचीपुर में हुई प्री-मानसून बारिश ने कृषि उपज मंडी के गल्ला व्यापारियों की चिंता बढ़ा दी। मंडी परिसर में खुले आसमान के नीचे रखा उनका करीब 4 हजार क्विंटल गेहूं बारिश में भीग गया। कई जगह गेहूं के ढेर पानी में फैल गए तो कुछ दाने पानी में डूबे नजर आए। इससे व्यापारियों को अब अनाज खराब होने और आर्थिक नुकसान का डर सता रहा है।

जानकारी के अनुसार सोमवार को खिलचीपुर में रुक रुक कर बारिश हुई। शाम करीब 4 बजे अचानक तेज बारिश शुरू हो गई। उस समय कृषि उपज मंडी परिसर में बड़ी मात्रा में गेहूं खुले में रखा था। बारिश इतनी तेज हुई कि व्यापारी को संभलने का मौका तक नहीं मिला। देखते ही देखते गेहूं भीग गया और मंडी परिसर में अनाज बहकर फैल गया। हालांकि खिलचीपुर कृषि उपज मंडी में किसानों की उपज रखने के लिए पुराने समय के 15 से 20 गोदाम बने हुए हैं, लेकिन मंडी में 25 से ज्यादा व्यापारी अनाज खरीदते हैं। व्यापारियों का कहना है कि गोदाम छोटे होने के कारण खरीदा गया पूरा माल अंदर रखना संभव नहीं हो पाता। इस वजह से बड़ी मात्रा में गेहूं खुले में रखना पड़ता है। बारिश के दौरान मंडी का नजारा ऐसा था कि जगह-जगह गेहूं के ढेर भीगते नजर आए। कुछ व्यापारी तिरपाल और प्लास्टिक से माल बचाने की कोशिश की लेकिन अचानक हुई बारिश के आगे इंतजाम कमजोर पड़ गए। भीगने के बाद गेहूं में नमी बढ़ने और खराब होने का खतरा बढ़ गया



## पालतू बिल्ली के पंजे से बच्चा गंभीर, दिखे रेबीज के लक्षण



**जागरण, ग्वालियर।** पालतू बिल्ली के पंजा मारने के बाद 13 वर्षीय एक बच्चा गंभीर रूप से बीमार हो गया। बच्चे में रेबीज जैसे लक्षण मिलने पर उसे ग्वालियर के शासकीय हजार बिस्तर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। चिकित्सकों के अनुसार बिल्ली के पंजा मारने से रेबीज होने के मामले बहुत कम सामने आते हैं, लेकिन फिलहाल बच्चे की हालत नाजुक बनी हुई है।

जानकारी के अनुसार शिवपुरी जिले के करेरा निवासी 13 वर्षीय निर्मल को उपचार के लिए स्वजन ग्वालियर के शासकीय हजार बिस्तर अस्पताल की पीएमएम विभाग की ओपीडी में लेकर पहुंचे। परीक्षण के दौरान चिकित्सकों को उसमें रेबीज के लक्षण दिखाई दिए, जिसके बाद उसे बाल रोग विभाग में रेफर कर दिया गया। बच्चे के पिता देवेंद्र यादव ने बताया कि सोमवार सुबह उसके व्यवहार में बदलाव दिखाई देने लगा। तबीयत ज्यादा बिगड़ने पर पहले शिवपुरी में स्थानीय चिकित्सक को दिखाया गया, जहां से उसे ग्वालियर रेफर कर दिया गया। स्वजन एक निजी अस्पताल भी पहुंचे, लेकिन वहां हालत गंभीर बताते हुए भर्ती करने से इंकार कर दिया गया।

### सामान्य से अधिक निकल रही बच्चे की लार

अस्पताल में दर्ज केस हिस्ट्री के अनुसार बच्चे की लार सामान्य से अधिक निकल रही है। उसका व्यवहार भी बदला हुआ है और वह मनोभ्रम की स्थिति में है। पानी और ठंडी हवा से भी उसे परेशानी हो रही है। चिकित्सकों का कहना है कि ये सभी लक्षण रेबीज से मेल खाते हैं। स्वजन चिकित्सकों को यह स्पष्ट नहीं बता सके कि बिल्ली ने बच्चे को कब पंजा मारा था। पीएसएम विभाग के अध्यक्ष डॉ. मनोज बंसल ने बताया कि बच्चे की केस हिस्ट्री के आधार पर उसे बाल रोग विभाग में रेफर किया गया है।

## 290 लीटर अवैध शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार, स्विफ्ट कार जब्त



**जागरण, खंडवा।** जिले के खालवा में सोमवार तड़के पुलिस ने अवैध शराब तस्करी पर बड़ी कार्रवाई की है। रात्रि गश्त के दौरान पुलिस ने एक स्विफ्ट कार से 29 पेटी (290 लीटर) शराब जब्त की है। पुलिस ने कार चला रहे ढाबा संचालक अमित भाटी को भी गिरफ्तार किया है। वहीं, उसका दूसरा साथी मौके से फरार हो गया। वहीं पुलिस ने स्विफ्ट कार को अपनी अभिरक्षा में ले लिया है। जब्त शराब आदिवासी क्षेत्रों के ढाबों और किराना दुकानों पर सप्लाई होनी थी। खालवा पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक, गिरफ्तार आरोपी अमित भाटी का खालवा में नदी किनारे एक ढाबा है, जहां वह ग्राहकों को अवैध रूप से शराब परोसता है। अमित के साथ कार में कोठा गांव का रहने वाला फूलसिंह भी मौजूद था, जो किराना दुकान की आड़ में शराब बेचता है। फूलसिंह फिलहाल फरार है। ढाबा संचालक आरोपी अमित भाटी को राजनीतिक संरक्षण प्राप्त है। इसी रसूख और साक्ष्यों के अभाव में पुलिस अमित पर कार्रवाई नहीं कर पा रही थी, लेकिन सोमवार तड़के 4 बजे गश्त के दौरान छनेरा की तरफ से शराब लाते समय वह पुलिस के हत्थे चढ़ गया।

### रीवा में बछड़े के टकराने से हुआ था गैस रिसाव

## झुलसे बच्चे और युवक ने इलाज के दौरान तोड़ा दम, दो गंभीर

**जागरण, रीवा।** शहर के पैपखरा क्षेत्र में पिछले हफ्ते मंगलवार देर रात गैस सिलेंडर हादसा घर के कमरे में रखे सिलेंडर की पाइप बछड़े के टकराने से निकलने और गैस के आंगन में जल रहे चूल्हे की आग के संपर्क में आने से हुआ था। इस हादसे में झुलसे एक बच्चे और एक युवक की सोमवार को इलाज के दौरान मौत हो गई। जबकि दो घायल अन्य लोगों का संजय गांधी अस्पताल में अभी भी इलाज चल रहा है, हालांकि उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस ने मामले की विस्तृत जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक, पैपखरा निवासी यशोदानंद शुक्ला के घर के आंगन में चूल्हे पर खाना बनाया जा रहा था, जबकि गैस सिलेंडर पास ही कमरे में रखा था। बताया जा रहा है कि सिलेंडर का रेगुलेटर खुला रह गया था और उसी कमरे में एक बछड़ा बंधा था। इसी दौरान बछड़े के टकराने से सिलेंडर से जुड़ी गैस पाइप बाहर निकल गई, जिससे पूरे घर में तेजी से गैस फैल गई। कुछ ही देर में कमरे से निकली गैस आंगन में जल रहे चूल्हे की आग के संपर्क में आ गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और पूरे मकान को चपेट में ले लिया।



## बहन ने बेचीं 6 बकरियां, विरोध करने पर भाई पर किया जानलेवा हमला

**जागरण, पन्ना।** जिले में बकरियां बेचने के विवाद में एक सगी बहन ने अपने भाई पर जानलेवा हमला कर दिया। सोमवार को नयापुरवा एनएमडीसी कॉलोनी में हुई इस वारदात में भाई गंभीर रूप से घायल हो गया है, जिसे नाजुक हालत में रीवा मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। पुलिस ने पीड़ित के बयानों के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित कमलेश आदिवासी (38 वर्ष) ने बताया कि वह अपने घर में सो रहा था, तभी उसकी सगी बहन रूपा ने अचानक उस पर लोहे की रॉड और भारी पत्थरों से हमला कर दिया। इस बर्बर हमले में कमलेश के पैर बुरी तरह टूट गए, जबकि उसके हाथ, कंधे और पूरे शरीर पर गंभीर चोटें आई हैं। पड़ोसी ने बचाई जान, डायल 112 को दी सूचना हमले के बाद कमलेश किसी तरह अपनी जान बचाकर खून से लथपथ हालत में पड़ोसी भरत के घर पहुंचा। पड़ोसी ने बिना वक्त गंवाए तुरंत डायल 112 पर पुलिस को सूचना दी।

**कार्यालय कृषि उपज मंडी समिति माखननगर**
**जिला - नर्मदापुरम (म.प्र.)**
क्र./मंडी/निर्माण/26-27/115 माखननगर, दिनांक : 29.05.2026

**निविदा आमंत्रण सूचना**

प्रमुख अभियंता म.प्र. लोक निर्माण विभाग में उपयुक्त (केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली) पंजीकृत निविदाकारों से प्रतिशत दर आधार पर सिस्टम निविदा क्रमांक 2026 MPSAM_511558_1 के अन्तर्गत ऑनलाइन निविदायें **दिनांक 22.06.2026 को शाम 5:30 बजे तक** आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र एवं अन्य जानकारी निविदाकारों को म.प्र. शासन के ई-निविदा के पोर्टल **https://mptenders.gov.in** पर प्राप्त होगी एवं उक्त निविदा से संबंधित समस्त जानकारी मंडी बोर्ड के पोर्टल **www.mpmandiboard.co.in** पर भी अवलोकनीय होगी।

**नोट :** आवश्यक होने पर उपरोक्त निविदा सूचना से संबंधित किसी भी प्रकार की संशोधन सूचना अथवा अन्य जानकारी केवल उपरोक्तानुसार पोर्टल पर प्रदर्शित की जावेगी।

म.प्र. माध्यम/126114/2026 सचिव

## बिजनेस प्लस

### पीपुल्स कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेज एंड रिसर्च सेंटर में दीक्षांत समारोह का आयोजन



**भोपाल।** पीपुल्स यूनिवर्सिटी के अंतर्गत पीपुल्स कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेज एंड रिसर्च सेंटर में दीक्षांत समारोह का भव्य आयोजन किया गया। समारोह में बीडीएस बैच 2020-21, एमडीएस बैच 2022-23 के विद्यार्थियों, पीएचडी शोधार्थियों तथा फेलोशिप उम्मीदवारों को उपाधियां एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के अंतर्गत राष्ट्रीय दंत चिकित्सा आयोग के माननीय सचिव अरिंदम मोदक रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि चिकित्सा एवं दंत चिकित्सा के क्षेत्र में उत्कृष्टता, नैतिकता एवं निरंतर सीखने की भावना ही एक सफल पेशेवर की पहचान है। उन्होंने विद्यार्थियों को समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हुए स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए प्रेरित किया। समारोह की अध्यक्षता पीपुल्स यूनिवर्सिटी के कुलपति डॉ. हरीश राव ने की। अपने उद्बोधन में उन्होंने स्नातक एवं स्नातकोत्तर उपाधि प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा कहा कि पीपुल्स यूनिवर्सिटी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, अनुसंधान और स्वास्थ्य सेवाओं के माध्यम से उत्कृष्ट पेशेवर तैयार करने के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय के वरिष्ठ अधिकारी, संकाय सदस्य, अभिभावक एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### आरकेडीएफ विश्वविद्यालय में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर



**भोपाल।** आरकेडीएफ विश्वविद्यालय भोपाल के सभागार में आयोजित एक कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं द्वारा सिकल सेल एनीमिया के उन्मूलन हेतु किए जा रहे प्रयासों की जानकारी प्रस्तुत की गई। यह आयोजन मध्यप्रदेश के महामहिम राच्यपाल के जन्मदिवस पर आयोजित किया गया था। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय की कुलाधिपति डॉ. साधना कपूर, कुलगुरू प्रो. विजय अग्रवाल, प्रबंध निदेशक डॉ. बी. एन. सिंह, कुलसचिव डॉ. सत्येन्द्र सिंह ठाकुर, परीक्षा नियंत्रक डॉ. सुनील पाटिल सहित सभी संकायाध्यक्ष, विभागाध्यक्ष, प्राध्यापकगण, अधिकारी एवं कर्मचारी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। विश्वविद्यालय विगत 10 वर्षों से सिकल सेल एनीमिया विषय पर निरंतर कार्य कर रहा है तथा जनजागरूकता एवं स्वास्थ्य संवर्धन के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। कार्यक्रम में यह भी बताया गया कि विश्वविद्यालय के 225 एनसीसी कैडेट्स को च्चसिकल सेल एनीमिया मित्रच्च के रूप में प्रशिक्षित एवं नामित किया गया है। इन कैडेट्स द्वारा सिकल सेल एनीमिया के प्रति जागरूकता फैलाने तथा समाज में स्वास्थ्य संबंधी संदेश पहुंचाने के लिए किए गए कार्यों की समीक्षा भी इस शुभ अवसर पर की गई।

### पावरग्रिड द्वारा स्वच्छता अभियान एवं जन-जागरूकता गतिविधियों का आयोजन



**गुरुग्राम।** भारत सरकार के विद्युत मंत्रालय के अंतर्गत महारत्न केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (पावरग्रिड) देशभर मेंस्थित अपनेकार्यालयों में स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण बनाए रखनेके उद्देश्य से स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन कर रहा है। यह अभियान स्वच्छ, स्वस्थ एवं हरित राष्ट्र के निर्माण के प्रति पावरग्रिड की सतत प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इस अवसर पर पावरग्रिड के कर्मचारियों नेस्वच्छता शपथ ग्रहण कर अपनेकार्यस्थलों, समुदायों तथा दैनिक जीवन में स्वच्छता बनाए रखनेके संकल्प को पुनः दोहराया। स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण सुनिश्चित करनेके लिए कार्यालय परिसरों एवं आसपास के क्षेत्रों में स्वच्छता अभियान भी चलाया गया। यह अभियान केंद्रीय कार्यालय, गुरुग्राम में वामसी राम मोहन बुर्रा, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, जी. रविशंकर, निदेशक (वित्त), डॉ. यतीन्द्र द्विवेदी, निदेशक (कार्मिक), नवीन श्रीवास्तव, निदेशक (संचालन) तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति मेंआयोजित किया गया। इसके अतिरिक्त, स्वच्छता के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से नुक्कड़ नाटक का भी आयोजन किया गया।

### अहमदाबाद मंडल में हरित एवं सतत रेल परिचालन थीम के अंतर्गत विश्व पर्यावरण दिवस अभियान का आयोजन

**अहमदाबाद।** पश्चिम रेलवे के अहमदाबाद मंडल द्वारा 27 मई से 30 मई, 2026 तक विश्व पर्यावरण दिवस अभियान का आयोजन हरित एवं सतत रेल परिचालन (हरित और टिकाऊ रेलवे संचालन) विषय के अंतर्गत किया गया। इस अभियान का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण, सतत विकास तथा जन-जागरूकता को बढ़ावा देना था। अभियान के दौरान मंडल के विभिन्न स्टेशनों, रेलवे कॉलोनियों, कार्यालय परिसरों एवं अन्य रेलवे परिसंपत्तियों में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत व्यापक स्तर पर वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन कार्यक्रमों के माध्यम से अधिक से अधिक पौधे लगाकर हरित आवरण बढ़ाने तथा पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। रेलवे स्टेशनों, रेलवे कॉलोनियों एवं उनके आसपास के क्षेत्रों को हरित एवं स्वच्छ बनाने के लिए विशेष अभियान चलाए गए। साथ ही स्टेशनों के आसपास स्थित उद्यानों एवं पार्कों के रखरखाव, सौंदर्यीकरण एवं स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया गया, जिससे यात्रियों एवं स्थानीय निवासियों को स्वच्छ एवं हरित वातावरण उपलब्ध हो सके। रेलवे कॉलोनियों में सतत जीवनशैली को बढ़ावा देने के लिए जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन कार्यक्रमों में प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण, स्वच्छ पर्यावरण तथा पर्यावरण-अनुकूल आदतों को अपनाने के महत्व पर प्रकाश डाला गया। इसके अतिरिक्त स्वच्छ वायु एवं हरित क्षेत्रों के स्वास्थ्य पर सकारात्मक प्रभाव के संबंध में स्वास्थ्य जागरूकता अभियान भी चलाए गए।



**M.P. STATE AGRICULTURAL MARKETING BOARD**
**26-ARERA HILLS, JAIL ROAD, BHOPAL**
**No./Const./Board Nidhi/Bhopal Mandi/26-27/2785**
**Bhopal, Dated : 30.05.2026**

**NOTICE INVITING TENDER**

Online Percentage Rate E-Tenders are invited from contractors registered with the Office of the Engineer in Chief, M.P. Public Works Department, Government of Madhya Pradesh (Centralized Registration Cell) for **Name & Place of Work :-** Construction of Boundary Wall at Mandi Yard, Bhopal. Tender Number : 2026_MPSAM_511752_1 (PAC amount Rs. 41.65 Lakh). The following works Tender to be Received online **up to 5.30 PM on Date 23.06.2026.** Technical Bid Documents with EMD & Financial Offer to be received online only as per Detailed NIT. The tender documents can be obtained online on the **http://mptenders.gov.in** as per the Notice Published on the above Portal and detailed information can also be seen on website **www.mpmandiboard.gov.in**

**Note :-** Any corrigendum in this NIT, if required, shall be displayed only in our above portal regarding any matter included in this NIT or otherwise. Other details of Construction/ Development works and locations & key dates can also be seen on our website **http://mptenders.gov.in**

M.P. Madhyam/126116/2026 **EXECUTIVE ENGINEER (Project Cell)**

## बाजार पर नजर




शेयर बाजार में आज

508

74,267

### Nifty 50 Top Gainers

| Scrip | High | %Gain |
|---|---|---|
| Tech Mahindra | 1,562.50 | 4.00% |
| Infosys | 1,217.00 | 3.58% |
| Coal India | 477.00 | 3.21% |
| TCS | 2,335.00 | 1.70% |
| JSW Steel | 1,304.80 | 1.67% |

### Nifty 50 Top Losers

| Scrip | Close | %Loss |
|---|---|---|
| HUL | 2,080.30 | -3.21% |
| TATA Cons. Prod | 1,140.40 | -2.98% |
| Shriram Finance | 916.40 | -2.97% |
| Max Healthcare | 936.20 | -2.76% |
| ITC | 278.30 | -2.53% |

### फोरेक्स रेट

| मुद्रा | बिक्री |
|---|---|
| $ डॉलर | 94.9900 |
| € यूरो | 110.68 |
| ¥ येन | 0.5957 |
| £ पौंड | 127.87 |

# पश्चिम एशिया में सीजफायर टूटने से कच्चे तेल की कीमतों में आया उछाल

## इजरायल द्वारा लेबनान पर किए गए हमले के कारण फिर महंगा हो सकता पेट्रोल

**नई दिल्ली, जेएनएन।** मध्य-पूर्व एशिया में तनाव अपना चरम पर है, जिसका असर वैश्विक तेल व्यापार पर स्पष्ट नजर आ रहा है। सोमवार को शुरुआती कारोबार में कच्चे तेल की कीमतों एक बार फिर 2 प्रतिशत की उछाल देखने को मिल रही है। इसका कारण इजरायल द्वारा लेबनान पर किए गए हमले और अपनी सेना को आगे बढ़ने के आदेश देने के फैसले को माना जा रहा है। इजरायल ने यह फैसला ऐसे वक्त में लिया है, जब दोनों देशों के बीच सीजफायर का ऐलान हुए छह हफ्ते से अधिक समय बित चुका है। हालांकि सीजफायर के ऐलान के बाद भी इस क्षेत्र में अभी तक शांति स्थापित नहीं हो पाई है। अमेरिकी कच्चे तेल का भाव 2.17 डॉलर या 2.48 प्रतिशत बढ़कर 89.53 डॉलर प्रति बैरल पहुंच गया। वहीं, ब्रेंट क्रूड 1.93 डॉलर या 2.12 प्रतिशत चढ़कर 93.05 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। जानकारों का मानना है कि इजरायल और लेबनान के बीच बढ़ते संघर्ष ने अमेरिका और ईरान के बीच संभावित युद्धविराम विस्तार की उम्मीदों को कमजोर कर दिया है। इससे पहले वाशिंगटन में इजरायल और लेबनान के बीच शांति वार्ता आयोजित की गई थी, जिसके बाद बाजार में कुछ राहत देखने को मिली थी। इजरायल द्वारा सेना को लेबनान में आगे बढ़ने के आदेश ने निवेशकों की चिंताएं फिर से बढ़ा दी हैं।




### ईरान के साथ शांति समझौते के करीब ट्रंप

अमेरिकी राष्ट्रपति ने संकेत दिया कि वह जल्द ही ईरान के साथ युद्धविराम बढ़ाने संबंधी प्रस्ताव पर फैसला लेंगे। समझौते का मकसद क्षेत्र में स्थायी शांति स्थापित करना और ईरान के परमाणु कार्यक्रम से जुड़े विवादों का समाधान खोजना है। ईरान ने स्पष्ट किया है कि किसी भी व्यापक समझौते में हिजबुल्लाह को शामिल किया जाना चाहिए।

### मार्च से जारी है संघर्ष

इजरायल-लेबनान संघर्ष, ईरान युद्ध का सबसे बड़ा असर माना जा रहा है। इसकी शुरुआत 2 मार्च को हुई थी, जब हिजबुल्लाह ने अपने सहयोगी ईरान के समर्थन में इजरायल पर रॉकेट और ड्रोन हमले शुरू किए थे। दोनों पक्ष अप्रैल के मध्य में युद्धविराम पर सहमत हुए थे, लेकिन इसके बावजूद सीमा पर हमले और जवाबी कार्रवाई जारी रही। वीकेंड में आए आंकड़ों से पता चला कि चीन के कारखानों की गतिविधियों में सुस्ती बनी हुई है। निर्यात में कमजोरी और बढ़ती लागत के कारण दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था पर दबाव बढ़ रहा है। हालांकि, बाजार में तेल सप्लाई को लेकर बढ़ी चिंताओं का असर इतना बड़ा रहा कि निवेशकों ने कमजोर आर्थिक आंकड़ों को नजरअंदाज कर दिया और तेल की कीमतें ऊपर चली गईं।

### कारखानों की गतिविधियों में आई सुस्ती से चीनी अर्थव्यवस्था पर असर

वीकेंड में आए आंकड़ों से पता चला कि चीन के कारखानों की गतिविधियों में सुस्ती बनी हुई है। निर्यात में कमजोरी और बढ़ती लागत के कारण दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था पर दबाव बढ़ रहा है। हालांकि, बाजार में तेल सप्लाई को लेकर बढ़ी चिंताओं का असर इतना बड़ा रहा कि निवेशकों ने कमजोर आर्थिक आंकड़ों को नजरअंदाज कर दिया और तेल की कीमतें ऊपर चली गईं।

**होर्मुज खुलने में अभी और समय:** इस बीच दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण ऊर्जा मार्गों में से एक, स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को लेकर भी चिंताएं बढ़ रही हैं। रिपोर्टों के मुताबिक, ईरान द्वारा समुद्री माइंस बिछाए जाने की आशंका से इस के पूरी तरह खुलने में देरी हो सकती है। अब क्योंकि वैश्विक तेल और गैस आपूर्ति का लगभग 20 प्रतिशत हिस्सा इसी मार्ग से गुजरता है, इसलिए आपूर्ति बाधित होने का खतरा बना हुआ है।

# जीएसटी कलेक्शन मई में 1.94 लाख करोड़ रु.के पार

**नई दिल्ली, जेएनएन।** माल एवं सेवा कर कलेक्शन मई में 3.2 फीसदी बढ़कर 1.94 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा। यह बढ़ोतरी वस्तुओं एवं सेवाओं की आपूर्ति में सुधार तथा आयात से मिलने वाले टैक्स कलेक्शन में लगातार बढ़ोतरी के कारण हुई। सोमवार को जारी सरकारी आंकड़ों में यह जानकारी सामने आई। मई 2025 में सकल जीएसटी कलेक्शन 1.88 लाख करोड़ रुपये था। घरेलू लेनदेन से मई के दौरान केंद्रीय जीएसटी कलेक्शन 37,397 करोड़ रुपये, राज्य जीएसटी 45,143 करोड़ रुपये और एकीकृत जीएसटी (आईजीएसटी) 51,990 करोड़ रुपये रहा। इस अवधि में कर योग्य वस्तुओं की आपूर्ति में 26.9 फीसदी की बढ़ोतरी हुई, जो घरेलू मांग को दिखाती है। वहीं सेवाओं के क्षेत्र में यह बढ़ोतरी 22.2 फीसदी रही जो घरेलू खपत की मजबूती को दिखाती है।




### आईजीएसटी में 19% की वृद्धि

भारत का मई 2026 का जीएसटी प्रदर्शन चुनौतियों और अवसरों दोनों को दर्शाता है। सकल घरेलू जीएसटी संग्रह में साल-दर-साल मामूली 2.6 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई, जबकि शुद्ध घरेलू जीएसटी राजस्व में 2.3 प्रतिशत की कमी आई और घरेलू रिफंड में 4.3 प्रतिशत की कमी हुई। हालांकि, इसकी भरपाई आयात पर जीएसटी संग्रह की मजबूत वृद्धि ने अधिक कर दी। मई में आईजीएसटी (आयात) में 19.1 प्रतिशत की वृद्धि हुई और चालू वर्ष में कुल मिलाकर लगभग 30 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई। आयात से जुड़े राजस्व की इस मजबूती ने समग्र शुद्ध जीएसटी संग्रह को साल-दर-साल 5.5 प्रतिशत बढ़ने में मदद की, जो भारत के बाहरी व्यापार प्रवाह की मजबूती को रेखांकित करता है। इसी के साथ, ये रुझान जीएसटी में संरचनात्मक बदलाव की तत्काल जरूरत को उजागर करते हैं।

### आईजीएसटी कलेक्टर भी 19 फीसदी बढ़ा

आयात से आईजीएसटी कलेक्शन 19.1 फीसदी बढ़कर मई में 59,654 करोड़ रुपये हो गया जो औद्योगिक क्षमता के विस्तार का संकेत है। जीएसटी 'रिफंड' 2.6 फीसदी बढ़कर 27,281 करोड़ रुपये हो गया। 'रिफंड' समायोजित करने के बाद, मई में नेट जीएसटी रेवेन्यू 3.3 फीसदी बढ़कर लगभग 1.67 लाख करोड़ रुपये रहा। इससे पहले अप्रैल में जीएसटी कलेक्शन 2.43 लाख करोड़ रुपये के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था।

# मई माह में मैन्युफैक्चरिंग रफ्तार तीन महीने के उच्च स्तर पर पहुंची

**नई दिल्ली, जेएनएन।** देश के मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर की गतिविधियां मजबूत डिमांड, बेसिक इंफ्रा प्रोजेक्ट्स और नए कारोबार से मिले सहारे के दम पर मई में तीन महीने के उच्च स्तर पर पहुंच गई। हालांकि महंगाई का दबाव बना रहा. मौसमी रूप से समायोजित एचएसबीसी इंडिया मैन्युफैक्चरिंग परचेजिंग मैनेजर्स इंडेक्स मई में 55.0 रहा, जो अप्रैल के 54.7 से अधिक है। यह पिछले तीन महीनों में क्षेत्र की स्थिति में सबसे मजबूत सुधार को दर्शाता है। परचेजिंग मैनेजर इंडेक्स (पीएमआई) की भाषा में 50 से ऊपर का अंक विस्तार जबकि 50 से नीचे का अंक संकुचन दर्शाता है। उत्पाद बनाने वाली कंपनियों ने फरवरी के बाद सबसे तेज गति से नए ऑर्डर और उत्पादन में वृद्धि दर्ज की। मांग में मजबूती, बुनियादी ढांचा परियोजनाएं और नए कारोबार मुख्य वजह रहे।

**घरेलू बाजार ने दी ग्रोथ को गति:** एचएसबीसी की मुख्य अर्थशास्त्री प्रांजुल भंडारी (भारत) ने कहा कि पश्चिम एशिया में संघर्ष के न सुलझने के कारण एहतियाती तौर पर भंडारण बढ़ाने का संकेत मिल रहा है। उत्पादन वृद्धि तेज हुई है जबकि खरीद गतिविधि एवं तैयार माल के भंडार में भी तेजी आई। आंकड़ों से पता चला कि घरेलू बाजार ने वृद्धि को गति दी, जबकि निर्यात ऑर्डर में वृद्धि अपेक्षाकृत धीमी रही। कीमतों के मोर्चे पर पश्चिम एशिया संघर्ष का असर लागत पर बना रहा जहां ऊर्जा, ईंधन, कच्चे माल और परिवहन पर खर्च बढ़ा। उन्होंने



कहा कि कच्चे माल की लागत में वृद्धि थोड़ी कम हुई लेकिन उत्पादन कीमतों में वृद्धि और ज्यादा धीमी पड़ी जिससे विनिर्माताओं के मुनाफे पर दबाव पड़ सकता है। हाई कॉस्ट के बावजूद कंपनियों ने मई में अधिक कच्चा माल खरीदा और खरीद का स्तर तीन महीने के उच्च स्तर पर रहा। उत्पादन की बढ़ती जरूरतों से मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में रोजगार सृजन भी जारी रहा, हालांकि इसकी गति अप्रैल की तुलना में थोड़ी धीमी रही। व्यापारिक भरोसा सकारात्मक बना रहा, कंपनियों को उम्मीद है कि साल के अंत तक लागत का दबाव कम होगा। विज्ञापन और मजबूत ऑर्डर बुक ने भी भविष्य की वृद्धि को लेकर आशावाद को सहारा दिया। एचएसबीसी इंडिया मैन्युफैक्चरिंग पीएमआई को एसएंडपी ग्लोबल ने करीब 400 कंपनियों के एक समूह में क्रय प्रबंधकों को भेजे गए सवालों के जवाबों के आधार पर तैयार किया है।

## भारत-अमेरिका के बीच व्यापार समझौता हो सकता है फाइनल

**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारत और अमेरिका के बीच सोमवार से 4 दिनों की हाई लेवल व्यापारिक बातचीत शुरू हो गई है। दोनों देशों के अधिकारी दिल्ली में उस अंतरिम व्यापार समझौते को अंतिम रूप देंगे, जिसके फ्रेमवर्क पर इसी साल फरवरी में सहमति बनी थी। इस 4 दिवसीय बैठक में अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व वहां के मुख्य वार्ताकार ब्रेंडन लिंच कर रहे हैं। वहीं, भारतीय टीम की कमान वाणिज्य मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव और मुख्य वार्ताकार दर्पन जैन के हाथों में है। वाणिज्य मंत्रालय के अनुसार, इस बैठक का मुख्य उद्देश्य अंतरिम समझौते के कानूनी रूप से अंतिम रूप देना है। इसके साथ ही दोनों पक्ष व्यापक द्विपक्षीय व्यापार समझौते के तहत मार्केट एक्सेस, नॉन-टैरिफ मेजर्स, कस्टम्स, ट्रेड फैसिलिटेशन, इन्वेस्टमेंट प्रमोशन और इकोनॉमिक सिक्योरिटी एलाइनमेंट जैसे कई महत्वपूर्ण क्षेत्रों में बातचीत को आगे बढ़ाएंगे। दोनों देशों ने 7 फरवरी को द्विपक्षीय व्यापार समझौते के पहले चरण के रूप में एक अंतरिम समझौते के ढांचे को अंतिम रूप दिया था। इसके तहत अमेरिका भारत पर टैरिफ को 50% से घटाकर 18% करने पर सहमत हुआ था। साथ ही, रूसी तेल खरीदने के कारण भारतीय सामानों पर लगे 25% टैरिफ को हटा दिया गया था और बचे हुए 25% को घटाकर 18% किया जाना था।



# डिजिटल भुगतान रिकार्ड 30 लाख करोड़ रुपए के करीब हुआ

**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारत के डिजिटल भुगतान तंत्र में लगतार बढ़ोतरी देखी गई है। यह जानकारी नेशनल पेमेंट्स कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) की ओर से जारी आंकड़ो के अनुसार है। यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) लेनदेन की मात्रा में साल-दर-साल 24 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। यह 23.20 बिलियन तक पहुंच गई है। वहीं, लेनदेन का मूल्य मई में 30 लाख करोड़ रुपये के करीब पहुंच गया है। हालांकि, महीने-दर-महीने के आधार पर, अप्रैल से यूपीआई लेनदेन की मात्रा में लगभग 3.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई। वहीं, लेनदेन मूल्य में लगभग 3 प्रतिशत की वृद्धि हुई। इसके अलावा, मई में तत्काल भुगतान सेवा (आईएमपीएस) के तहत 358 मिलियन लेनदेन हुए। वहीं, आधार-आधारित भुगतान प्रणाली (एईपीएस) के तहत मई में 88 मिलियन लेनदेन दर्ज किए गए। अप्रैल में, डिजिटल भुगतान लेनदेन में पिछले वर्ष की तुलना में 25 प्रतिशत की वृद्धि हुई। यह आंकड़ा 22.35 अरब तक पहुंच गया। इन लेनदेनों का कुल मूल्य 29.03 लाख करोड़ रुपये था, जो वार्षिक आधार पर 21 प्रतिशत की वृद्धि को दिखाता है। दैनिक आधार पर, लेनदेनों की औसत संख्या में भी वृद्धि हुई और अप्रैल में यह 745 मिलियन तक पहुंच गई (मार्च में यह 730 मिलियन थी)।

रिपोर्ट आगे कहा गया है कि वित्त वर्ष 2016-17 में मात्र 2 करोड़ लेनदेन के मामूली आधार से हुई है। वहीं, प्लेटफॉर्म ने वित्त वर्ष 2025-26 में 24,162 करोड़ से अधिक लेनदेन संसाधित किए। एनपीसीआई की ओर से संचालित यूपीआई, भारत की प्रमुख रीयल-टाइम भुगतान प्रणाली के रूप में उभरी है, जो मोबाइल-आधारित प्लेटफार्मों के माध्यम से बैंकों के बीच तत्काल धन हस्तांतरण को सक्षम बनाती है।




### एक दशक में 12000 गुना वृद्धि हुई

गौरतलब है कि यूपीआई अब यूएई, सिंगापुर, भूटान, नेपाल, श्रीलंका, फ्रांस, मॉरीशस और कतर सहित आठ से अधिक देशों में लाइव है, जो भारत को डिजिटल भुगतान में वैश्विक नेता के रूप में स्थापित करता है। सरकार के अनुसार, भारत के प्रमुख डिजिटल भुगतान प्लेटफॉर्म ने पिछले एक दशक में लेनदेन की मात्रा में असाधारण रूप से 12,000 गुना वृद्धि दर्ज की है।

# कमर्शियल 42 और छोटू सिलेंडर 11 रु. हुए महंगे




**नई दिल्ली, जेएनएन।** 1 जून से प्रमुख शहरों में कमर्शियल एलपीजी सिलेंडरों की कीमतें बढ़ा दी गई हैं। ऑयल मार्केटिंग कंपनियों ने 19-किलो वाले कमर्शियल सिलेंडरों के रेट बढ़ा दिए हैं, जबकि घरेलू कुकिंग गैस की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में, 19-किलो वाले कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की कीमत अब बढ़ाकर 42 रुपये 3,113.50 रुपये कर दी गई है। कोलकाता में, इसका रेट 53.50 रुपये बढ़कर 3,255.50 रुपये हो गया है। इतना ही नहीं ऑयल मार्केटिंग कंपनियों ने 5-किलो वाले फ्री ट्रेड एलपीजी (एफटीएल) सिलेंडरों की कीमतें भी बढ़ाने का एलान कर दिया है।

### सिलेंडर नए रेट 1 जून से हुए लागू

ऑयल मार्केटिंग कंपनियों ने 5-किलो वाले फ्री ट्रेड एलपीजी सिलेंडरों की कीमतें 11 रुपये बढ़ा दी हैं। इस संशोधन के बाद, दिल्ली में 5-किलो वाले एलपीजी सिलेंडर की खुदरा कीमत अब 821.50 रुपये हो गई है। 5 किलो और 19 किलो वाले कमर्शियल सिलेंडर के नए रेट 1 जून से लागू हो गए हैं। कॉमर्शियल सिलेंडर के दाम ब?ने से रेस्टोरेंट मालिकों का खर्च बढ़ेगा। ऐसे में वे चाय, नाश्ते और थाली महंगी कर सकते हैं।

### माह की पहली तारीख को होती है समीक्षा

भारत में लिक्विफाइड पेट्रोलियम गैस की कीमतें आमतौर पर हर महीने की पहली तारीख को रिव्यू के बाद बदली जाती हैं। ये बदलाव ग्लोबल कच्चे तेल की कीमतों, करेंसी एक्सचेंज रेट, माल ढुलाई के खर्च और सरकारी सब्सिडी नीतियों में हुए बदलावों पर निर्भर करते हैं। घरेलू कुकिंग गैस की कीमतें राजनीतिक रूप से संवेदनशील होती हैं, क्योंकि इनका सीधा असर घर के बजट पर पड़ता है। फिलहाल, उपभोक्ताओं को कुछ समय के लिए राहत मिलती रहेगी, क्योंकि ग्लोबल एनर्जी मार्केट में बढ़ती अनिश्चितता के बावजूद एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है।


**पूर्व मध्य रेल**

**खुली निविदा सूचना**

निविदा सूचना संख्या: RP/DNR/HS/TRL/ GAYA /RE-TENDER-4, दिनांक–29.05.2026

कार्य का नाम एंव स्थान : Design, Supply, erection, testing & commissioning of 132KV D/C 3-phase transmission line from GSS Sonenagar (old) to Railway TSS Sonenagar and associated 02 nos. 132KV Line Bays at GSS Sonenagar (old) under Railway Project Danapur of East Central Railway. कार्य का अनुमानित लागत : ₹27,34,51,597.33/–, निविदा फार्म की किमत : ₹0.00/–, आवश्यक बयाना राशि : ₹54,69,000.00/–, निविदा प्रस्ताव जमा करने एवं निविदा खुलने की तारीख एवं समय : निविदा प्रस्ताव जमा करने की प्रारांभिक तारीख दिनांक – 05.06.2026 निविदा खुलने की तारीख एवं समय– दिनांक 19.06.2026 को 15:00 बजे। बेवसाइट विवरण, नोटिस बोर्ड का स्थान जहाँ पात्रता मानदंड एवं अन्य शर्ते व विवरण की जानकारी प्राप्त की जा सकती है : पात्रता मानदंड एवं अन्य शर्ते व विवरण निविदा प्रपत्र में है जिसे www.ireps.gov.in वेवसाइट पर देखा जा सकता है। पता एवं अन्य जानकारी : मुख्य विद्युत अभियंता/रेल परियोजना/ दानापुर कार्यालय जगजीवन स्टेडियम के निकट, खगौल पोस्ट – खगौल जिला – पटना, पिन– 801105.

उप मुख्य विद्युत अभियंता/ रेल परियोजना/पूमरे/दानापुर

पीआर/0330/प्रोजेक्ट/डीएनआर/ईएलईसीटी/टी/26–27/40



**कार्यालय कलेक्टर (जनजातीय कार्य विभाग) नर्मदापुरम**

क्रमांका/आ.वि./नि. 2026 — नर्मदापुरम दिनांक

**::: ई – निविदा विज्ञप्ति :::**

निविदा आमंत्रण सूचना ( आन लाईन ई-निविदा द्वितीय आमंत्रण )

म.प्र.के राज्यपाल की ओर से जिले में संचालित छात्रावासो/आश्रमों/शैक्षणिक संस्थाओं में सुदृणीकरण कार्यो/ मरम्मत कार्यों हेतु आनलाईन प्रतिशत दर निविदायें फार्म ''ए'' पर लोक निर्माण विभाग की केंद्रीयकृत प्रणाली में समतुल्य/सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्न तालिका में अंकित निर्माण कार्यों हेतु लोक निर्माण विभाग की भवन निर्माण एवं विद्युत कार्य हेतु प्रचलित दर सूची दिनांक 01.01.2024 से प्रचलित प्रभावशील पर कार्यालय सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग नर्मदापुरम म.प्र. द्वारा ऑनलाईन पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | टेंडर क्रमांक | कार्य का नाम | ठेके की अनुमानित लागत (लाखों में) | अमानत राशि (रु. में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य रुपये | कार्य पूर्णता अवधि | ठेकेदार की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | जिले के विकासखण्ड केसला अंतर्गत संचालित अनुसूचित जाति/जनजाति के छात्रावासों/आश्रमों एवं शैक्षणिक संस्थाओं/आवासीय विद्यालयों में विभाग द्वारा प्रदाय विभिन्न मद अंतर्गत वार्षिक मरम्मत कार्य, सुदृणीकरण, कार्य अनुरक्षण कार्य, लघु निर्माण कार्य (बाउन्ड्रीवाल निर्माण कार्य, अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य, शौचालय एवं स्नानागार निर्माण कार्य नलकूप खनन कार्य ) अन्य कार्य | 150.00 | 1,50,000/- | 12,500/- | 365 दिवस | ''स'' श्रेणी के ठेकेदार या उससे ऊपर |

उपरोक्त कार्य के निविदा प्रपत्र (टेंडर डाक्यूमेंट) https//www.mptenders.gov.in पर आनलाईन भुगतान कर क्रय एवं प्रस्तुत किए जा सकें गे। निविदा प्रपत्र क्रय एवं जमा करने की अंतिम तिथि 12.06.2026 सायं 6.00 बजे तक निर्धारित है। विस्तृत सूचना व जानकारी वेबसाईट पर देखी जा सकती।

Digitally signed by Vivek Nagwanshi Date: 27-05-2026 17:26:38

सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य नर्मदापुरम

जी-13748/26

पॉक्सो है सुरक्षा का हथियार, बच्चों पर न करें अत्याचार



**कल्याण सिंह अति विशिष्ट कैंसर संस्थान**

सी.जी. सिटी, सुल्तानपुर रोड, लखनऊ - 226002

(उत्तर प्रदेश सरकार का स्वायत्तशासी संस्थान)

Website: https://cancerinstitute.edu.in Email: procurementservices.ksssci@gmail.com

**जेम बिड सूचना** दिनांक : 01.06.2026

सूचित किया जाता है कि जेम बिडस संदर्भ संख्या नं. निम्नवत् है।

| Sr. No. | Name of Service | Bid No. & Date | Pre-bid Meeting Date & Time |
|---|---|---|---|
| 1 | Laundry Service - Healthcare purpose | GEM/2026/B/ 7601741 Dated 01.06.2026 | 04.06.2026 15:00 PM |

उपरोक्त बिड जेम पोर्टल पर अपलोड की गई है। सभी इच्छुक सेवाप्रदाताओं से निविदा की शर्तों के अनुसार जेम पोर्टल पर बिड आमंत्रित की जाती हैं। निदेशक, के.एस.एस.एस.सी.आई., लखनऊ बिना कोई कारण बताए किसी भी या सभी बिडो को किसी भी स्तर पर स्वीकार या अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं। निविदा दस्तावेज संस्थान की वेबसाइट www.cancerinstitute.edu.in पर उपलब्ध है।

Advt no. KSSSCI/Tender -04/2026-27 DIRECTOR



**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

मध्य प्रदेश शासन

कार्यालय वन संरक्षक सामाजिक वानिकी वृत्त भोपाल

खेल परिसर, 74 बंगला भोपाल

दूरभाष क्र. 0755-2674316 ई मेल ccfre.bpl@mp.gov.in

ई निविदा आमंत्रण सूचना संख्या 2026_MPFD_SF_002/ ई-टेंडरिंग/ 2026-27 दिनांक 2-6-2026 सामाजिक वानिकी वृत्त भोपाल द्वारा म.प्र. भण्डार क्रय नियम एवं सेवा उपार्जन नियम 2015 (यथासंशोधित - 2022 ) के अंतर्गत निम्नलिखित ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।

| सामग्री का विवरण | सत्यंकार निधि | निविदा दस्तावेज का मूल्य |
|---|---|---|
| भवन निर्माण सामग्री, रोपणी उन्नयन अंतर्गत पोलीहाउस निर्माण, ग्रीन हाउस निर्माण, ट्यूबवैल खनन कार्य, उपजाऊ मिट्टी क्रय, गोबर खाद क्रय, ग्रीन नेट क्रय, पोलीबैग क्रय, एल. डी. पी. ई. शीट क्रय वर्मी कम्पोस्ट लेमिनेशन बैग, विनाईल प्रिंटिंग बोर्ड एवं क्यू आर कोड स्टीकर क्रय इत्यादि। | 200000 | 1500 |

- निविदा दस्तावेज से संबंधित सामग्रियों का तकनीकी विवरण ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर नि:शुल्क देखे और डाउनलोड किए जा सकते है।
- निविदा हेतु समस्त दरें जी.एस.टी. रहित प्रस्तुत की जावें।
- इच्छुक निविदाकार क्रेडिट/डेबिट/कैश कार्ड/इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से पोर्टल शुल्क का ऑनलाइन भुगतान करने के बाद निविदा दस्तावेज को ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://www.mptenders.gov.in दिनांक 2-6-2026 दोपहर 12.00 बजे से दिनांक 22-6-2026 को 3.00 बजे तक केवल ऑनलाइन खरीद सकते हैं।
- ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर महत्वपूर्ण तिथियों के रूप में उल्लेखित निविदा प्रक्रिया तिथियां लागू होंगी।
- ई निविदा आमंत्रण सूचना में शुद्धिपत्र/परिशिष्ट, यदि कोई हो, केवल पोर्टल पर प्रकाशित किया जाएगा, समाचार पत्रों में नहीं।
- ई-खरीद पोर्टल: https://www.mptenders.gov.in

वन मण्डलाधिकारी सामाजिक वानिकी वृत्त भोपाल

जी-13735/26

पॉक्सो है सुरक्षा का हथियार, बच्चों पर न करें अत्याचार



AU SMALL FINANCE BANK — A SCHEDULED COMMERCIAL BANK

**एयू स्मॉल फाइनेन्स बैंक लिमिटेड** (शिड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक)

रजिस्टर्ड ऑफिस: 19-ए, धूलेश्वर गार्डन, अजमेर रोड, जयपुर-302001(CIN: L36911RJ1996PLC011381)

**परिशिष्ट IV [ देखें नियम 8(1) कब्जा सूचना ]**

जबकि, अधोहस्ताक्षरकर्ता एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड (शिड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक) का प्राधिकृत अधिकारी होते हुए षवित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनगर्ठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002'(2002 का 54) और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 13 (12) का सपठित नियमों के नियम 3 के तहत प्रदत शक्तियों के अनुप्रयोग में ऋणियों को मांग सूचना पत्र निम्नलिखित तालिका के अनुसार निर्गमितकर तालिका में राशि 60 दिवस के भीतर चुकाने के लिए कहा गया था।

| ऋणी / सहऋणी / बंधककर्ता / गारन्टर / ऋण खाता संख्या | धारा 13(2) के अन्तर्गत नोटिस की दिनांक व राशि | स्थावर सम्पत्ति का विवरण | कब्जे की तारीख |
|---|---|---|---|
| (ऋण खाता संख्या) L9001070244454840, मनीष साहू (ऋणी), श्रीमती सविता साहू (सहऋणी), सीताराम (सहऋणी) | 22-जनवरी-26 Rs. 5,58,815/- पांच लाख अट्ठावन हजार आठ सौ पंद्रह रुपए मात्र, 19 जनवरी 26 तक | रिहायशी/व्यावसायिक संपत्ति भूमि/बिल्डिंग/स्ट्रक्चर एवं फिक्सर के सभी अभिन्न अंग स्थित पटवारी हल्का नं. 15, भूमि राजस्व खसरा/सर्वे नं. 39 का भाग, ग्राम आनंदपुर, तहसील लटेरी, जिला विदिशा, मध्य प्रदेश - 464114, क्षेत्रफल: 600 वर्गफीट, पूर्व: रोड़, पश्चिम: रामशंकर की भूमि, उत्तर: रिंकू शर्मा का प्लॉट, दक्षिण: प्रियंका बाई का प्लॉट | 27-मई-26 |
| (ऋण खाता संख्या) L9001060139296528, मैसर्स पायल ज्वैलरीज (ऋणी), वीरेन्द्र सोनी (सहऋणी), श्रीमती प्रीति (सहऋणी) | 24-दिसम्बर-25 Rs. 19,23,720/- उन्नीस लाख तेईस हजार सात सौ बीस रुपए मात्र, 24 दिसम्बर 25 तक | रिहायशी/व्यावसायिक संपत्ति भूमि/बिल्डिंग/स्ट्रक्चर एवं फिक्सर के सभी अभिन्न अंग स्थित आबादी भूमि के भाग में स्थित कॉमर्शियल शॉप, पी.एच. नं. 21, वार्ड नं. 12, तिलक वार्ड, तहसील बरेली, जिला रायसेन, मध्य प्रदेश, क्षेत्रफल: 294 वर्गफीट, पूर्व: रास्ता, पश्चिम: वर्मा जी का मकान, उत्तर: शॉप नं. 4, दक्षिण: शॉप नं. 1 | 30-मई-26 |

ऋणियों द्वारा वह राशि लौटाने में विफल होने पर ऋणियों को तथा सामान्य जन को एतद् द्वारा सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने उक्त अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (4) तथा सपठित प्रतिभूतिहित प्रवर्तन नियम, 2002 के नियम 8 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में उपरोक्त तालिका में वर्णित सम्पत्ति का कब्जा ग्रहण कर लिया है।

ऋणियों का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के प्रावधानों के साथ सपठित नियम 8(6) की ओर आकर्षित किया जाता है, जिसके अन्तर्गत प्रतिभूति आस्तियों के मोचन के लिये उपलब्ध समय अर्थात इस सूचना से 30 दिवस के सम्बन्ध में है।

ऋणियों को विशिष्टतया और सर्वसाधारण को सामान्यतया एतद् द्वारा सम्पत्तियों के साथ कोई व्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और सम्पत्तियों के साथ कोई व्यवहार उपरोक्त तालिका में वर्णित राशि तथा आगे का ब्याज एवं कुल भुगतान होने तक ''एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड'' (ए शेड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक) के प्रभार के अधीन होगा।

दिनांक: 01.06.2026

स्थान: भोपाल, मध्य प्रदेश

प्राधिकृत अधिकारी एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड

# दो साल में बदली किस्मत, चोकर्स से चैंपियन तक का सफर

जेएनएन, बेंगलुरु

ई साला कप नामदे (इस साल कप हमारा होगा) वो लाइन थी, जो आरसीबी के फैंस के लिए ट्रोलिंग की वजह बन गई थी। 17 साल तक मिली नाकामयाबी की वजह से आरसीबी और उसके फैंस पर सोशल मीडिया में मीम्स की बारिश होती रहती थी, लेकिन अब कहानी बदल चुकी है। आईपीएल का कप पिछले साल 2025 में भी आरसीबी का था और इस साल 2026 में भी। हालांकि, आरसीबी के लिए चोकर्स से चैंपियन बनने का सफर बेहद ही मुश्किल भरा रहा है। पर आरसीबी में पिछले दो साल में क्या बदला उसका जवाब दूसरी बार चैंपियन बनने के बाद टीम के सबसे बड़े स्टार विराट कोहली की एक बात में नजर आता है। विराट कोहली ने कहा, खिलाड़ियों का ऐसा ग्रुप होना, जहां आपको यह ना लगे कि टीम के लिए आगे बढ़कर जिम्मेदारी उठाने वाले आप अकेले ही हैं, सचमुच बहुत शानदार है।

## सुपरस्टार्स, फिर भी रहा सूखा

आरसीबी के पास पहले सीजन से ही विराट जैसा निःसंदेह लिमिटिड ओवर्स क्रिकेट का स्टार खिलाड़ी रहा है। इसके अलावा जिन दो खिलाड़ियों ने आरसीबी को फैन बेस दिलाने में मदद की वे क्रिस गेल और एबी डिविलियर्स। किसी टीम के पास टी-20 ओवर्स के सबसे कामयाब बल्लेबाजों में से एक नहीं बल्कि तीन खिलाड़ी हों, उसका नाकाम होना किसी को भी खलेगा। लेकिन इन तीन खिलाड़ियों का होना ही सालों तक आरसीबी का सबसे बड़ा सेटबैक बना रहा है। पर आरसीबी 17 साल तक ऐसी प्लेइंग 11 नहीं बन पाई जो खिताब जीत ले। आरसीबी 2009, 2011 और 2016 में फाइनल तक जरूर पहुंची। पर खिताब उसकी पहुंच से दूर ही रहा। इसके बाद तो टीम का ऐसा बुरा दौर हुआ कि अगले आठ साल तक टीम फाइनल के आस-पास भी नहीं पहुंची।



## फ्लावर का मास्टरस्ट्रोक, बदलाव जिसने इतिहास रचा

टीम के बदलने की असल शुरुआत हुई 2025 के मेगा ऑक्शन से ठीक पहले हुई। आरसीबी ने अपनी कमियों को पहचाना और मेगा ऑक्शन में उन्हें सुधारने का काम किया। इस काम में अहम भूमिका निभाई एंडी फ्लावर नाम के उस शख्स ने जो जितने बेहतरीन खिलाड़ी रहे, उससे कहीं ज्यादा कामयाब कोच साबित हुए। 2025 के मेगा ऑक्शन से पहले आरसीबी ने विराट कोहली, रजत पाटीदार और यश दयाल को ही रिटेन किया। इसके बाद मेगा ऑक्शन में आरसीबी ने सिर्फ क्रिकेट की दुनिया के बड़े नामों पर फोकस नहीं किया। एंडी फ्लावर ने टीम में बल्लेबाजों के अलावा अच्छे ऑलराउंडर और गेंदबाज लाने की कोशिश की। टीम में फिल साल्ट, जितेश शर्मा, देवदत्त पडिक्कल, टिम डेविड, क्रुणाल पंड्या जैसे खिलाड़ियों को लाकर बैटिंग में गहराई लाई गई। इसके अलावा भुवनेश्वर कुमार, जोश हेजलवुड और रसिख सलाम डार पर दांव लगाना आरसीबी के लिए सबसे बड़ा गेम चेंजर पॉइंट साबित हुआ। 2025 में खिताब जीतने के बावजूद आरसीबी ने टीम को और मजबूत करने की कोशिश की। लियाम लिविंगस्टोन और लुंगी एनगिडी जैसे खिलाड़ियों को रिलीज किया गया और टीम में वेंकटेश अय्यर के साथ जैकब डफी को लाया गया। वेंकटेश ने इस सीजन में छह पारियों में ही 186 के स्ट्राइक रेट से 209 रन बनाए। वहीं जैकब डफी छह मैच में नौ विकेट लेने में कामयाब रहे।



## रजत पाटीदार की कप्तानी

मैं कभी नहीं सोचा था कि मैं आरसीबी का कप्तान बनूंगा और खिताब जीतूंगा। आरसीबी के दूसरी बार चैंपियन बनने के बाद रजत पाटीदार ने ये बात कही। लेकिन रजत पाटीदार इतिहास लिख चुके हैं। दो सीजन में वो आरसीबी को दो बार चैंपियन बनाकर आईपीएल के सबसे कामयाब कप्तानों में शुमार हो चुके हैं। 2025 की शुरुआत से पहले जब इंदौर के रजत को आरसीबी का कप्तान बनाया गया था तो क्रिकेट जगत में बड़ी हैरानी जताई गई थी। लेकिन रजत ने इस सीजन में कप्तानी के साथ बल्लेबाजी में भी कमाल दिखाया है। बीते साल उन्होंने 15 मैच में 312 रन बनाए, जबकि इस साल रजत के बल्ले से 15 मैच 501 रन निकले। लेकिन असल खूबी उनकी कप्तानी में छुपी हुई है। मुश्किल से मुश्किल स्थिति में रजत को बीते दो सीजन में बेचैन होते हुए नहीं देखा गया। वो मैदान पर कूल बने रहते हैं। रजत की कप्तानी के बारे में बात करते हुए एक बार विराट ने यहां तक कहा था, ये वो नाम है, जिसे आप आने वाले कई सालों तक याद रखेंगे। कोहली की यह बात सही साबित होती नजर आ रही है। हालांकि कोहली का अनुभव भी टीम के लगातार काम आ रहा है। कोहली ने बीते साल 657 रन बनाए और इस साल उनके बल्ले से 675 रन निकले।

## आरसीबी की असली ताकत बॉलिंग लाइनअप

आरसीबी में जो सबसे बड़ा बदलाव आया है वो है उसकी गेंदबाज। लंबे समय तक टीम के कप्तान रहे कोहली ने टीम की मौजूदा बॉलिंग लाइनअप को वर्ल्ड क्लास बॉलिंग लाइनअप बताया है। कोहली ने कहा हमारी गेंदबाजी को देखिए उसमें हेजलवुड, भुवनेश्वर कुमार, जैकब डफी, क्रुणाल पंड्या और रसिख सलाम डार हैं। बीते साल आरसीबी के लिए जोश हेजलवुड ने सबसे ज्यादा 22 विकेट लिए। वहीं 17-17 विकेट लेकर भुवनेश्वर और क्रुणाल ने बखूबी उनका साथ दिया। इस साल गेंदबाजी की अगुआई का जिम्मा भुवनेश्वर ने संभाला। इस सीजन भुवनेश्वर ने 28 विकेट लेकर दूसरे सबसे कामयाब गेंदबाज भी रहे। भुवनेश्वर इस सीजन में 378 डॉट बॉल फेंकी। रसिख ने 12 मैच में 19 विकेट लिए, जबकि हेजलवुड के हिस्से में 15 विकेट आए। हालांकि क्रुणाल ने 14 विकेट लेकर स्पिन गेंदबाजी की कमान को संभाले रखा।

## रिकॉर्ड एक नजर में

- पाटीदार कप्तानी करते हुए पहले दोनों सीजन में खिताब जीतने वाले पहले कप्तान बन गए। कुल मिलाकर वह लगातार दो खिताब जीतने वाले मात्र तीसरे कप्तान हैं। उनसे पहले एमएस धोनी (2010 और 2011) और रोहित शर्मा (2019 और 2020) यह कारनामा कर चुके हैं।

**16** खिलाड़ियों का आरसीबी ने उपयोग किया, जो कि अन्य सीजन की तुलना में इस सीजन उनके द्वारा उपयोग किए गए खिलाड़ियों की सबसे कम संख्या थी। कुल मिलाकर एक आईपीएल सीजन में सिर्फ तीन टीम ने इससे कम खिलाड़ियों का उपयोग किया है- 2015 में सीएसके ने 14 और 2018 और 2020 में मुंबई ने 15 खिलाड़ियों का उपयोग किया था। 2023 में इम्पैक्ट प्लेयर लागू होने के बाद किसी भी अन्य टीम ने एक सीजन में 18 से कम खिलाड़ियों का उपयोग नहीं किया है।

**22** प्लेयर ऑफ द मैच आईपीएल में कोहली के नाम हैं और ऐसा करते हुए उन्होंने 21 बार यह अवॉर्ड जीतने वाले रोहित को पछाड़ दिया। कुल मिलाकर इस मामले में उनसे आगे सिर्फ डीविलियर्स (25) हैं, जब गेल ने भी 22 बार यह अवॉर्ड जीता है। कोहली ने पहली बार आईपीएल के किसी प्लेऑफ (या नॉकआउट) मुकाबले में यह अवॉर्ड जीता।

## खेल एक नजर

### भारत-इंग्लैंड की महिला टीम के बीच तीसरा टी-20 आज

**टांटन, जेएनएन।** भारत और मेजबान इंग्लैंड के बीच मंगलवार को तीन मैचों की सीरीज का तीसरा और निर्णायक महिला टी-20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबला खेला जाएगा। भारतीय टीम ने इस सीरीज का विजयी आगाज किया था, लेकिन इंग्लैंड ने दूसरा टी-20 मुकाबला जीतकर शानदार वापसी की। इस महीने 12 जून से शुरू होने वाले महिला टी-20 विश्व कप से पहले दोनों टीमें जीत के साथ अपना आत्मविश्वास बढ़ाना चाहेंगी। हरमनप्रीत कौर की कप्तानी वाली भारतीय टीम के लिए यह सीरीज आगामी विश्व कप से पहले इंग्लैंड की परिस्थितियों में अपने सर्वश्रेष्ठ संयोजन को परखने का भी महत्वपूर्ण अवसर है।

### टिम डेविड आईपीएल 2027 के पहले मैच के लिए हुए निलंबित

**नई दिल्ली, जेएनएन।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू के बल्लेबाज टिम डेविड सीजन में तीसरी बार नियम तोड़ने का दोषी पाए जाने के कारण अब आईपीएल 2027 का पहला मैच नहीं खेल पाएंगे। आईपीएल फाइनल के दौरान गुजरात की पारी के 10वें ओवर में यह घटना हुई। आईपीएल की मीडिया रिलीज के अनुसार एक विकेट गिरने के बाद (वॉशिंगटन सुंदर का जॉर्डन कॉक्स द्वारा लिया गया कैच जिसे नॉटआउट दिया गया था) डेविड ने अंपायर नितिन मेनन की ओर एक आइस बैग आक्रामक तरीके से फेंका था। डेविड को आईपीएल के कोड ऑफ कंडक्ट के आर्टिकल 2.9 को तोड़ने का दोषी पाया गया है।

### एशिया कप: भारत ने कोरिया को 4-1 से हराकर दर्ज की बड़ी जीत

**काकामिगाहारा (जापान), जेएनएन।** कप्तान केतन कुशवाहा के दो गोलों की बदौलत भारतीय पुरुष अंडर-18 हॉकी टीम ने सोमवार को एशिया कप के पूल-ए मुकाबले में कोरिया को 4-1 से हराकर शानदार जीत दर्ज की। कुशवाहा ने तीसरे और 36वें मिनट में गोल दागे, जबकि वरिंदर सिंह (पांचवां मिनट) और शाहरुख अली (54वां मिनट) ने भी एक-एक गोल किया। कोरिया के लिए कप्तान यून जेह्योक ने 21वें मिनट में एकमात्र गोल किया। इस जीत के साथ भारत, कोरिया और जापान के बराबर छह अंक हो गए हैं। दोनों पूलों से शीर्ष दो टीमें सेमीफाइनल के लिए क्वालिफाई करेंगी। भारत अपने अंतिम पूल मुकाबले में 3 जून को चाइनीज ताइपे का सामना करेगी।

## फ्रेंच ओपनः जोकोविच को हराने वाले 19 साल के फोंसेका ने रूड को भी किया बाहर



जेएनएन, पेरिस

ब्राजील के 19 साल के युवा स्टार जोआओ फोंसेका ने फ्रेंच ओपन में अपने शानदार अभियान को जारी रखते हुए दो बार के उपविजेता और 15वीं वरीयता प्राप्त कैस्पर रूड को हराकर पहली बार किसी ग्रैंड स्लैम के क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली। फोंसेका ने चौथे दौर के मुकाबले में रूड को 7-5, 7-6 (8), 5-7, 6-2 से पराजित किया। इस टूर्नामेंट में पहले ही नोवाक जोकोविक को बाहर का रास्ता दिखा चुके फोंसेका ने पेरिस के प्रतिष्ठित फिलिप चेट्रीर कोर्ट पर खेले गए मुकाबले में बेहतरीन खेल दिखाया। पहले सेट में दोनों खिलाड़ियों के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिली, लेकिन फोंसेका ने 12वें गेम में सर्विस ब्रेक हासिल कर सेट अपने नाम किया। दूसरे सेट में भी मुकाबला बेहद रोमांचक रहा।

विश्व रैंकिंग में 30वें स्थान पर काबिज फोंसेका अब क्वार्टर फाइनल में चेक गणराज्य के याकुब मेन्सिक से भिड़ेंगे। अन्य मुकाबले में 10वीं वरीयता प्राप्त इटील के फाबियो कोबोली ने अमेरिकी खिलाड़ी जेड स्वाजदा को 6-2, 6-3, 6-7 (7), 7-6 (5) से पराजित किया। भारत के एन. श्रीराम बालाजी ने ब्राजील के जोड़ीदार मार्सेलो डेमोलिनर के साथ मिलकर छठी वरीयता प्राप्त जर्मन जोड़ी केविन क्राविएट्ज और टिम पुएट्ज को हराकर बाहर किया। इंडो-ब्राजीलियन जोड़ी ने रोलां गैरो के क्ले कोर्ट पर एक घंटे 25 मिनट में 7-5, 6-4 से जीत दर्ज की. यह टूर्नामेंट में उनकी लगातार तीसरी जीत थी।



### कालिनस्काया पहली बार क्वार्टर फाइनल में

महिला वर्ग में अन्ना कालिनस्काया ने एक जबरदस्त तीन-सेट के मुकाबले में अनास्तासिया पोतापवा के खिलाफ 6-4, 2-6, 7-6(7) से जीत दर्ज की। 2 घंटे 49 मिनट तक चले इस मुकाबले को जीतकर 27 वर्षीय रूसी खिलाड़ी ने अपने करियर में पहली बार फ्रेंच ओपन के क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है। इस जीत के साथ पोटापोवा के खिलाफ कालिनस्काया का हेड-टू-हेड रिकॉर्ड 3-0 हो गया है। वह अपने करियर के पांचवें क्ले-कोर्ट क्वार्टर-फाइनल में पहुंच गई हैं। 22वीं वरीयता प्राप्त कालिनस्काया का क्वार्टर फाइनल तक का यह सफर किसी ग्रैंड स्लैम में उनका दूसरा ही मौका है।

## फीफा वर्ल्ड कप को भारत में मिला ब्रॉडकास्टर, 'जी' पर होगा प्रसारण

**नई दिल्ली, जेएनएन।** फीफा वर्ल्ड कप 2026 को भी भारत में ब्रॉडकास्टर मिल गया है। एक नए स्पोर्ट्स चैनल पर फुटबॉल विश्व कप के मैचों का प्रसारण होगा। जी एंटरटेनमेंट एंटरप्राइजेस लिमिटेड ने सोमवार को फुटबॉल की विश्व संचालन संस्था फीफा के साथ आठ साल की भागीदारी की घोषणा की, जिसके अंतर्गत वह भारत में विश्व कप 2026 समेत फीफा के सभी मुकाबलों का प्रसारण करेगा। अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल संस्था फीफा के साथ हुए इस करार के तहत 'जी' फीफा के 39 वैश्विक फुटबॉल टूर्नामेंट का प्रसारण करेगा, जिनमें 11 जून 2026 से शुरू होने वाला फीफा विश्व कप भी शामिल है। भारतीय फुटबॉल प्रेमी जी के स्पोर्ट्स नेटवर्क पर और उसके स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म जी5 पर भी इन मैचों का लाइव कवरेज देख सकेंगे। एक संयुक्त बयान में कहा गया है कि जी एंटरटेनमेंट के पास भारतीय बाजार के लिए फीफा विश्व कप 2026, फीफा विश्व कप 2030, फीफा महिला विश्व कप 2027 के साथ 2034 तक के अन्य अहम फीफा टूर्नामेंट और डॉक्यू-सीरीज कंटेंट के मीडिया अधिकार होंगे। जी एंटरटेनमेंट के मुख्य कार्यकारी अधिकारी पुनीत गोयंका ने कहा कि हम दुनिया के सबसे बड़े खेल टूर्नामेंट में से एक को भारतीय दर्शकों तक पहुंचाने को लेकर बहुत उत्साहित हैं।



## नार्वे शतरंज टूर्नामेंटः भारत के चारों खिलाड़ियों को मिली हार

**ओस्लो, जेएनएन।** नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट में भाग ले रहे चारों भारतीय खिलाड़ियों का छठे दौर में प्रदर्शन निराशाजनक रहा और उन सभी को हार का सामना करना पड़ा। पिछले दौर में अच्छा प्रदर्शन करने वाले विश्व चैंपियन डी गुकेश अपना विजय अभियान जारी नहीं रख पाए, जबकि आर प्रज्ञाननंदा, दिव्या देशमुख और कोनेरू हम्पी भी हार गए। मौजूदा चैंपियन और विश्व के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन ने क्लासिकल में जीत दर्ज करके खुद को खिताब की दौड़ में शामिल कर दिया है। उन्होंने अलीरेजा फिरोजा को हराया। वेस्ली सो ने प्रज्ञाननंदा पर क्लासिकल गेम में जीत से पूरे तीन अंक हासिल करके अपने कुल अंकों की संख्या 11.5 पर पहुंचा दी है और वह एकल बढ़त पर पहुंच गए। प्रज्ञाननंदा इस हार के कारण छह खिलाड़ियों की तालिका में छह अंकों के साथ सबसे नीचे खिसक गए। विन्सेंट कीमर ने गुकेश (6.5 अंक) की गलतियों का फायदा उठाते हुए महत्वपूर्ण जीत हासिल की, जिससे उनके अंकों की संख्या आठ हो गई है। महिला वर्ग में विश्व कप विजेता दिव्या देशमुख (8.5 अंक) चीन की पांच बार की विश्व चैंपियन जू वेनजुन (8 अंक) से क्लासिकल बाजी में हार से दूसरे स्थान पर खिसक गईं।

## आईसीसी बोर्ड की बैठक में कई नियमों में बदलाव

# खराब रोशनी के प्रभाव को कम करने टेस्ट में पिंक बॉल की मंजूरी

जेएनएन, अहमदाबाद

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने खराब रोशनी के कारण खेल प्रभावित होने की स्थिति में टेस्ट मैचों में परीक्षण के आधार पर गुलाबी गेंद (पिंक बॉल) के इस्तेमाल और ड्रिंक्स ब्रेक के दौरान मुख्य कोच को मैदान पर जाकर खिलाड़ियों से चर्चा करने की अनुमति देने जैसे कई महत्वपूर्ण बदलावों को अपनी वार्षिक बैठक में मंजूरी दे दी।



अहमदाबाद में आयोजित दो दिवसीय बैठक में आईसीसी बोर्ड ने भ्रष्टाचार और प्रशासनिक अनियमितताओं के आरोपों के चलते क्रिकेट कनाडा की सदस्यता तत्काल प्रभाव से निलंबित करने का भी फैसला किया। इसके साथ ही बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) के चुनावों की निगरानी के लिए आईसीसी के वरिष्ठ अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। आईसीसी के बयान के अनुसार, दोनों टीमों की पूर्व सहमति से टेस्ट मैचों में गुलाबी गेंद के इस्तेमाल का परीक्षण किया जाएगा, ताकि खराब रोशनी की आशंका होने पर अधिक से अधिक खेल संभव हो सके। आईसीसी बोर्ड ने खराब रोशनी के कारण खेल का नुकसान कम करने के लिए मैच अधिकारियों और मैदानों में प्रकाश व्यवस्था से जुड़ी नई तकनीकों पर शोध को भी मंजूरी दी है। इस अनुसंधान एवं विकास परियोजना को आईसीसी और मेरिलबोन क्रिकेट क्लब (एमसीसी) संयुक्त रूप से वित्तपोषित करेंगे। ऐसा समझा जा रहा है कि खेल की इन शर्तों को लागू करने की प्रक्रिया 4 जून से इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के बीच होने वाली सीरीज़ के लिए समय पर तैयार नहीं हो पाएगी।

- मैच की शुरुआत पारंपरिक लाल गेंद से होगी, लेकिन यदि रोशनी कम हो जाती है, तो फ्लडलाइट्स की मदद से गुलाबी गेंद का इस्तेमाल कर उन ओवरों को पूरा कराया जा सकेगा, जो कम रोशनी के कारण प्रभावित होने वाली होगी। नियमों के तहत एक दिन में 90 ओवर फेंके जाते हैं। उदाहरण के तौर पर 75 ओवर लाल गेंद से खेले जाने के बाद रोशनी कम हो जाए और 15 ओवर बाकी हों, तो दोनों टीमों की पूर्व सहमति होने पर उन ओवरों को दुधिया रोशनी में पिंक बॉल से पूरा कराया जा सकेगा।

### ड्रिंक्स ब्रेक में हेड कोच मैदान पर जा सकेंगे

आईसीसी ने मुख्य कोच या उनके प्रतिनिधियों को निर्धारित ड्रिंक्स ब्रेक के दौरान मैदान पर जाकर खिलाड़ियों से रणनीतिक चर्चा करने की अनुमति दे दी है। टी-20 में टाइमआउट के दौरान कोचिंग स्टाफ के मैदान पर आने की व्यवस्था पहले से लागू है और अब इसी तरह की सुविधा टेस्ट क्रिकेट में भी उपलब्ध होगी। इसके अलावा टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 15 मिनट के अनिवार्य अतराल तथा खेल दोबारा शुरू होने पर बल्लेबाजों के तैयार रहने से जुड़े नियमों को भी मंजूरी दी गई है।

- अवैध गेंदबाजी एक्शन (चकिंग) पर प्रभावी निगरानी के लिए अब मैदानी अंपायरों को हॉक-आई डेटा तक पहुंच दी जाएगी। नए नियम के मुताबिक, अंपायर किसी गेंदबाज के एक्शन की रिपोर्ट करने पर विचार करते समय हॉक-आई आंकड़ों का उपयोग कर सकेंगे। आईसीसी बोर्ड ने लेग साइड वाइड से जुड़े परीक्षण नियम को स्थाई रूप से अपनाने की भी मंजूरी दे दी है। सभी नए खेल नियम एक अक्टूबर 2026 से लागू होंगे।
- आईसीसी ने महिला इमर्जिंग नेशंस ट्रॉफी 2026 के आयोजन को भी मंजूरी दी। इस 10 टीमों के टूर्नामेंट में पांच पूर्ण सदस्य और पांच एसोसिएट सदस्य देश हिस्सा लेंगे। टीमों का चयन रैंकिंग और महिला टी20 विश्व कप क्वालिफिकेशन प्रदर्शन के आधार पर किया जाएगा।

## सिटी स्पोर्ट्स

### तैराकीः कृतिक ने जीते दो गोल्ड सहित चार मेडल, अर्थ को भी दो स्वर्ण पदक



**भोपाल, खेप्र।** शहर के खिलाड़ियों का 54वीं राज्य स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन जारी है। रीवा में 2 जून तक आयोजित इस प्रतियोगिता में तीसरे दिन भोपाल के खिलाड़ियों ने आठ स्वर्ण, 4 रजत और 2 कांस्य पदक जीते। भोपाल के अब तक 17 स्वर्ण, 7 रजत और 9 कांस्य पदक हो गए हैं। भोपाल तैराकी संघ के सचिव रामकुमार खिलरानी ने बताया कि कृतिका श्रीवास्तव ने दो स्वर्ण व दो रजत सहित चार पदक जीते, जबकि अर्थ जैन ने दो स्वर्ण पदक अपनी झोली में डाले। कृतिका ने 200 मी. बटरफ्लाई और 200 मी. फ्रीस्टाइल में पहला स्थान प्राप्त किया, जबकि सीनियर वर्ग में 200 मी. बटरफ्लाई और 200 मी. फ्रीस्टाइल में दूसरे स्थान पर रहीं। अर्थ ने नए मीट रिकॉर्ड से 100 मीटर ब्रेस्टस्ट्रोक में पहला स्थान प्राप्त किया। वहीं सीनियर वर्ग में 100 मी. ब्रेस्टस्ट्रोक में स्वर्ण पदक जीता। इशिता परिहार ने सीनियर वर्ग 200 मी. फ्रीस्टाइल में स्वर्ण और 100 मी. ब्रेस्टस्ट्रोक में रजत पदक जीता। अन्वी खंडूरी ने 100 मीटर बैकस्ट्रोक में स्वर्ण, वाणी जैन ने 100 मी. बैकस्ट्रोक में रजत, अर्नव चौधरी ने 200 मी. फ्रीस्टाइल सीनियर में रजत व 50 मीटर बैकस्ट्रोक में कांस्य पदक जीता। दो स्वर्ण महिला रिले टीम ने जीते। वहीं 4×100 मीटर फ्रीस्टाइल बॉयज ग्रुप-बी में कांस्य आया।

### ईगल क्लब और जैन-11 की टीम जीती



**भोपाल, खेप्र।** ईगल क्लब ने भोपाल समर कैंप बेबी लीग फुटबॉल प्रतियोगिता में नाइटमेयर क्लब को 2-1 से परास्त किया। शहर के टीटी नगर स्टेडियम में खेली जा रही प्रतियोगिता के अंडर-20 वर्ग में ईगल क्लब के लिए नंदकिशोर और सुरेश मिश्रा ने एक-एक गोल दागा। वहीं नाइटमेयर के लिए एकमात्र गोल जुनैद ने किया। इसी आयु वर्ग के एक अन्य मैच में जैन-11 ने अफान क्लब को 1-0 से शिकस्त दी। जैन-11 के लिए प्रदुमन पाराशर ने गोल दागा, जो निर्णायक साबित हुआ।



### केवीएम को हराकर बिहार टाइगर्स चैंपियन

**भोपाल, खेप्र।** बिहार टाइगर्स ने केवीएम को हराकर लक्ष्मीपति बॉयज टी-10 टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट का खिताब जीता। फाइनल में बिहार टाइगर्स ने निर्धारित 10 ओवर में 95 रन का चुनौतीपूर्ण लक्ष्य रखा। जवाब में केवीएम 82 रन ही बना सकी। इससे पहले सेमीफाइनल में केवीएम ने कार्तिक-11 को सात विकेट से हराकर फाइनल में जगह बनाई थी, जबकि दूसरे सेमीफाइनल में बिहार टाइगर्स ने बाबू-11 को हराया था।

### एचएमजी कपः भविष्य के शतक से जीती सेंट माइकल अकादमी

**भोपाल, खेप्र।** प्लेयर ऑफ द मैच भविष्य त्यागी (नाबाद शतक व एक विकेट) के ऑल राउंड प्रदर्शन की मदद से सेंट माइकल क्रिकेट अकादमी ने एचएमजी कप इंटर क्लब/अकादमी अंडर-15 बॉयज लिमिटेड ओवर क्रिकेट टूर्नामेंट में उड़ान क्रिकेट अकादमी को सात विकेट से शिकस्त दी। मंगलवार को मयंक चतुर्वेदी और सिली पॉइंट क्रिकेट अकादमी के बीच मुकाबला खेला जाएगा। डीपीएस खेल मैदान पर पहले बल्लेबाजी करने उतरी उड़ान क्रिकेट अकादमी 48 ओवर में 277 रन पर सिमट गई। युग सिंह (64) ने अर्धशतक जड़ा, जबकि साई नमन ने 46 और अंश वर्मा ने 30 रन बनाए। सेंट माइकल क्रिकेट अकादमी के मानवेन्द्र सिंह और अदीब अली ने 3-3 विकेट लिए। भविष्य त्यागी को एक सफलता मिली। लक्ष्य का पीछा करने उतरी सेंट माइकल ने भविष्य (124*) के नाबाद शतक और उमेद खान (65*) के नाबाद अर्धशतक की बदौलत 48.5 ओवर में तीन विकेट खोकर मुकाबला जीत लिया। मानवेन्द्र ने 35 रन बनाए। उड़ान अकादमी के शिखर, त्रिशान श्रीवास्तव और साईं को एक-एक सफलता मिली।



## संक्षिप्त समाचार

सीएम शिवकुमार की अपील

### मुझे फूलों से एलर्जी है माला न पहनाएं



**बेंगलुरु, जेएनएन।** मुख्यमंत्री बनने से पहले डीके शिवकुमार ने 3 जून को शपथ ग्रहण समारोह से पहले पार्टी कार्यकर्ताओं और समर्थकों से संयम बरतने की अपील की है। उन्होंने खास तौर पर कहा कि उन्हें फूलों की मालाओं से एलर्जी है, इसलिए कोई उन्हें माला न पहनाए। वह कार्यकर्ताओं के उत्साह को समझते हैं, लेकिन समारोह को सीमित रखना जरूरी है। उन्होंने कहा कि समर्थक बाहर से भी समारोह देखें तो उन्हें कोई आपत्ति नहीं है, लेकिन भीड़ से बचना चाहिए। डीके शिवकुमार लंबे इंतजार के बाद कर्नाटक के मुख्यमंत्री बनने जा रहे हैं। शिवकुमार की ताजपोशी 3 जून को होगी। कर्नाटक के सीएम बनने जा रहे शिवकुमार के समर्थक जोश में है। डीके शिवकुमार ने कहा कि समारोह की व्यवस्थाएं सीमित रहेंगी और उन्होंने समर्थकों से सहयोग करने का आग्रह किया।

### भाजपा छोड़ नई पार्टी बनाएंगे अन्नामलाई



**चेन्नई, जेएनएन।** तमिलनाडु में नई पार्टी बनाने की चर्चाओं के बीच बीजेपी के फायरब्रांड लीडर अन्नामलाई दिल्ली के लिए रवाना हो गए हैं। सोमवार शाम को के. अन्नामलाई दिल्ली के रवाना हुए। विधानसभा चुनावों दो द्रविड़ दलों की हार और टीवीके की जीत के बाद के. अन्नामलाई द्वारा नई पार्टी बनाए जाने की संभावना है। बीजेपी ने तमिलनाडु में एआईएडीएमके के साथ लाने के लिए अन्नामलाई को प्रदेश अध्यक्ष के पद से हटा दिया था लेकिन बीजेपी राज्य में सिर्फ एक सीट जीत पाई। दिल्ली रवाना होने पर के. अन्नामलाई से पत्रकारों ने जब सवाल किया तो उन्होंने कहा कि वह दो दिन सभी जवाब देंगे। अन्नामलाई ने हाथ जोड़कर कहा कि प्लीज वेट । तमिलनाडु में बीजेपी के कमजोर प्रदर्शन के बाद ऐसा माना जा रहा था कि पार्टी के. अन्नामलाई को राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन की टीम में ले सकती है।

### मलेशिया में बच्चों के लिए सोशल मीडिया बैन

**कुआलालंपुर, जेएनएन।** बच्चों की ऑनलाइन सुरक्षा को लेकर दुनिया भर में चिंता बढ़ती जा रही है। इसी बीच मलेशिया ने एक बड़ा कदम उठाते हुए 16 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया अकाउंट रजिस्ट्रेशन पर रोक लगाने का फैसला किया है। नया नियम 1 जून 2026 से लागू हो गया है और इसके तहत सोशल मीडिया कंपनियों को यूजर्स की उम्र की जांच करना अनिवार्य होगा। मलेशिया के कम्युनिकेशंस एंड मल्टीमीडिया कमीशन के मुताबिक, अब फेसबुक, इंस्टाग्रामस टिकटॉक और यूट्यूब जैसे प्लेटफॉर्म्स को सरकारी रिकॉर्ड के आधार पर यूजर्स की उम्र वेरिफाई करनी होगी। अगर कोई कंपनी इन नियमों का पालन नहीं करती है, तो उस पर 2.5 मिलियन डॉलर तक का जुर्माना लगाया जा सकता है। मलेशिया का यह फैसला ऐसे समय में आया है जब दुनिया के कई देश बच्चों के सोशल मीडिया उपयोग को लेकर नए नियम बना रहे हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि सोशल मीडिया का अत्यधिक उपयोग बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य, पढ़ाई और सामाजिक व्यवहार पर असर डाल सकता है।



## कोलकाता में अस्थिर हुई लियोनेल मेस्सी की 70 फीट ऊंची मूर्ति हटाई

**कोलकाता, जेएनएन।** पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता के लेक टाउन में लगी अर्जेंटीना के फुटबॉल स्टार लियोनेल मेसी की 70 फुट ऊंची मूर्ति को सोमवार को हटा दिया गया है। यह मूर्ति हाल ही में आई आंधी-तूफान के बाद अस्थिर हो गई थी और गिरने का खतरा बन गई थी। पब्लिक वर्क्स डिपार्टमेंट (पीडब्ल्यूडी) ने हाइड्रोलिक क्रेन की मदद से इसे ट्रक पर लोड करके हटाया। दिसंबर 2024 में यह मूर्ति लगाई गई थी। जब मेसी कोलकाता आए थे, तब उन्होंने खुद रिमोट कंट्रोल से इस मूर्ति का उद्घाटन किया था। यह मूर्ति लेक टाउन इलाके में लगाई गई थी और इसे लेकर काफी धूमधाम थी। लेकिन कुछ दिन पहले जब आंधी-तूफान आया तो इलाके के लोगों ने देखा कि यह मूर्ति हिल रही है। लोगों ने लेक टाउन पुलिस स्टेशन में शिकायत की। पुलिस और पीडब्ल्यूडी के अधिकारी मौके पर पहुंचे और जांच की। जांच के बाद ठेकेदार ने बताया कि मूर्ति की नींव के बोल्ट में खराबी आ गई है। उसने साफ चेतावनी दी कि यह ढांचा खतरनाक है और कभी भी गिर सकता है। इसके बाद सोमवार को पीडब्ल्यूडी ने यह मूर्ति हटाने का फैसला लिया। इसे कहां दोबारा लगाया जाएगा, इस बारे में कोई आधिकारिक ऐलान नहीं हुआ है। अफवाहें यह हैं कि इसे रवींद्र सरोवर या इको पार्क में लगाया जा सकता है, लेकिन राज्य सरकार का अंतिम फैसला अभी आना बाकी है।

सोनारपुर में पीड़ित टीएमसी कार्यकर्ताओं से मिलने पहुंचे

# अभिषेक बनर्जी लोकसभा स्पीकर से करेंगे हमले की शिकायत



**कोलकाता, जेएनएन।** तृणमूल कांग्रेस के महासचिव और सांसद अभिषेक बनर्जी पर बंगाल के सोनारपुर में हमला हुआ इसके बाद से बंगाल की सियासत गरम है। एक ओर विपक्ष की सभी पार्टियां ममता बनर्जी के साथ आ गई हैं और इस आरोप के पीछे बीजेपी का हाथ बताया है। वहीं बीजेपी ने इसे 15 साल की सत्ता के दौरान टीएमसी के किए कामों का नतीजा बताया है। सूत्रों के हवाले से बताया कि अभिषेक बनर्जी खुद पर हुए हमले की शिकायत लोकसभा स्पीकर ओम बिरला से करेंगे। इसके अलावा वह इस मामले में अदालत का रुख भी करेंगे, जहां वो औपचारिक रूप से शिकायत दर्ज कराएंगे। उन्होंने अपने ऊपर हुए हमले को लेकर बीजेपी पर गंभीर आरोप लगाए हैं। सोनारपुर में पीड़ित टीएमस कार्यकर्ताओं से मिलने गए अभिषेक बनर्जी ने आरोप लगाया कि वो राजनीतिक हिंसा का शिकार हुए हैं और उन्होंने इस घटना के लिए बीजेपी को जिम्मेदार ठहाया है।

### टीएमसी विधायकों को तोड़ने के लिए धमकी दी जा रही: ममता

ममता बनर्जी ने बीजेपी पर पार्टी तोड़ने का आरोप लगाया है। उन्होंने आरोप लगाया है कि पुलिस टीएमसी विधायकों को पार्टी मीटिंग में जाने से रोक रही है और धमकी दे रही है। ममता बनर्जी ने कहा, विधायकों को टीएमसी तोड़ने के लिए धमकी दी जा रही है। आज आपका अच्छा समय है, तभी आप ये कर रहे हो। विधायकों को मेरी मीटिंग में न आने की धमकी दी जा रही है। मेरे चुने हुए चार विधायकों ने कल शिकायत की है कि मीटिंग में आने से पहले पुलिस ने उन्हें फोन पर धमकाया।



### संदीपन साहा और रितब्रत बनर्जी को किया निष्कासित

टीएमसी ने अपने दो विधायकों, रितब्रत बनर्जी और संदीपन साहा को पार्टी से निष्कासित कर दिया है। यह कार्रवाई मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी की उस प्रेस कॉन्फ्रेंस के तुरंत बाद हुई है, जिसमें उन्होंने दावा किया था कि विधानसभा में कथित हस्ताक्षर जालसाजी मामले की सीआईडी जांच इन्हीं दोनों टीएमसी विधायकों की ओर से विधानसभा अध्यक्ष को दी गई औपचारिक शिकायत के आधार पर शुरू की गई थी।

### शुभेंदु कैबिनेट का विस्तार, 35 मंत्रियों ने ली शपथ



पश्चिम बंगाल में सोमवार को सरकार का पहला मंत्रिमंडल विस्तार हुआ। लोकभवन में हुए कार्यक्रम में राज्यपाल आरएन रवि ने 35 नए मंत्रियों को शपथ दिलाई। सीएम शुभेंदु अधिकारी भी कार्यक्रम में मौजूद रहे। 13 नेताओं को कैबिनेट मंत्री, 3 को राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) और 19 को राज्य मंत्री बनाया गया। इस विस्तार के साथ बंगाल में मंत्रिपरिषद की मंत्रियों की संख्या 41 हो गई है। इससे पहले 9 मई को शुभेंदु अधिकारी ने मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी। उनके साथ दिलीप घोष, अग्निमित्रा पॉल, निशीथ प्रमाणिक, अशोक कीर्तनिया और क्षुदीराम टुडू ने भी मंत्री पद की शपथ ली थी।

**लिमिट 44 की, सरकार में होंगे 41 मंत्री:** संविधान के 91वें संशोधन के अनुसार, राज्य मंत्रिमंडल में विधायकों की संख्या विधानसभा की कुल संख्या के 15 प्रतिशत तक सीमित है। पश्चिम बंगाल में 294 विधायक हैं, इसलिए मंत्रिमंडल में अधिकतम 44 मंत्री हो सकते हैं। सोमवार के शपथ ग्रहण के बाद कैबिनेट में 41 मंत्री हो गए हैं। तय सीमा के आधार पर 3 मंत्री और बनाए जा सकते हैं। रिपोर्ट्स में कहा जा रहा है कि फिलहाल यह 3 पद खाली ही रहेंगे।

# ईरानी हमलों से 20 अमेरिकी सैन्य ठिकाने हुए क्षतिग्रस्त

## अरब क्षेत्र में अमेरिका की सैन्य बढ़त को चुनौती

### अरब देशों में अमेरिकी एयरबेस, मिसाइल रक्षा प्रणाली और लड़ाकू विमानों को भारी नुकसान

**वॉशिंगटन/तेहरान, जेएनएन।** अमेरिका और ईरान के बीच पिछले तीन महीनों से जारी सैन्य संघर्ष के दौरान ईरान ने मध्य-पूर्व में स्थित कम से कम 20 अमेरिकी सैन्य ठिकानों को नुकसान पहुंचाया है। यह दावा सैटेलाइट तस्वीरों, वीडियो और सैन्य विशेषज्ञों के विश्लेषण के आधार पर सामने आया है। इन हमलों से अमेरिकी सेना के अत्याधुनिक मिसाइल रक्षा सिस्टम, निगरानी विमान, ईंधन भंडारण केंद्र, रडार और संचार उपकरण प्रभावित हुए हैं। विश्लेषकों का मानना है कि ईरान के जवाबी हमले अमेरिकी प्रशासन द्वारा सार्वजनिक रूप से स्वीकार किए गए नुकसान से कहीं अधिक व्यापक और सटीक रहे हैं।

**आठ देशों में फैले अमेरिकी ठिकाने बने निशाना:** जांच के अनुसार ईरान ने फरवरी के अंत से अब तक सऊदी अरब, यूएई, कतर, कुवैत, इराक, जॉर्डन, बहरीन और ओमान में स्थित अमेरिकी या साझा सैन्य सुविधाओं को निशाना बनाया है। ये हमले अमेरिका और इजराइल द्वारा ईरान तथा लेबनान में की गई सैन्य कार्रवाइयों के जवाब में किए गए। अमेरिकी रक्षा मंत्रालय के अनुसार उसने ऑपरेशन एपिक फ्यूरी के तहत अब तक ईरान में 13 हजार से अधिक लक्ष्यों पर हमला किया है।




### अरब क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था को झटका

सबसे महत्वपूर्ण नुकसान अमेरिका की अत्याधुनिक मिसाइल रक्षा प्रणाली (टर्मिनल हाई एल्टीट्यूड एरिया डिफेंस) को हुआ है। यूएई के अल रुवैस और अल सादेर एयरबेस तथा जॉर्डन के मुवाफ्फक सल्ती एयरबेस पर तैनात तीन थाड बैटरियां हमलों में क्षतिग्रस्त हुई हैं। थाड दुनिया की सबसे उन्नत एंटी-बैलिस्टिक मिसाइल रक्षा प्रणालियों में गिनी जाती है। अमेरिका के पास ऐसी केवल आठ बैटरियां हैं, जिनकी कीमत लगभग एक अरब डॉलर प्रति यूनिट बताई जाती है। प्रत्येक बैटरी को संचालित करने के लिए करीब 100 सैनिकों की आवश्यकता होती है और इससे दागी जाने वाली प्रत्येक इंटरसेप्टर मिसाइल की कीमत लगभग 1.27 करोड़ डॉलर होती है। आयरलैंड के पूर्व रक्षा प्रमुख वाइस एडमिरल मार्क मेललेट ने कहा कि यह क्षेत्रीय सुरक्षा नेटवर्क का अत्यंत महत्वपूर्ण हिस्सा है और इसे जल्दी बदला नहीं जा सकता। उनके अनुसार इन प्रणालियों को हुए नुकसान का असर पूरे खाड़ी क्षेत्र की सुरक्षा पर पड़ सकता है।

सीबीआईसी कॉपी चेकिंग मामला

# राहुल का आरोप- मोबाइल से स्कैन हुई 18 लाख आंसर सीट



**नई दिल्ली, जेएनएन।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी 12वीं की कॉपियों की चेकिंग में हुई गड़बड़ियों को लेकर लगातार सरकार और सीबीएसई पर हमला बोल रहे हैं। उन्होंने एक और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स एक्स पर पोस्ट कर सरकार और सीबीएसई पर गंभीर आरोप लगाए हैं। राहुल गांधी का दावा है कि करीब 18.5 लाख छात्रों की भविष्य के साथ खिलवाड़ करते हुए उनकी आंसर शीट को मोबाइल फोन से स्कैन किया गया था। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान पर निशाना साधते हुए कहा कि पीएम के पास आमों पर बात करने का वक्त है, लेकिन इन बच्चों के लिए नहीं। शिक्षा मंत्री अभी भी पद पर बने हुए हैं, और पीएम की चुप्पी इस अपराध में उनकी मिलीभगत का सबूत है। राहुल गांधी के मुताबिक, मई 2025 में जारी सीबीएसई के मूल टेंडर में साफ लिखा था कि कॉपियों को बिना बाइंडिंग नुकसान पहुंचाए ऑटोमैटिक रोबोटिक स्कैनर से कम से कम 300 डीपीआई रिजोल्यूशन पर स्कैन किया जाएगा. लेकिन अगस्त में दोबारा जारी टेंडर में इन शर्तों को चुपचाप बदल दिया गया।

फिलिस्तीनी मुद्दे पर कायम

### इजरायल डे परेड में नहीं पहुंचे मेयर ममदानी



**न्यूयार्क, जेएनएन।** साल 1948 में फिलिस्तीनियों की जमीन पर इजरायली नामक एक यहूदी देश की स्थापना की गई। इस देश की स्थापना में अमेरिका, यूरोप और यूनाइटेड नेशन ने बड़ा योगदान रहा। इजरायल की स्थापना के खुशी में हर साल 31 मई को अमेरिका के न्यूयॉर्क शहर में इजरायल डे परेड मनाया जाता है। इस आयोजन में न्यूयॉर्क शहर के मेयर, गवर्नर और दूसरे राजनीतिक नेता शामिल होते हैं। लेकिन इस साल के इजरायल डे परेड प्रोग्राम में न्यूयॉर्क शहर के पहले मुस्लिम मेयर जोहरान ममदानी ने हिस्सा नहीं लिया है।

**नीट पेपर लीक केस:** 3 आरोपी 15 तक हिरासत में

# 21 जून को पेन-पेपर मोड में ही कराएं री-एग्जाम: सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली, जेएनएन।** सोमवार को सुप्रीम कोर्ट ने नीट री-एग्जाम को कंप्यूटर बेस्ड टेस्ट (सीबीटी) मोड में कराने की मांग खारिज कर दी। अदालत ने स्पष्ट किया कि परीक्षा पहले की तरह पेन-पेपर मोड में ही आयोजित होगी। जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जस्टिस अरविंद कुमार की पीठ राष्ट्रीय जनता दल सांसद सुधाकर सिंह की याचिका पर सुनवाई कर रही थी। याचिकाकर्ता की ओर से दलील दी गई कि पेपर लीक जैसी घटनाओं को रोकने के लिए परीक्षा को पूरी तरह कंप्यूटर आधारित बनाया जाना चाहिए, लेकिन अदालत ने इस मांग को स्वीकार नहीं किया। इधर, मामले में




गिरफ्तार डॉ मनोज शिरुरे, हर्षदकुमार शाह और मनीषा हवालदार को सोमवार को दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट में पेश किया गया। सुनवाई के बाद अदालत ने तीनों आरोपियों को 15 जून तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया। देशभर में नीट परीक्षा 3 मई को आयोजित की गई थी। 7 मई की शाम पेपर लीक की खबरें सामने आने के बाद विवाद शुरू हुआ।

### भारतवंशी की शादी के दिन हेलीकॉप्टर क्रैश में मौत



**जॉर्जिया, जेएनएन।** अमेरिका के जॉर्जिया में शादी के कुछ घंटों बाद भारतीय मूल के पायलट की हेलिकॉप्टर हादसे में मौत हो गई। उनकी पत्नी घायल हो गईं और करीब 6 घंटे तक मलबे में फंसी रहीं। डेव फिजी और जेस्नी की शादी 29 मई को डॉसनविल के द रिवेरे वेडिंग वेन्यू में हुई थी। समारोह में करीब 400 मेहमान शामिल हुए थे। नवविवाहित जोड़ा शादी के बाद हेलिकॉप्टर से अटलांटा के लिए रवाना हुआ था, लेकिन उड़ान भरने के कुछ ही देर बाद हेलिकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। अमेरिका की नेशनल ट्रांसपोर्टेशन सेफ्टी बोर्ड इस मामले की जांच कर रही है। हालांकि, एजेंसी ने अभी तक दुर्घटना की वजह नहीं बताई है।

## आलिया से अनबन केवल अफवाह: बॉबी देओल

बॉबी देओल जल्द ही आलिया भट्ट के साथ यश राज प्रोडक्शन की फर्स्ट फीमेल लीड स्पाई यूनिवर्स की फिल्म अल्फा में नजर आने वाले हैं। बीते लंबे समय से चर्चा है कि अल्फा की शूटिंग के बीच बॉबी देओल और आलिया भट्ट में अनबन हो गई है। हालांकि अब बॉबी देओल ने इन खबरों पर चुप्पी तोड़ते हुए इसे अफवाह करार दिया है। बॉबी देओल की फिल्म बंदर जल्द ही रिलीज होने वाली है। इससे पहले वो रजत शर्मा के शो आप की अदालत में पहुंचे थे। शो में रजत ने उनसे अल्फा के सेट पर हुई आलिया भट्ट से अनबन की खबरों पर सवाल किया, तो बॉबी ने कहा, मुझे भी किसी दोस्त ने भेजा था उस खबर का स्नेपशॉट, मैं भी हैरान था। लोग इतने वेल्ले हैं कि कुछ भी लिखकर बना देते हैं। आगे बॉबी ने कहा, 'मैंने अभी रणबीर के साथ फिल्म की, फिर मुझे जब पता चला कि मुझे आलिया के साथ एक फिल्म मिली है, तो मैंने सोचा कि ये हो क्या रहा है।



**संकट** चीनी मौसम विज्ञान केंद्र ने प्रशांत महासागर में तीव्र अल नीनो की पुष्टि की

# महंगाई का नया का संकट अलनीनो

**बीजिंग, जेएनएन।** चीन के मौसम वैज्ञानिकों ने पुष्टि की है कि प्रशांत महासागर में अल नीनो का प्रभाव तेजी से बढ़ रहा है। यह मौसमी बदलाव इस साल की शरद ऋतु और सर्दियों में अपने चरम पर होगा। इस चेतावनी ने दक्षिण एशिया, खासकर भारत की चिंता बढ़ा दी है। भारत अपनी जरूरत का 70 प्रतिशत पानी जून से सितंबर के मॉनसून से पाता है। अल नीनो के कारण इस बार मॉनसून के कमजोर रहने की पूरी आशंका है। मौसम विभाग ने पहले ही चेतावनी दी है कि इस बार बारिश सामान्य से काफी कम हो सकती है। खेती और पानी के संकट को लेकर देश में अभी से अलर्ट जैसी स्थिति बन गई है। अल नीनो प्रशांत महासागर के पानी के गर्म होने की एक प्राकृतिक घटना है। चीन के नेशनल क्लाइमेट सेंटर के मुताबिक इस साल मई से ही प्रशांत महासागर के तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है। वैज्ञानिकों का कहना है कि सितंबर तक वहां का तापमान सामान्य से 2 से 2.5 डिग्री सेल्सियस तक ज्यादा हो सकता है।




### चीन में बाढ़ और भारत में सूखे की स्थिति बनेगी

यह स्थिति एक बेहद शक्तिशाली अल नीनो का संकेत देती है। चीन के मौसम विभाग के डिप्टी डायरेक्टर गाओ रोंग ने बताया कि इसके असर से गर्मियों और सर्दियों के मौसम में भारी गड़बड़ी होगी। इस वजह से चीन में बाढ़ और भारत जैसे पड़ोसी देशों में सूखे की गंभीर स्थिति बन सकती है। भारत में खेती पूरी तरह से मॉनसूनी बारिश पर निर्भर करती है। अल नीनो के एक्टिव होते ही भारत में आने वाली मानसूनी हवाएं कमजोर पड़ जाती हैं। इतिहास गवाह है कि भारत में जब भी बड़ा सूखा पड़ा है, उसके पीछे अल नीनो का ही हाथ रहा है। उदाहरण के लिए साल 2015 में आए अल नीनो की वजह से भारत में 14 प्रतिशत कम बारिश हुई थी। इस बार भी हालात कुछ वैसे ही नजर आ रहे हैं। भारतीय मौसम विभाग ने अपने ताजा अनुमान में देश में केवल 90 प्रतिशत बारिश होने की बात कही है। इसे मौसम की भाषा में 'बिलो नॉर्मल' या सामान्य से कम माना जाता है।

### बढ़ेगा महंगाई का संकट

अगर देश में बारिश उम्मीद से 8 प्रतिशत या उससे कम होती है, तो इसका सीधा असर खरीफ की फसलों पर पड़ेगा। धान, मक्का और दलहन जैसी फसलों का उत्पादन घट सकता है। जब फसलों की पैदावार कम होगी, तो बाजार में अनाज और सब्जियों के दाम बढ़ेंगे। इससे देश में महंगाई का संकट और गहरा हो सकता है। इसके अलावा नदियों और जलाशयों में पानी का स्तर गिरने से आने वाले समय में पीने के पानी की भी किल्लत हो सकती है।

### बिजली का संकट भी खड़ा होगा?

अल नीनो का असर सिर्फ खेतों तक सीमित नहीं रहेगा। गर्मी बढ़ने से देश में बिजली की मांग रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच जाएगी। चीन में अभी से ही बिजली ग्रिड पर दबाव दिखने लगा है, जहां पावर लोड कई बार अपने तय आंकड़े को पार कर चुका है। भारत में भी कम बारिश के कारण हाइड्रोपावर यानी जल विद्युत का उत्पादन कम हो जाएगा। ऐसी स्थिति में देश को बिजली की कमी से निपटने के लिए कोयले और दूसरे साधनों पर ज्यादा निर्भर होना पड़ेगा।

दैनिक जागरण वर्गीकृत

जागरण क्लासीफाइड
डबल धमाका
हमारा वादा, कम में ज्यादा
एक के साथ एक फ्री स्कीम
रनिंग क्लासीफाइड के साथ
भोपाल संस्करण ₹300/-
संपूर्ण म.प्र. संस्करण ₹500/-
विज्ञापन बुकिंग हेतु संपर्क करें
9826065324
डिस्प्ले क्लासीफाइड ₹50/- per sqcm.
Email : advtbhopaljagran@gmail.com

अण्डा
BHOPAL EGG
RATE 555/-
Rate Suggested by RS Agro P.I.P.L. and Associated Poultry farmers.

सलाह
पाठकों को सलाह दी जाती है कि किसी भी विज्ञापन पर कार्रवाई करने से पूर्व आवश्यक/सम्पूर्ण जानकारी कर लेवें। यह समाचार पत्र विज्ञापनदाता द्वारा किये गये किसी भी प्रकार के दावे/प्रस्तुतीकरण के लिए जिम्मेदार नहीं है। -व्यवस्थापक





### "ट्वीट ऑफ द डे"



**ओम प्रकाश राजभर**
कैबिनेट मंत्री, उप्र

राजनीति जनता के बीच रहकर और उनकी समस्याओं को समझकर की जाती है, न कि एसी कमरों में बैठकर ट्विटर चलाने और बयानबाजी करने से। अपर्णा यादव वर्तमान में भाजपा सरकार में उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष हैं। विपक्ष केवल भ्रम फैलाने का प्रयास कर रहा है। समाजवादी पार्टी के भीतर की खींचतान और तानाशाही ही उसके पतन का कारण बनेगी। अलग-अलग क्षेत्रों में अलग-अलग प्रदर्शन इस बात का संकेत हैं कि पार्टी के भीतर सब कुछ ठीक नहीं है।

# प्री मानसून: इंदौर में बवंडर, देवास में आंधी और सतना-बैतूल में तेज बारिश

### एमपी के कई जिलों में छाए बादल भोपाल के तापमान में लगातार गिरावट

### 10 जून तक ऐसा ही मौसम रहने का अनुमान, लोकल सिस्टम करा रहा वर्षा

**नगर संवाददाता, भोपाल।** मप्र में प्री मानसून एक्टिविटी जारी हैं। सोमवार को जहां कई जिलों में बादल छाए रहे, वहीं इंदौर और देवास में धूल भरी आंधी चली। इंदौर में इसका रूप बवंडर जैसा था और देवास में धूल का गुबार हवा में देखने को मिला। मौसम केंद्र भोपाल से मिली जानकारी अनुसार इंदौर में हवा की गति 50 से 60 किलो मीटर प्रति घंटा रही। यहां दोपहर के समय तेज हवा के कारण आसमान में बवंडर बन गया। जबकि देवास में धूल भरी आंधी ने लोगों को घरों में कैद कर दिया। सड़कों पर चलने वालों लोगों को साइड किनारे खड़ा होना पड़ा। जिस समय इंदौर व देवास में आंधी का दौर था, ठीक उसी समय बैतूल व सतना में बारिश हो रही थी। दोनों ही शहरों में एक इंच के करीब बारिश दर्ज की गई है।

**पेड़ और बिजली के पोल गिरे, टॉवर झुका:** जानकारी अनुसार इंदौर में धूल भरी आंधी चलने से वार्ड नंबर 20 में सरकारी स्कूल के पास बिजली का पोल और पेड़ गिर पड़े। इससे एक कार को नुकसान पहुंचा। राऊ में बीच सड़क पर बड़ा होर्डिंग गिर गया। इससे दोनों तरफ का ट्रैफिक रुक गया। महू में बायपास पर धूल भरी आंधी से ड्राइवरों को खासी परेशानी हुई। धार नाका इलाके में तेज हवा की वजह से पेड़ गिर गया। गोशाला में भागवत कथा समापन के दौरान भंडारे का टेंट उड़ गया। सामान भी बिखर गया। देवास में आंधी के चलते कई पेड़ गिर गए। खंभे झुकने से बिजली सप्लाई बंद हो गई। मकानों के टीनशेड उड़ गए। माता टेकरी की लाइटें क्षतिग्रस्त हो गईं। रूपा खेड़ी के पास मेरठी कांकड़ में दीवार गिरने से एक परिवार के सात लोग घायल हो गए। आगर-मालवा में आंधी से हार्डवेयर दुकान का शटर उखड़ गया। शाजापुर के अकोदिया मंडी में खुले में रखी उपज पूरी तरह भीग गई। पोलाय खुर्द में सड़कों और गलियों में पानी भर गया। मक्सी के पास सिरोलिया गांव में बीएसएनएल का टावर टेढ़ा होकर झुक गया।



मप्र में प्री मानसून एक्टिविटी जारी हैं। इसके तहत सोमवार को कई शहरों में तेज हवाओं के साथ ही आसमान पर बादलों का डेरा देखा गया। वहीं कई जगह तेज बारिश भी हुई। इससे भीषण गर्मी के कारण लोगों ने राहत महसूस की है। फोटोः एचसी वर्मा

#### एक सप्ताह लेट हो सकता है मानसून

मध्य प्रदेश में मानसून आने की सामान्य तिथि 15 जून मानी जाती है। पिछले साल ये एक दिन लेट 16 जून को मध्य प्रदेश पहुंचा था। इस बार मानसून अभी तक केरल नहीं पहुंचा है। आमतौर पर केरल में प्रवेश के लगभग 15 दिन बाद मानसून मध्य प्रदेश पहुंचता है। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार, इस वर्ष प्रदेश में मानसून 20 से 22 जून के बीच दस्तक दे सकता है।

#### चक्रवात और पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय

मानसून बंगाल की खाड़ी में अटका है, तो फिर मप्र के कई जिलों में बारिश कैसे शुरू हो गई। इस सवाल का जवाब हमें भोपाल मौसम केंद्र के ऑब्जर्वर निसार खान ने दिया। उन्होंने बताया कि वर्तमान में प्री मानसून एक्टिविटी जारी हैं। इसके अलावा मप्र के ऊपर चार साईक्लोन और एक पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय है। चक्रवात के कारण लोकल सिस्टम बारिश करा रहा है। जबकि पश्चिमी विक्षोभ के कारण अत्यंत तेज गति से हवा चल रही है। इसका असर 5 जून तक रहने की संभावना है।

#### सभी जिलों का पारा गिरा, गर्मी से राहत

आंधी, बारिश और हवा के कारण प्रदेश में गर्मी कम हो गई है। सोमवार को प्रदेश के सभी जिलों में अधिकतम तापमान गिरा। प्रदेश का औसत तापमान 38 डिग्री के आस पास रहा। इससे लोगों को गर्मी से राहत मिली। भोपाल में 37.6 डिग्री, इंदौर में 38.1 डिग्री, ग्वालियर में 35.9 डिग्री, उज्जैन में 38.5 डिग्री और जबलपुर में 38.6 डिग्री पारा रहा। वहीं, दतिया में 34.4 डिग्री, पचमढ़ी में 33.6 डिग्री, गुना में 33.8 डिग्री और खंडवा में सबसे कम 32.9 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया।

## मानसून 2-3 दिन में केरलम पहुंचेगा, देशभर में हीटवेव खत्म

**नई दिल्ली, जेएनएन।** मौसम विभाग ने कहा है कि दक्षिण-पश्चिम मानसून अगले 2 से 3 दिनों में केरल पहुंच सकता है। आमतौर पर मानसून 1 जून के आसपास केरल पहुंचता है, लेकिन इस बार इसमें थोड़ी देरी हुई है। अरब सागर, लक्षद्वीप, केरल और तमिलनाडु के कुछ हिस्सों में मानसून के आगे बढ़ने के लिए मौसम अनुकूल है। बंगाल की खाड़ी के कई इलाकों में भी मानसून आगे बढ़ सकता है।

मौसम विभाग ने पहले अनुमान लगाया था कि मानसून 26 मई को केरल पहुंचेगा, लेकिन बाद में इसकी रफ्तार धीमी पड़ गई। अब इसके जून के पहले सप्ताह में पहुंचने की संभावना है।

देशभर में फिलहाल हीटवेव का असर खत्म हो गया है। मौसम विभाग ने कहा है कि इस साल देश में मानसून के दौरान सामान्य से कम बारिश होने की संभावना है। पूरे सीजन में बारिश लॉन्ग पीरियड एवरेज का लगभग 90 फीसदी रहने का अनुमान है।

# हाथियों ने सोते समय बुजुर्ग दंपती को कुचला

### सीधी में देर रात कच्चे मकान पर हमला



**जागरण, सीधी।** जिले की ग्राम पंचायत गाजर के चिनगी गांव में हाथियों धमाचौकड़ी देखने को मिली है। हाथियों के हमले में एक वृद्ध दंपती की मौत हो गई। जंगली हाथियों के झुंड ने कच्चे मकान को घेर लिया और उसमें सो रहे भैयालाल यादव 60 वर्ष और उनकी पत्नी तिलिया यादव 58 वर्ष पर हमला कर दिया। हाथियों ने मकान तोड़ते हुए दोनों को कुचल दिया, जिससे उनकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद गांव में तनाव है। बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर एकत्र हो गए हैं और शवों को उठाने से इंकार कर रहे हैं। उनका आरोप है कि यह हादसा प्रशासनिक लापरवाही का नतीजा है। दरअसल घटना रविवार-सोमवार की दरमियानी रात 2 बजे की है। ग्रामीणों का कहना है कि गांव के कई परिवारों को वन क्षेत्र से विस्थापित किया गया था, लेकिन भैयालाल यादव के परिवार सहित 40 लोगों को विस्थापन योजना का लाभ नहीं मिला। इस कारण पूरा गांव खाली नहीं हो पाया और लोग आज भी हाथियों के खतरे के बीच रहने को मजबूर हैं। ग्रामीणों ने विस्थापन के संबंध में प्रशासन और एसडीएम कार्यालय में कई बार आवेदन दिए थे, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। उचित मुआवजा न मिलने से कई परिवार विस्थापन के लिए तैयार नहीं हुए। पहले विस्थापन पैकेज की राशि 10 लाख प्रति व्यक्ति थी, जिसे लगभग एक वर्ष पूर्व बढ़ाकर 15 लाख रुपए कर दिया गया था।

#### पुलिस और राजस्व विभाग की टीम पहुंची

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और राजस्व विभाग की टीम मौके पर पहुंची। हालांकि, ग्रामीणों का आक्रोश बढ़ता जा रहा है और वे विस्थापन नीति तथा मुआवजे को लेकर जवाब मांग रहे हैं। एसडीएम शैलेश कुमार द्विवेदी ने बताया कि घटना की जानकारी मिलते ही वे मौके के लिए रवाना हो गए हैं। उन्होंने कहा कि पूरे मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## संक्षिप्त खबरें

### जुलाई से नियमित होगी त्रिवेन्द्रम एक्सप्रेस

**जागरण, ग्वालियर।** भारतीय रेलवे ने लंबे समय से विशेष ट्रेन के रूप में संचालित हो रही हबीबगंज-त्रिवेंद्रम एक्सप्रेस को नियमित ट्रेन का दर्जा दे दिया है। रेलवे के इस फैसले से ग्वालियर-झांसी रूट सहित मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश और दक्षिण भारत के बीच रेल संपर्क और मजबूत होगा। अभी तक यह ट्रेन 07363/07364 नंबर के साथ विशेष सेवा के रूप में संचालित हो रही थी। जुलाई से इसका संचालन 17363/17364 नंबर के साथ नियमित ट्रेन के रूप में किया जाएगा। रेलवे अधिकारियों के अनुसार यात्रियों की बढ़ती संख्या, ट्रेन की उपयोगिता और लंबे समय से की जा रही मांग को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है। हबीबगंज से इस ट्रेन का नियमित संचालन 6 जुलाई से शुरू होगा, जबकि त्रिवेंद्रम से यह ट्रेन 9 जुलाई से नियमित रूप से चलेगी।

### इंदौर में एमडी ड्रग्स के साथ 2 तस्कर गिरफ्तार

**जागरण, इंदौर।** शहर में नशे के कारोबार के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत क्राइम ब्रांच को बड़ी सफलता मिली है। टीम ने 30.02 ग्राम एमडी ड्रग्स के साथ दो अंतर-जिला तस्करों को गिरफ्तार किया है। बरामद मादक पदार्थ की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 3 लाख रुपए बताई जा रही है। दरअसल क्राइम ब्रांच को गश्त के दौरान सूचना मिली थी कि स्कीम नंबर 134 स्थित फरीदाबाग कब्रिस्तान के पास पानी की टंकी के नजदीक दो संदिग्ध युवक नशीले पदार्थ की बिक्री के लिए ग्राहक तलाश रहे हैं। टीम मौके पर पहुंची तो दोनों युवक पुलिस को देखकर घबराने लगे। घेराबंदी कर उन्हें पकड़ लिया गया। आरोपियों ने अपने नाम सरफराज उर्फ शब्बु और अमन उर्फ सलमान बताए। स्वतंत्र गवाहों की मौजूदगी में तलाशी लेने पर सरफराज के पास से 15.10 ग्राम और अमन के पास से 14.92 ग्राम एमडी ड्रग्स बरामद हुई।

## चलती ट्रेन पकड़ने की कोशिश में गिरी महिला, दोनों पैर कटे

**जागरण, इटारसी।** सोमवार सुबह इटारसी रेलवे जंक्शन पर एक बड़ा हादसा हो गया। प्लेटफॉर्म नंबर-4 पर चलती ट्रेन में चढ़ने की कोशिश के दौरान 25 वर्षीय महिला अपने तीन साल के बेटे के साथ ट्रेन और प्लेटफॉर्म के बीच गिर गई। हादसे में महिला के दोनों पैर कट गए, जबकि बच्चे को मामूली चोटें आई हैं। घटना के बाद प्लेटफॉर्म पर मौजूद यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई। गंभीर हालत में महिला एवं बच्चे को इलाज के लिए तत्काल निजी ऑटो से शासकीय अस्पताल पहुंचाया गया।

**घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है:** जानकारी के मुताबिक, जबलपुर जिले के बिलपुरा मड़ाई निवासी अंजलि कश्यप तीन वर्षीय बेटे के साथ गाड़ी संख्या 22187 रानी कमलापति-अधारताल इंटरसिटी



सुपरफास्ट एक्सप्रेस से यात्रा कर रही थीं। सोमवार सुबह ट्रेन के इटारसी स्टेशन से रवाना होने के दौरान उन्होंने चलती ट्रेन में चढ़ने का प्रयास किया। इसी दौरान संतुलन बिगड़ गया और वह बच्चे समेत ट्रेन तथा प्लेटफॉर्म के बीच जा गिरीं। सहयात्रियों ने तत्काल अलार्म चेन पुलिंग (एसीपी) कर ट्रेन रुकवाई और रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) को सूचना दी। सूचना मिलते ही एएसआई विक्रम सिंह, जसवंत सिंह, राजेश कुमार और नवाब सिंह मौके पर पहुंचे।

## दो मासूम बच्चों की कुएं में डूबने से मौत

**जागरण, शहडोल।** जिले के पपौंध थाना क्षेत्र से बेहद हृदयविदारक खबर सामने आई है। यहां बरा बघेलहा गांव में घर के पास खेल रहे दो मासूम बच्चों की कुएं में डूबने से दर्दनाक मौत हो गई। रिश्ते में ये दोनों मासूम सगे चाचा और भतीजे थे, जिनकी उम्र महज 4-4 वर्ष थी। इस खौफनाक हादसे ने पूरे इलाके को स्तब्ध कर दिया है। दरअसल दिल को झकझोर देने वाली यह घटना पपौंध थाना क्षेत्र के बरा बघेलहा गांव की है। जानकारी के मुताबिक 4 वर्षीय किशन कोल चाचा और उसका 4 वर्षीय भतीजा सत्यम कोल घर के आंगन के पास खेल रहे थे। खेलते-खेलते दोनों बच्चे वहां स्थित कुएं के बिल्कुल नजदीक पहुंच गए। आशंका जताई जा रही है कि खेलते समय अचानक दोनों मासूमों का पैर फिसल गया और वे पानी से भरे गहरे कुएं में जा गिरे। काफी देर तक जब बच्चों की आवाज नहीं आई तो परिजनों ने उनकी तलाश शुरू की। जब कुएं में देखा गया तो दोनों के शव पानी में तैर रहे थे।

#### खेलते-खेलते कुएं में समा गए दोनों






**बदलाव** | जेन जी ने बदले घूमने के नियम, ट्रेंड नहीं, व्यक्तिगत अनुभव है प्राथमिकता

# एक लंबी छुट्टी नहीं, कई छोटी यात्राएं पसंद

**नई दि ली, जेएनएन।** भारत की नई पीढ़ी, खासकर जेनरेशन-जेड (जेन जी), यात्रा को देखने और जीने का तरीका तेजी से बदल रही है। अब यात्रा केवल छुट्टियां मनाने या लोकप्रिय पर्यटन स्थलों को देखने का माध्यम नहीं रह गई है, बल्कि यह आत्म-अभिव्यक्ति, व्यक्तिगत पहचान और नए अनुभवों की तलाश का जरिया बन गई है। एयरबीएनबी की नई रिपोर्ट 'नेवर द सेमः द न्यू रूल्स ऑफ जेन जी ट्रेवल इन इंडिया' में यह खुलासा हुआ है कि भारत के युवा पारंपरिक यात्रा संस्कृति से अलग एक नई यात्रा संस्कृति विकसित कर रहे हैं।

रिपोर्ट के अनुसार, आज का जेन जी साल में एक बड़ी और लंबी छुट्टी की बजाय कई छोटी और सहज यात्राओं को प्राथमिकता दे रहा है। युवाओं के लिए अब यात्रा का अर्थ ज्यादा जगहें देखना नहीं, बल्कि खुद को बेहतर तरीके से महसूस करना और नए अनुभवों से जुड़ना है।

दशकों तक भारतीय परिवारों में साल में एक बार लंबी छुट्टी पर जाने की परंपरा रही है। महीनों पहले योजना बनती थी, बजट तय होता था और पूरा कार्यक्रम पहले से तय रहता था। लेकिन जेन जी ने इस सोच को बदल दिया है।

रिपोर्ट बताती है कि 10 में से 7 युवा एक लंबी वार्षिक छुट्टी की जगह तीन छोटी यात्राएं करना पसंद करते हैं। वहीं 87 प्रतिशत युवा एक सप्ताह से कम अवधि वाली यात्राओं को प्राथमिकता देते हैं। एयरबीएनबी के आंकड़ों के मुताबिक भारतीय जेन जी द्वारा गर्मियों के दौरान की गई यात्रा खोजों में साल-दर-साल 30 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई है।

#### यात्रा बन रही है पहचान का माध्यम

रिपोर्ट का सबसे महत्वपूर्ण निष्कर्ष यह है कि आज के युवा अपनी यात्रा को अपनी पहचान का हिस्सा मानते हैं।

**87 प्रतिशत** युवाओं का कहना है कि वे जिस तरह यात्रा करते हैं, वह उनके व्यक्तित्व को दर्शाता है।

**92 प्रतिशत** प्रतिभागियों ने कहा कि उनके लिए यह महत्वपूर्ण है कि उनका गंतव्य और ठहरने की जगह उनकी व्यक्तिगत पसंद को प्रतिबिंबित करे, न कि केवल लोकप्रिय या ट्रेंडिंग विकल्प हो।

**95 प्रतिशत** युवाओं ने कहा कि वे ऐसी यात्रा चाहते हैं जो व्यक्तिगत और अनूठी हो, न कि पहले से तय और सामान्य।



**90 प्रतिशत** युवा उन जगहों को तलाशना पसंद करते हैं जो सोशल मीडिया पर वायरल नहीं हुई हैं या जिन्हें बड़े पैमाने पर प्रचारित नहीं किया गया है।

#### अचानक बनने वाले ट्रिप प्लान

नई पीढ़ी के लिए यात्रा अब महीनों पहले बनाई गई योजना नहीं, बल्कि जीवन की परिस्थितियों पर त्वरित प्रतिक्रिया बन गई है। तनाव, छुट्टी वाला सप्ताहांत या दोस्तों का अचानक बना कार्यक्रम- इनमें से कोई भी कारण यात्रा की शुरुआत बन सकता है। रिपोर्ट के अनुसार 66 प्रतिशत युवा अपनी यात्रा की बुकिंग यात्रा से कुछ दिन या कुछ सप्ताह पहले ही करते हैं। वहीं 67 प्रतिशत युवाओं का कहना है कि उनकी कोई भी दो यात्राएं एक जैसी नहीं रही हैं।


मुद्रक एवं प्रकाशक **राजीव मोहन गुप्त** द्वारा जागरण पब्लिकेशन्स प्रा. लि. हेतु 'दैनिक जागरण प्रेस' 33, जागरण भवन, प्रेस काम्पलेक्स, जोन-1, एम.पी. नगर, भोपाल, मध्यप्रदेश -462011 (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। आर.एन.आई. नं. 1573/57, पंजीयन संख्या 7 म.प्र., **संस्थापक : स्व. गुरुदेव गुप्त,** संपादक : **राजीव मोहन गुप्त,** स्थानीय संपादक : **हरिमोहन गुप्त** फोन : **कार्या. :** 0755-6723200 **E-mail :** modemdj@gmail.com।